* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

18 मार्च, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 147

ओड़िशा में जल्द नियुक्त होंगे 5822 डॉक्टर



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## आय से अधिक संपत्ति की जांच के मामले में झारखंड हाइकोर्ट का फैसला

# बाउरी, नीलकंठ, रणधीर, लुइस और नीरा यादव के खिलाफ पीआइएल बंद

## हाइकोर्ट के आदेश का एसीबी जांच पर नहीं होगा कोई असर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रघुवर सरकार के पांच मंत्रियों अमर कुमार बाउरी, रणधीर सिंह, नीरा यादव, लुइस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की सीबीआइ जांच की मांग को लेकर जनहित याचिका झारखंड हाइकोर्ट ने खारिज कर दी है। यह याचिका पंकज यादव ने दायर की थी। अदालत ने कहा है कि इस मामले की जांच एसीबी कर रही है। इसलिए यह जनहित का मामला नहीं बनता है। ये सभी 2014-19 के दौरान रघुवर दास सरकार में मंत्री थे।

**2020 में दायर की गयी थी याचिका:** वर्ष 2020 में सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार यादव ने जनहित याचिका दायर कर पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह पर आय से अधिक संपत्ति रखने का आरोप लगाते हुए सीबीआइ से जांच की मांग की थी।



### क्या हुआ हाइकोर्ट में

उधर हाइकोर्ट में याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को सुना। इसके बाद खंडपीठ ने याचिका निष्पादित करते हुए मामले को बंद करने का आदेश पारित किया। खंडपीठ ने कहा कि यह जनहित का मामला प्रतीत नहीं होता है, क्योंकि एसीबी पहले से ही मामले की जांच कर रही है। ऐसे में सुनवाई की अब जरूरत नहीं है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। उन्होंने खंडपीठ को बताया कि एसीबी ने मामले पीइ दर्ज की है और जांच कर रही है।

**एसीबी ने शिकायत को सही पाया था :** इसी बीच, यह मामला राज्य सरकार के संज्ञान में भी आया। जुलाई 2023 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कैबिनेट ने पांच पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी जांच के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके बाद एसीबी ने पूर्व मंत्रियों के खिलाफ जांच की और पंकज यादव की शिकायत को सही पाया। एसीबी ने इस मामले में पीइ दर्ज कर पूर्व मंत्रियों और शिकायतकर्ता को नोटिस भी भेजा था।

**लुइस अभी झामुमो की विधायक हैं:** बतातें चलें कि अमर कुमार बाउरी, रणधीर सिंह, नीरा यादव, लुइस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा रघुवर सरकार में 2014 से 2019 तक कैबिनेट मंत्री थे। वीते विधानसभा चुनाव में बाउरी, रणधीर और नीलकंठ चुनाव हार गये हैं। वहीं, नीरा यादव भाजपा से विधायक हैं, जबकि लुइस मरांडी चुनाव से पहले भाजपा छोड़ कर झामुमो शामिल हो गयी थीं। वह वर्तमान में झामुमो की विधायक हैं।

# होली बाद विधानसभा का बजट सत्र आज से शुरू

27 मार्च तक चलेगा सत्र, विभागवार बजट होंगे पारित

आजाद सिपाही संवददाता

**रांची।** होली की छुट्टी के बाद झारखंड विधानसभा का बजट सत्र फिर से मंगलवार से शुरू हो रहा है। इस दौरान प्रश्नकाल, शून्यकाल के साथ-साथ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर विभागवार चर्चा होगी और बजट पारित कराया जायेगा। विधानसभा के बजट सत्र की बाकी बची कार्यवाही के दौरान सत्तारूढ़ गठबंधन और मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच तनातनी के आसार दिखने लगे हैं। सदन में नेता प्रतिपक्ष का चयन होने के बाद से भाजपा का रुख जरा बदला-बदला है। विधायकों ने भी सरकार को विभिन्न विषयों पर घेरना आरंभ किया है। वहीं, सरकार भी हर सवाल का जवाब देते हुए पलटवार को तैयार है।

बताते चलें कि झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हुआ था। सरकार ने 3 मार्च को सदन में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया था। जिस पर विभागवार चर्चा जारी है। अब सदन में प्रतिदिन विभिन्न विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा और



पारित कराने का सिलसिला जारी है। सरकार बाकी बचे विभागों के अनुदान मांग को भी सदनमें चर्चा के बाद पारित करायेगी।

खास बात है कि विधि व्यवस्था के प्रति विपक्ष की नाराजगी का असर 11 मार्च की सुबह दिख गयी थी, जब कुख्यात गैंगस्टर अमन साव पलामू में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। फिलहाल भाजपा के पास दो बड़े मुद्दे हैं। एक है होली के दिन गिरिडीह के घोड़थंबा में होली जुलूस पर पथराव, आगजनी और हिंसा हुई थी। कई दुकानों और गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया था। इस मामले को 14 मार्च से ही भाजपा मुखरता के साथ उठा रही है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इसके अलावा भी कई अन्य मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी है। वहीं, सरकार ने भी विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने की तैयारी की है। सरकार का फोकस बजट को पारित कराने के साथ-साथ विधेयकों को पारित कराने पर होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी मंत्रियों को पूरी तैयारी के साथ सदन में आने के लिए कहा है। सरकार विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने के लिए तैयार रहेगी।

## न्यूज रील्स

### चंद्रयान-5 मिशन को केंद्र की मंजूरी

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन ने बताया कि केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। वे बेंगलुरु में इसरो चीफ का पदभार संभालने के बाद एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि अभी तीन दिन पहले ही हमें चंद्रयान-5 मिशन के लिए मंजूरी मिली है। इसमें जापान हमारा सहयोगी होगा। चंद्रयान-3 मिशन के लिए 25 किलोग्राम का रोवर (प्रज्ञान) ले जाया गया था, जबकि चंद्रयान-5 मिशन चंद्रमा की सतह का अध्ययन करने के लिए 250 किलोग्राम वजनी रोवर ले जायेगा। नारायणन ने कहा कि 2027 में लांच होने वाले चंद्रयान-4 मिशन का मकसद चंद्रमा की मिट्टी के नमूने लाना है। वहीं, गगनयान सहित कई मिशनों के अलावा अंतरिक्ष में भारत का अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने की योजनाओं पर काम चल रहा है।

### रायपुर में कांस्टेबल ने एएसआइ पर दागी 18 गोलियां, मौत

रायपुर। रायपुर के मुड़ीपार स्थित भारत तिब्बत सीमा सुरक्षा बल (आइटीबीपी) की 38वीं बटालियन कैंप में एक कांस्टेबल ने इंसास राइफल से एएसआइ की गोली मारकर हत्या कर दी। कांस्टेबल ने एएसआइ के माथे पर पहली गोली और सीने पर 15 गोलियां उतारी, जबकि 2 गोलियां इधर-उधर चलायीं। वारदात सुबह 9 बजे की है। सुबह की परेड के दौरान एएसआइ देवेंद्र सिंह दहिया के डांटने से गुस्से में आकर आरक्षक सरोज कुमार ने फायरिंग की। वारदात की जानकारी मिलने पर खरोरा पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

## चाइबासा: पुआल के ढेर में लगी आग

# चार बच्चे जिंदा जले



खेल-खेल में हुआ हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला के गीतिलिपि गांव से बेहद दर्दनाक खबर सामने आयी है। पुआल में आग लगने की वजह से उसमें खेल रहे चार बच्चे जिंदा जल गये। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 11:00 बजे चारों बच्चे घर में पुआल (खरी) के ढेर में खेल रहे थे। उस दौरान अज्ञात कारणों से पुआल में आग लग गयी। आग इतनी तेजी से फैली की बच्चे बाहर नहीं निकल पाये। उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गयी।

स्थानीय ग्रामीण और पुलिस की सहयोग से बच्चों के शवों को निकाला गया। चाइबासा के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि बच्चों की मौत को लेकर पुलिस पूरी तरह से संवेदनशील है। आग लगने के कारणों की जांच फिलहाल जारी है। वहीं, घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सीबीआइ पर आरोप: कोलकाता

# रेप-मर्डर केस की सही जांच नहीं की

सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ित परिवार को कलकत्ता हाइकोर्ट में याचिका दायर करने की अनुमति दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए पीड़ित के अभिभावकों को कलकत्ता हाइकोर्ट में याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। परिवार की मांग है कि, इस मामले में सीबीआइ ने सही से जांच नहीं की। याचिका में मुख्य आरोपी संजय रॉय के अलावा अन्य आरोपियों के शामिल होने का पता लगाने के लिए आगे की जांच की मांग की गयी।

पीड़ित के पिता ने कहा कि हमने हाइकोर्ट में याचिका दायर



करके 54 सवाल पूछे हैं। अदालत को उन सवालों के जवाब देने हैं, ताकि मेरी बेटी को न्याय मिले। मेरी बेटी के रेप और मर्डर में कई लोग शामिल हैं। सबूतों से छेड़छाड़ में कई लोग शामिल हैं। पुलिस ने जांच के लिए डॉग स्क्वॉड को बुलाया था, लेकिन हमें अभी तक इसकी कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट करुणा नंदी ने पीड़ित पक्ष की ओर से बात रखी, जबकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सीबीआइ की ओर से पेश हुए।

बताते चलें कि सियालदह कोर्ट में केस का ट्रायल 12 नवंबर 2024 को शुरू हुआ था, इसके 57 दिन बाद संजय को दोषी करार दिया गया। परिवार ने कहा था कि सीबीआइ जांच से संतुष्ट नहीं हैं। नये सिरे से जांच चाहते हैं। 20 जनवरी को सेशंस कोर्ट ने संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। कोर्ट ने कहा कि यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है, इसलिए फांसी की सजा नहीं दे सकते।

## औरंगजेब कब्र विवाद

# नागपुर में पथराव-आगजनी

वीएचपी ने औरंगजेब का पुतला फूंका, इसके बाद हिंसा भड़की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नागपुर/मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर (पहले औरंगाबाद) में स्थित औरंगजेब की कब्र हटाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने महाराष्ट्र सरकार से इसे जल्द हटाने की मांग की है। विवाद के बीच कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। इसबीच औरंगजेब कब्र विवाद में महाराष्ट्र के नागपुर के महाल इलाके में सोमवार शाम दो पक्षों में हिंसा हो गयी। विश्व हिंदू परिषद ने सोमवार शाम औरंगजेब का पुतला फूंका था, इसके बाद हिंसा भड़क गयी। अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान अफवाह फैली कि आंदोलनकारियों ने एक धार्मिक पुस्तक जलायी है। जिससे दो पक्षों में पथराव हुआ। कई गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी भी हुई है। पुलिस ने बवाल कर रहे लोगों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े हैं। घटना में चार लोग घायल हुए हैं। विश्व हिंदू परिषद महाराष्ट्र और गोवा के क्षेत्रीय मंत्री गोविंद शेंडे ने औरंगजेब की कब्र को गुलामी का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने छत्रपति संभाजी महाराज को मारने से पहले 40 दिनों तक यातना दी थी। ऐसे क्रूर शासक का निशान क्यों रहना चाहिए। उधर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एक कार्यक्रम में कहा कि क्रूर औरंगजेब के बर्बर विचारों का महिमामंडन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उस विचार को वहीं कुचल दिया जायेगा।

# कांग्रेस-टीएमसी का राज्यसभा से वॉकआउट

डुप्लीकेट वोटर आइडी पर चर्चा नहीं होने से नाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद में बजट सत्र के दूसरे फेज का सोमवार को चौथा दिन था। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों के 10 सांसदों ने सदन की कार्यवाही रोकने और डुप्लीकेट वोटर आइडी पर चर्चा की मांग की। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इससे इनकार कर दिया। इसके विरोध में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने राज्यसभा से वॉकआउट किया।

उधर, लोकसभा में महाराष्ट्र से कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने लोकसभा में रेल मंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब कोई सार्वजनिक उपक्रम वेंटिलेटर पर हो, तब इंस्टाग्राम रील बनाने से कुछ नहीं होता। यह सरकार के खराब प्रबंधन का असर है। वर्षा गायकवाड़ अनुदान की मांगों पर चर्चा में हिस्सा ले रही थीं। उन्होंने ये भी कहा कि दावा किया जाता है कि रेल बजट में अभूतपूर्व बदलाव किये गये, जबकि ये गलत है। सच ये है कि ये फेल बजट है। मौजूदा सरकार यही नैरेटिव बनाने की कोशिश करती है कि हर विकास 2014 के बाद हुआ। जबकि तथ्य ये हैं कि पब्लिक सेक्टर के उपक्रम खराब स्थिति में हैं।



### वक्फ संशोधन विधेयक ईद के बाद संसद में पेश होगा

नयी दिल्ली। वक्फ संशोधन बिल ईद के बाद मौजूदा बजट सत्र में पेश किया जा सकता है। ये सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार का कहना है कि ईद के बाद इस बिल को संसद में चर्चा के लिए लाया जायेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 21 मार्च को लोकसभा में गिलोटिन लाया जायेगा, जिससे बिना चर्चा के बचे हुए मंत्रालयों की अनुदान मांगों को पारित किया जा सके। इसके बाद वित्त विधेयक पारित कराया जायेगा। इधर, सोमवार को वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इसमें एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच हुए अहम समझौते

## आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता दोहरायी

मोदी और लक्सन की मौजूदगी में हुए समझौते

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच सोमवार को नयी दिल्ली में कई अहम समझौते हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने संयुक्त रुप से मीडिया से भी रूबरू हुए। उन्होंने बताया गया कि दोनों देशों ने रक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत बनाने का फैसला किया है। इसके अलावा दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

प्रधानमंत्री मोदी और लक्सन दिल्ली में दोनों देशों के बीच हुए



कई समझौतों के साक्षी बने। न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मैं पीएम लक्सन और उनके मंत्रिमंडल का भारत में स्वागत करता हूं। पीएम लक्सन भारत से जुड़े हुए हैं। हमने देखा कि उन्होंने हाल ही में होली कैसे मनायी। हमें खुशी है कि उनके जैसा युवा नेता रायसीना डायलॉग 2025 में हमारे मुख्य अतिथि हैं। मोदी ने कहा कि अवैध प्रवास के मुद्दे से निपटने के लिए भारत और न्यूजीलैंड के बीच आपस में एक समझौता तैयार करने के लिए काम किया जायेगा।

समोझैते पर चर्चा करते हुए साझा बयान में कहा गया कि दोनों देशों ने रक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत बनाने का फैसला किया है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रक्षा उद्योगों में आपसी सहयोग का खाका तैयार किया जायेगा। पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर बातचीत शुरू करने का निर्णय भी लिया गया है। साझा बयान में कहा गया कि चाहे 2019 का क्राइस्टचर्च हमला हो या 2008 का मुंबई हमला, आतंकवाद किसी भी रूप में अस्वीकार्य है। दोनों देशों ने कहा है कि आतंकवादी, अलगाववादी और कट्टरपंथी तत्वों के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करना जारी रखेंगे।




सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 82,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 104,000 रु./प्रति किलो |



# बिहार में राजद-कांग्रेस के बीच 'कन्हैया' का कांटा

## ■ लालू-तेजस्वी की नाराजगी के बाद इंडी गठबंधन के भविष्य पर संशय

## ■ कांग्रेस आलाकमान भी अब खुल कर बैटिंग करने की तैयारी में जुटा

## ■ कन्हैया कुमार को लेकर गठबंधन के दूसरे घटक भी सहज नहीं दिख रहे

**बिहार में इस साल के अंत में होनेवाले विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू हो गयी है। राज्य का चुनावी परिदृश्य अब तक तो सीधे मुकाबले की तरफ इशारा कर रहा है, लेकिन हाल के दिनों में इंडी गठबंधन के दो सबसे बड़े घटक, राजद और कांग्रेस के बीच में पैदा हुई दरार से यह परिदृश्य बदल भी सकता है। असल में बिहार में इंडी गठबंधन, जिसे महागठबंधन भी कहा जाता है, में कांग्रेस अब राजद से ज्यादा सक्रिय भूमिका निभा रही है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो बार बिहार का दौरा कर चुके हैं और दलित राजनीति पर केंद्रित कार्यक्रमों में शामिल हुए हैं। कांग्रेस ने अपने प्रभारी कृष्णा अल्लवरु को बिहार में रहने और नियमित रूप से रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है। पार्टी ने कन्हैया कुमार के नेतृत्व में 16 मार्च से बिहार में युवाओं को जोड़ने के लिए 'नौकरी दो, पलायन रोको यात्रा' शुरू की है। कांग्रेस की सक्रियता से राजद के भीतर खलबली देखी जा रही है। लालू-तेजस्वी ने कन्हैया कुमार को बिहार में सक्रिय करने पर आपत्ति जतायी है और राहुल गांधी को यह जानकारी भी दे दी है। समझा जा रहा है कि कन्हैया कुमार ही वह 'कांटा' हैं, जो राजद और कांग्रेस के रिश्तों की चादर को तार-तार कर रहा है। कन्हैया के प्रति राजद का रवैया और कांग्रेस, खास कर राहुल गांधी का उन पर भरोसा ही टकराव की जमीन तैयार कर रहा है। ऐसे में बिहार का चुनाव सीधे मुकाबले से त्रिकोणीय हो जाये, तो बहुत अधिक आश्चर्य नहीं होना चाहिए। क्या है कन्हैया कुमार को लेकर बिहार में राजद और कांग्रेस के बीच तल्खी और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

बिहार में आठ महीने के बाद विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन सियासी दांव और समीकरण अभी से सेट किये जाने लगे हैं। प्रदेश में अपने खोये जनाधार को वापस पाने के लिए कांग्रेस पार्टी अब किसी पर निर्भर रहने की बजाय आत्मनिर्भर बनने की कवायद में है। इसके लिए पार्टी ने अपनी यूथ बटालियन यानी कन्हैया कुमार और कृष्णा अल्लावुरु को मैदान में उतार दिया है। कन्हैया कुमार ने भी रविवार 16 मार्च से 'नौकरी दो, पलायन रोको यात्रा' शुरू कर दी है। यात्रा का मकसद युवाओं को पार्टी से जोड़ने का है, लेकिन यह पदयात्रा पार्टी को फायदा पहुंचाने की बजाय नुकसान भी पहुंचा सकती है। सियासी जानकारों का तो यह भी कहना है कि कन्हैया कुमार की पदयात्रा कहीं कांग्रेस पार्टी को पैदल ना कर दे।

दरअसल, बिहार में कांग्रेस पार्टी अभी तक राजद के पीछे खड़े होकर राजनीति कर रही थी। लेकिन राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जब से राहुल गांधी को इंडी ब्लॉक की कप्तानी से हटाने की सिफारिश की, तभी से दोनों दलों के बीच काफी मनमुटाव देखने को मिल रहा है। इस मुद्दे पर दलों के बीच काफी तीखी बयानबाजी देखने को मिल चुकी है। इस दौरान राहुल गांधी दो बार बिहार आये और दोनों बार लालू परिवार से मुलाकात की, लेकिन दोनों बार राजद को फंसाने वाले बयान देकर वापस गये। अब राजद को जवाब देने के लिए ही कांग्रेस पार्टी ने कन्हैया कुमार को बिहार में उतारा है। वैसे भी लालू परिवार के दबाव में ही कन्हैया कुमार को दिल्ली ट्रांसफर किया गया था।

### राजद को कन्हैया पर है आपत्ति

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कन्हैया कुमार को बिहार में सक्रिय करने से राजद नाराज हो गया है। लालू-तेजस्वी की तरफ से राहुल गांधी को इसका संदेश भी दिया जा चुका है। बताया जाता है कि पहले राहुल गांधी चंपारण से कन्हैया कुमार की यात्रा को रवाना करने आनेवाले थे, लेकिन लालू-तेजस्वी की नाराजगी ने उनके कदम रोक दिये। इसलिए कहा जा रहा है कि कांग्रेस द्वारा कन्हैया को सक्रिय करना पार्टी को फायदा की जगह नुकसान भी पहुंचा सकता है। सियासी जानकारों का कहना है कि कन्हैया कुमार के आने से बिहार कांग्रेस भी दो खेमों में बंट गयी है। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, कन्हैया कुमार, पप्पू यादव अभी एक कैंप में हैं और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह दूसरे कैंप में। अखिलेश प्रसाद का गुट राजद से रिश्ता रखने के समर्थन में है, जबकि कन्हैया कुमार का गुट अब 'एकला चलो' की नीति पर काम करना चाहता है। बिहार में कांग्रेस पार्टी 90 के दशक से राजद के सहारे ही राजनीति कर रही है। अब अचानक से राजद से अलग होकर चुनावी मैदान में कूदना उसके लिए खुदकुशी के बराबर होगा।



### यदि रिश्ता टूटा, तो क्या होगा

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि यदि कांग्रेस और राजद का रिश्ता कन्हैया के कारण टूटा, तो फिर बिहार में क्या होगा। इसका जवाब यही है कि नया समीकरण बनेगा। अकेले अपने दम पर लड़कर जीतना बिहार में किसी दल के लिए आसान नहीं है। प्रशांत किशोर जिस वोट बैंक के आधार पर राजनीति कर रहे हैं, कांग्रेस का आधार भी अकेले होने पर वही होगा। ऐसे में इन दोनों के बीच एक समीकरण पनप सकता है। वहीं दूसरी ओर कन्हैया कुमार तो अपनी पदयात्रा के पहले बयान में ही घिर गये हैं। वह नौकरी-रोजगार पर बोलते-बोलते अचानक से हनीमून की बातें करने लगे। पदयात्रा में एनडीए सरकार पर हमला करते हुए कन्हैया कुमार ने कहा कि यहां की जनता को न केवल शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए बाहर जाना पड़ता है, बल्कि हनीमून मनाने तक के लिए भी दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता है। चूंकि कांग्रेस पार्टी कन्हैया कुमार को प्रमोट कर रही है, तो उनकी हर बात में 'बाल की खाल' निकाली जायेगी, इतनी समझ तो कन्हैया कुमार को होनी ही चाहिए।

### क्यों कन्हैया से नाराज हैं लालू-तेजस्वी

अब कन्हैया कुमार को लेकर लालू-तेजस्वी की नाराजगी के कारणों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। लालू-तेजस्वी का मानना है कि कन्हैया को यदि बिहार में स्थापित किया गया, तो वह राजद की जातीय गोलबंदी वाली राजनीति को खत्म कर देंगे। इतना ही नहीं, तेजस्वी के लिए वह बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं। इसलिए उन्हें बिहार से बाहर ही रखना अच्छा है। कन्हैया कुमार राजद के इन दोनों नेताओं के बारे में खुल कर तो कुछ नहीं कहते, लेकिन राजनीतिक जानकार कहते हैं कि उनके कदम कांग्रेस के लिए शुभ तो नहीं ही हो सकते। इसके अलावा कहा जा रहा है कि कन्हैया कुमार कांग्रेस के जिस पलायन और बेरोजगारी के मुद्दे को उठा रहे हैं, कमोबेश तेजस्वी का भी यही कोर मुद्दा है। ऐसे में इन दो युवा नेताओं के टकराव में सियासी परिदृश्य कैसा होगा, इसका अंदाजा बखूबी लगाया जा सकता है।

### कांग्रेस से नाराजगी के दूसरे कारण

कन्हैया के अलावा राजद की कांग्रेस से नाराजगी के दूसरे कारण भी हैं। कहा जा रहा है कि कांग्रेस को पता चला है कि बिहार के कुछ नेता राजद के करीब हैं। गुजरात दौरे के दौरान राहुल गांधी ने भाजपा के साथ सहयोग करने वाले कांग्रेस नेताओं की पहचान कर उन्हें हटाने का जिक्र किया था। उन्होंने पार्टी के कुछ सदस्यों को आगे करने और अन्य को दरकिनार करने की भी बात कही थी। कांग्रेस अब राजद खेमे में जवाबी हमले की तैयारी कर रही है और इसे लेकर राजद में खलबली है।

---

# मैट्रिक पेपर लीक मामला : कोडरमा पुलिस पहुंची गिरिडीह, तिसरी बीडीओ समेत तीन से पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** मैट्रिक परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच कर रहे कोडरमा एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह सोमवार को एक बार फिर गिरिडीह पहुंचे हैं। यहां एसडीपीओ ने तिसरी के बीडीओ मनीष से पूछताछ की है। बीडीओ के अलावा गिरिडीह शहर स्थित स्ट्रांग रूम के प्रभारी और यहां तैनात सुरक्षा अधिकारी से भी पूछताछ की गयी है। तीनों से समाहरणालय में ही पूछताछ की गयी है। बताया जाता है कि इसके बाद उन 10 शिक्षकों से पूछताछ की जायेगी जो स्ट्रांग रूम में तैनात थे। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को एसडीपीओ ने स्ट्रांग रूम के प्रभारी से मजदूरों को लगाने, प्रश्नपत्र उतारने से लेकर उसे सीरियल नंबर के साथ कमरे के अंदर रखने तक की पूरी प्रक्रिया के बारे में पूछताछ की है। बीडीओ से यह भी पूछा गया कि वे किस दिन प्रश्नपत्र लेने आये थे, उन्हें कैसे पता नहीं चला कि प्रश्नपत्र रिसीव करने से लेकर बैंक में जमा करने तक बंडल फटा हुआ था। जबकि स्ट्रांग रूम में तैनात पुलिस अधिकारी से भी कई बिंदुओं पर पूछताछ की गयी है।



### क्या है मामला

यहां बता दें कि जैक द्वारा ली जा रही मैट्रिक परीक्षा का प्रश्नपत्र वायरल हो गया था। परीक्षा के दौरान जब अंग्रेजी और हिंदी के वायरल प्रश्नपत्र का मिलान किया गया तो यह स्पष्ट हो गया कि प्रश्नपत्र लीक हुआ है। इसके बाद जैक ने गिरिडीह और कोडरमा में एसआइटी का गठन किया। एसआइटी के गठन के कुछ ही घंटों के अंदर कोडरमा एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह की टीम तह तक पहुंच गयी। फिर गिरिडीह से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद यह स्पष्ट हो गया कि मैट्रिक परीक्षा का प्रश्नपत्र गिरिडीह के स्ट्रांग रूम से चोरी हुआ था। यहां यह भी पता चला कि जिस बंडल से प्रश्नपत्र गायब हुआ था, उसे तिसरी बीडीओ अपने साथ लेकर गये थे और प्रश्नपत्र का उक्त बंडल फिर तिसरी स्थित अग्रवाल प्लस टू हाइस्कूल में पहुंचा था। कोडरमा एसडीपीओ ने बताया कि अभी जांच जारी है। कई बिंदुओं पर जवाब की तलाश की जा रही है।

# बाबूलाल, अर्जुन मुंडा, संजय सेठ और प्रदीप वर्मा समेत 18 भाजपा नेताओं को राहत

## हाइकोर्ट ने दिया युवा आक्रोश रैली के बाद दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने का आदेश

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट से नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, सांसद दीपक प्रकाश, सांसद ढुल्लू महतो, प्रतुल शाहदेव समेत भाजपा के 18 नेताओं को राहत मिल गयी है। हाइकोर्ट ने मोरहाबादी में भाजपा के कार्यक्रम के दौरान पुलिस के साथ झड़प मामले में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आदेश दिया है। बताते चलें कि वर्ष 2024 में भाजपा ने आक्रोश रैली का आयोजन किया था। इस रैली के दौरान भाजपा नेताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। भाजपा नेताओं के खिलाफ लालपुर थाने में विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। आरोपियों के खिलाफ उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकारी निर्देशों का उल्लंघन, सरकारी काम में बाधा डालने समेत अन्य धाराएं लगायी गयी थीं। मामले को लेकर नेताओं ने झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट में सुनवाई के बाद लालपुर थाने में दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने का आदेश दिया।



प्रदर्शन का फाइल फोटो

# 18 लाख महिलाओं के साथ झारखंड सरकार ने किया विश्वासघात, भाजपा नहीं करेगी बर्दाश्त: राफिया नाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा झारखंड प्रदेश की प्रवक्ता राफिया नाज ने हेमंत सरकार द्वारा 18 लाख महिलाओं की मंईयां सम्मान योजना की राशि रोकने पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह सरकार महिलाओं के साथ सम्मान के नाम पर छल और विश्वासघात कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल एक झूठा वादा था कि सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान की राशि मिलेगी, जो सत्ता में आने के लिए किया गया था, इसलिए 18 लाख महिलाओं को अब तक एक भी रुपया नहीं मिला है। राफिया ने कहा, महिला सम्मान की बात करने वाली सरकार ने 18 लाख माताओं, बहनों और बेटियों के हक को कुचला है। मंईयां सम्मान के तहत सरकार द्वारा जारी किये गये न तो हेल्पलाइन नंबर काम कर रहे हैं, ना ही वेबसाइट, और इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय, सरकार केवल लोगों को ठगने में व्यस्त है।

उन्होंने कहा, सरकार द्वारा महिलाओं के अधिकारों को दबाया जा रहा है। यह सरकार महिलाओं को न तो न्याय दिला पा रही है, न शिक्षा और न ही सुरक्षा, बल्कि उन्हें छलने का काम जारी है। इसलिए अब तक न तो महिला आयोग का गठन हुआ है और न ही धरातल पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए एक भी योजना उतारी गयी है, चाहे वह 2000 रुपये चूल्हा खर्च हो, 2500 रुपये विधवा-वृद्धा पेंशन हो या बेटियों की मुफ्त शिक्षा से लेकर महिला बैंक हो।



उन्होंने कहा, यदि सभी महिलाओं को जल्द मंईयां सम्मान की राशि नहीं मिली, तो भाजपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी और यह मुद्दा हर घर, हर गली तक पहुंचेगा। राफिया नाज ने सरकार से सवाल किया, अगर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का कहना था कि मंईयां सम्मान योजना के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध है और बजट में झारखंड सरकार ने 1.45 लाख करोड़ का बजट, मंईयां सम्मान के लिए पेश किया है, तो फिर 18 लाख महिलाओं को उनकी राशि क्यों नहीं दी गयी? क्या यह सरकार महिलाओं के सम्मान को ठुकराने का काम कर रही है?

उन्होंने यह भी कहा, महिलाओं के लिए लागू योजनाओं का उद्देश्य सिर्फ सत्ता में बैठने वालों को लाभ पहुंचाना नहीं होना चाहिए, यदि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए यह योजनाएं बनायी गयी थी, तो फिर सरकार ने हकदारों तक क्यों पहुंचने ही नहीं दिया? राफिया ने स्पष्ट रूप से कहा, भाजपा इस मुद्दे पर संघर्ष करेगी, और सरकार को जवाबदेह बनायेगी। यह लड़ाई सिर्फ 18 लाख महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि हर महिला के लिए है।




वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 36.6 °c | 20.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.56 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.56 बजे |



# गिरिडीह की घटना को लेकर भाजपा मुखर

## ■ नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने पीड़ितों से की मुलाकात ■ रघुवर भी फॉर्म में, प्रशासन को दे डाली चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह/ रांची।** गिरिडीह के घोड़थंबा में हुई सांप्रदायिक हिंसा को लेकर भाजपा मुखर हो गयी है। एक तरफ पार्टी के नेता गिरिडीह में डेरा जमाये हुए हैं, तो दूसरी तरफ मंगलवार को विधानसभा में सरकार को घेरने की रणनीति भी तैयार की गयी है। उधर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी गिरिडीह पहुंचे और जिला प्रशासन को सख्त चेतावनी दे डाली।

**बाबूलाल ने की प्रभावितों से मुलाकात :** सोमवार को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने घोड़थंबा में होली जुलूस पर पथराव और आगजनी के शिकार पीड़ितों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पीड़ितों ने जो बताया, वह रूह कंपाने वाली घटना थी और बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। मरांडी ने सरकार की गलत बयानी की आलोचना की और कहा कि आज अपने ही देश में हिंदुओं को अपना त्योहार मनाने पर प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने पत्थर चलाया और पेट्रोल बम फेंका, उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, जबकि जिनके हाथ में अबीर-रंग था, उन्हें पकड़ कर अंदर कर दिया गया।





**विकास साहू के साथ मारपीट की निंदा :** बाबूलाल मरांडी ने विकास साहू के साथ हुई मारपीट की भी निंदा की और कहा कि यह घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि एफआइआर में यह लिखा गया है कि हिंदू ही आक्रमण करने जा रहे थे, जो कि गलत है।

### पुराने रंग में दिखे रघुवर दास

उधर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी घोड़थंबा पहुंच घटना की ली जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं बची है। हमने भी पांच वर्षों तक सरकार चलायी है। हमारे कार्यकाल में किसी को हिम्मत नहीं थी दंगा-फसाद करने की। उन्होंने कहा की घोड़थंबा की घटना एक सोची-समझी साजिश है।

### 'ईंट से ईंट बजाने' की चेतावनी

बाद में रघुवर दास ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर लिखा, जिहादी मानसिकता के लोगों का मनोबल बढ़ा हुआ है। यह तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति का परिणाम है। उस पर दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि शासन-प्रशासन भी हिंदू पक्ष के निर्दोष लोगों को प्रताड़ित कर रहा है। यह हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा, सामाजिक सौहार्द का ठेका केवल हिंदू समाज ने नहीं लिया है। क्या अब हिंदू समाज को अपने त्योहारों पर जुलूस निकालने के लिए दूसरे समुदाय से अनुमति लेनी होगी? सड़क किसी की जागीर नहीं है। दूसरे समुदाय के पर्व में कोई हिंसा नहीं होती है। झारखंड में हिंदुओं के पर्व में हर बार हिंसा हो रही है।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | कामकाज में अनपेक्षित परिस्थितियों के बावजूद कुछ तात्कालिक समस्याओं का समाधान हो सकेगा। |
| वृष | मन में विचित्र आशंकाएं और दुर्भावनाएं पैदा होंगी, अप्रत्यक्ष शत्रुओं से मार्मिक पीड़ा होगी। |
| मिथुन | हर्ष-विषाद की समानता, अनेक विपदाओं का सामना करना होगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी। |
| कर्क | आर्थिक स्थिति सुदृढ़, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में विपदायें व मानसिक तनाव कम होगा। |
| सिंह | नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा। |
| कन्या | विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी। |
| तुला | सरकारी सेवा से जुड़े हैं तो आपको अनुकूल परिस्थितियों का लाभ मिलेगा। |
| वृश्चिक | कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, हर काम में अड़चन आयेगी। |
| धनु | सरकारी उच्चाधिकारियों पर निजी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नवीन व्यापारिक योजना सफल। |
| मकर | रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, निराशा दूर होगी। |
| कुंभ | धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। |
| मीन | भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। |

## गिरिडीह की घटना पर गरमायी सियासत

# सत्ताधारी पार्टी ने भाजपा के आरोपों को बताया तुष्टीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** होली के दौरान गिरिडीह में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प को लेकर राजनीति गरमाने लगी है। घटना के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के आक्रामक रुख अपनाने के बाद सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी भाजपा नेताओं को समुदाय से ऊपर उठने की सलाह दी है। झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि पूर्व सीएम रघुवर दास हों या भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की बजाय उन्हें केंद्र के पास बकाया 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये मांगने के लिए मुंह खोलना चाहिए।

### राज्य में धार्मिक उन्माद फैलाना भाजपा का काम: मनोज पांडेय



झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि भाजपा के लोग राज्य में शांति के लिए चुनौती बन गये हैं। जो झारखंड में नहीं चलने वाला है। यहां झारखंड की धरती के बेटे हेमंत सोरेन की सरकार है। उन्होंने कहा कि जो भी राज्य का माहौल खराब करने की कोशिश करेगा, उन उपद्रवियों से सख्ती से निपटा जायेगा। चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का हो। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राज्य में अमन-चैन के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी और रघुवर दास झूठा आरोप लगा रहे हैं। झामुमो नेता ने कहा कि क्या राज्य को सांप्रदायिकता की आग में झोंकना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। झामुमो नेता ने कहा कि भाजपा नेता किसी अन्य विषय पर बात क्यों नहीं करते। क्योंकि उनके पास कोई विषय ही नहीं है। घटना में कौन दोषी है या निर्दोष, इसका फैसला अदालत कर सकती है। लेकिन शुरू में यह काम पुलिस ही करती है। झामुमो नेता ने कहा कि कानून-व्यवस्था को खतरा पहुंचाने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

### राज्य में तुष्टीकरण की पराकाष्ठा : शिवपूजन




गिरिडीह की घटना के बाद भाजपा ने पुलिस पर एक समुदाय पर लाठीचार्ज करने का आरोप लगाया। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि पूरी सरकार, खासकर कांग्रेस-झामुमो का एकमात्र उद्देश्य समाज को बांटना है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की पार्टियों का उद्देश्य समाज को बांटना और अल्पसंख्यक समुदाय को खुश करना है। अपना राजनीतिक आधार खोने के डर से ये लोग राज्य में एक पक्ष का समर्थन करते हैं और बहुसंख्यक समुदाय को दबाते हैं।

## श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब का वार्षिक चुनाव संपन्न

# राजीव रंजन मिश्रा मुख्य संरक्षक राम अनुज सिंह बने अध्यक्ष



**श्री रामनवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची की वार्षिक बैठक संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में श्री दुर्गा मंदिर बड़ा तालाब में संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025 श्री रामनवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि श्री महावीर मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी अखाड़ा के उस्ताद और खिलाड़ियों को श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। कहा कि सभी अखाड़ों के नेतृत्वकर्ता एवं उस्तादों को सम्मानित किया जायेगा। बैठक में 2024 की कमेटी को भंग कर नयी कार्यकारिणी की सर्व सहमति से गठन किया गया। बैठक में सर्व सहमति से राजीव रंजन मिश्रा, संजय सेठ (सांसद), डॉ प्रदीप वर्मा (राज्यसभा सांसद), दीपक प्रकाश (राज्यसभा सांसद) एवं वरिष्ठ समाजसेवी किशोर साहू को मुख्य संरक्षक बनाया गया। शंकर दुबे, प्रणय कुमार, विनय सरावगी, रमेश सिंह और लंकेश सिंह को संरक्षक बनाया गया। गोपाल पारीक, संदीप वर्मा, रंजीत उरांव और अभिषेक कुमार को संयोजक बनाया गया।

वहीं राम अनुज सिंह को अध्यक्ष, रमेश केडिया को कार्यकारी अध्यक्ष, बंटी सिंह को मंत्री और विशाल मिश्रा, दीपू गाड़ी, नंद किशोर चांगल और मनोज शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा प्रकाश पाल, गोपाल चांगल, रंजीत चौरसिया, इंदर सिंह, राजू सिंह, मनीष कुमार और राजू पोद्दार सह-मंत्री, अरविंद सिंह को प्रचार-मंत्री, पिंटू चांगल को सह-प्रचार-मंत्री और छोटू वर्मा को उस्ताद बनाया गया। साथ ही 21 सदस्यीय कार्यसमिति की घोषणा की गयी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 03 अप्रैल को श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब रांची के द्वारा राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों के नेतृत्वकर्ताओं एवं अखाड़ाधारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा एवं उन्हें सम्मानित किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से कैलाश केसरी, राज किशोर, सुनील गुप्ता, ज्योति शंकर साहू, सोनू सिंह, विश्वजीत बोस, प्रकाश चंद्र सिन्हा और विजय कुमार सहित सैकड़ों सदस्य मौजूद थे।

### झारखंड में 20 तक मौसम में जारी रहेगा उतार-चढ़ाव

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में 20 मार्च तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। राज्य के किसी जिले में धूप तो किसी में हल्की बारिश होगी। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ेगा। वहीं मौसम विभाग के अनुसार 18 मार्च को कई जिलों में आंशिक बादल छाये रहेंगे, जबकि 20 मार्च को दक्षिणी, उत्तर-पश्चिमी और इससे लगे राज्य के मध्यवर्ती जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में आंशिक बादल छाये रहे। बादल की वजह से तापमान में एक डिग्री की कमी हुई। रांची में अधिकतम तापमान 36.6 और न्यूनतम तापमान 20.6, जमशेदपुर में 40.6 और 21.8, डालटेनगंज में 37.6 और 20.2 और बोकारो में अधिकतम 36.5 और न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# अर्जुन मुंडा जोरार बस्ती में पीड़ित परिवार से मिले

## सोनू मुंडा की मौत पर शोक जताया, न्याय का वादा किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नामकुम के जोरार बस्ती में हुई हिंसक झड़प में सोनू मुंडा (47) की मौत के बाद सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों से बातचीत कर उन्हें सांत्वना दी और न्याय का भरोसा दिलाया। परिजनों ने अर्जुन मुंडा को आपबीती सुनायी। जिस पर उन्होंने झारखंड के डीजीपी से बात कर आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने मृतक की मां बुधन मुंडा, पत्नी नीली कुजूर, बेटे रुपल मुंडा, बेटी रुपाली, भाई अजय और विजय मुंडा को भरोसा दिलाया कि पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करेगी और सख्त कार्रवाई करेगी।

**क्या है पूरा मामला :** शनिवार को नामकुम खटाल और जोरार बस्ती के लोगों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस घटना में जोरार निवासी सोनू मुंडा, सिंटू मुंडा और बिट्टू मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इलाज के दौरान सोनू मुंडा की मौत हो गयी।



इसके विरोध में रविवार को स्थानीय लोगों ने शव के साथ रांची-पुरुलिया रोड जाम कर दिया। जिससे तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा। बाद में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम हटाया गया।

### मुंडा ने किया न्याय का वादा

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलायी जायेगी। इस दौरान पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, ग्रामीण जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, रितेश उरांव, अशोक गोप, रंजीत बड़ाइक, ज्ञानी मुंडा, रंजन मुंडा, श्याम मुंडा समेत कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।



सोनू मुंडा

# शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का नागरिक अभिनंदन 20 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का नागरिक अभिनंदन एवं प्रवचन आगामी 20 मार्च को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन रांची में होगा। शंकराचार्य अभिनंदन समारोह समिति के द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में समिति के मुख्य संयोजक समाजसेवी विनय सरावगी ने स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज के नागरिक अभिनंदन एवं पूरे कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का रांची में पहली बार आगमन हो रहा है। उन्होंने बताया कि जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज स्वामी स्वरूपानंद महाराज के शिष्य हैं। स्वामी स्वरूपानंद के ब्रह्मलीन होने के बाद स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज द्वारका शारदा पीठाधीश्वर के शंकराचार्य बने। शंकराचार्य के रांची आगमन की पूरी तैयारीयां कर ली गयी हैं।



शंकराचार्य 18 मार्च को राउरकेला से सड़क मार्ग से शाम 5 बजे रांची पहुंचेंगे। बिरसा चौक में शंकराचार्य का अभिनंदन एवं स्वागत होगा। वहां से मोटरसाइकिल के काफिला के साथ अरगोड़ा चौक हरमू रोड होते हुए महाराजा अग्रसेन भवन में पधारेंगे। जहां उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया जायेगा। शंकराचार्य जी महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिनों तक प्रवास करेंगे और धर्मालंबियों को आशीर्वचन देंगे। स्वामी जी के भव्य अभिनंदन समारोह हेतु गठित संयोजक मंडल सदस्यों में बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, ललित कुमार पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, अशोक पुरोहित, शिव शंकर साबू, मनोज बजाज, पवन शर्मा, मनोज चौधरी, पवन पोद्दार, प्रमोद अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत, रमन बोडा, संजीव विजयवर्गीय, ललित ओझा, राजीव रंजन मिश्रा, राजेश गुप्ता, मुनचुन राय, रमेश सिंह, कुणाल अजमानी, राजेश सिन्हा सन्नी, राजेश साहू, नंदकिशोर चंदेल, संजय जयसवाल को शामिल किया गया है। समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ होंगे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No.1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


## डीसी ने लगाया जनता दरबार सुनी आम लोगों की शिकायत

# रातू सीओ को फटकारा, नगड़ी सीओ को अवैध कब्जा रोकने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को आयोजित जनता दरबार में आम लोगों की शिकायतें सुनीं और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये। इस दौरान दाखिल-खारिज की फाइलें लंबित रखने पर रातू सीओ को फटकार लगायी, जबकि नगड़ी में जमीन पर अवैध कब्जा रोकने के लिए सीओ को सख्त निर्देश दिये।



**रातू सीओ को दी शो-कॉज की चेतावनी :** जनता दरबार में बिजुलिया निवासी उमेश कुमार ने शिकायत की कि उन्होंने पिछले साल नवंबर में दाखिल-खारिज के लिए आवेदन दिया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर डीसी ने रातू सीओ को फटकारते हुए कहा, क्या बात है? दाखिल-खारिज का मामला इतने दिनों से आपके लॉगिन में लंबित क्यों है? इसे दो से तीन दिनों के अंदर निष्पादित करें, वरना आपको शो-कॉज किया जायेगा।

**नगड़ी में अवैध कब्जा रोकने का निर्देश :** जनता दरबार में मंगरा पाहन नामक व्यक्ति ने शिकायत की कि उनकी पैतृक और पारंपरिक धार्मिक भूमि पर फागु महतो द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। इस पर डीसी ने नगड़ी सीओ को तत्काल कार्रवाई कर अवैध कब्जा रोकने का निर्देश दिया।

**हाइटेंशन तार हटाने का निर्देश :** तुपुदाना की रहने वाली अमिता देवी ने अपने घर के ऊपर से गुजर रहे हाइटेंशन बिजली के तार को हटाने की मांग की। इस पर डीसी ने नोडल पदाधिकारी को बिजली विभाग से समन्वय कर त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

**मंईयां सम्मान योजना में त्रुटि सुधार कर लाभ दिलाया गया :** खेलगांव की एक महिला ने शिकायत की कि उन्हें मंईयां सम्मान योजना का लाभ नहीं मिल रहा। इस पर डीसी ने मौके पर ही सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा को आवेदन में त्रुटि सुधार के निर्देश दिये। इसके बाद समस्या का समाधान कर दिया गया।

### बिचौलियों की दें सूचना, होगी कड़ी कार्रवाई

डीसी ने जनता से अपील की कि अगर किसी भी सरकारी कार्यालय में बिचौलिया दिखे, तो अबुआ साथी (9430328080) पर शिकायत करें। सूचना देने वालों की पहचान गुप्त रखी जायेगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। डीसी ने जनता दरबार में आये अन्य आवेदकों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिये। जनता दरबार में दाखिल-खारिज, अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति, बिजली के तारों से जुड़ी समस्याओं समेत अन्य मामलों पर विस्तार से चर्चा की गयी। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटायें और सुनिश्चित करें कि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## श्री महावीर मंडल पूर्वी क्षेत्र की नयी कमेटी का गठन

# रमेश सिंह अध्यक्ष, बजरंग वर्मा और युवराज पासवान कार्यकारी अध्यक्ष बने



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल पूर्वी क्षेत्र रांची की बैठक 17 मार्च को संतोष महतो की अध्यक्षता में होटल पार्क स्ट्रीट कोकर में हुई। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का चुनाव हुआ। जिसमें रमेश सिंह अध्यक्ष, बजरंग वर्मा, युवराज पासवान कार्यकारी अध्यक्ष बनाये गये। बैठक में मुख्य संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य, संजीव विजयवर्गीय, चंचल चटर्जी, संयोजक राजू राम, संतोष महतो, रंजन पासवान, संरक्षक रवींद्र वर्मा, बसंत दास, अजय गुप्ता, अभय कुमार सिंह, अर्जुन यादव, अजय अग्रवाल, महेंद्र जायसवाल, लोकेश खलखो, राजेश महतो, अनिल महतो, सुनील साहू, रंजन पासवान, आदित्य विक्रम जायसवाल, सुनील साहू, दिलीप स्वर्णकार, सुरेंद्र सिंह, रोशन पासवान, बबलू मुंडा, राजेश गुप्ता छोटू, महामंत्री नवीन सिंह पोली, साकेत पासवान, दीपू मुकुल सिंह, कुणाल सिंह, रमेश सिंह, आशीष वर्मा, कुणाल सिंह, महेश सिंह, आशीष वर्मा, रूपेश कुमार, संजय महतो, उपाध्यक्ष सुशील केसरी, राजेश निषाद, पप्पू वर्मा, राजू महतो, दीपक दास, अर्जुन गिरी, नागेंद्र विश्वास, सुभाष महतो, चंदन ठाकुर, बाबू घनश्याम सिंह, हितेंद्र सिंह, संजय वर्मा, मनोज गुप्ता, अमरीश खन्ना, मंत्री राजेश अग्रवाल, कुणाल यादव, सुभाष महतो, अरविंद चौधरी चीकू, अमित वर्मा, अजीत दास, बबलू पासवान, राजू ठाकुर, विनोद उरांव, दीपक यादव, रवि विजय वर्गीय, दीपक सिंह प्रदीप, दिनेश सिंह, अजीत दास, विशाल राम, प्रचार मंत्री जयप्रकाश भल्ला, मनोहर राम, विनय कुमार बिनु, प्रवीण प्रियदर्शी, नीरज भट्टाचार्य, अंकेक्षक दीपक यादव बनाये गये। इस बैठक में पूर्वी क्षेत्र के 50 से भी अधिक अखाड़ा धारी शामिल हुए।

निर्वाचित अध्यक्ष रमेश सिंह ने कहा कि इस बार श्री महावीर मंडल पूर्वी क्षेत्र का जुलूस भव्य निकलेगा। डेढ़ सौ झंडों से सुशोभित 200 महिलाओं की टीम झांकी के साथ 6 अप्रैल अप्रैल को शाम 4:00 बजे निकलेगी। यह जानकारी अध्यक्ष रमेश सिंह ने दी।

# श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति ने महावीर मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति, भुतहा तालाब रांची में शताब्दी वर्ष में सोमवार को आम सभा का आयोजन किया गया। मंच का संचालन मुख्य संरक्षक उदय साहू के द्वारा किया गया और सभा की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे ने की।

**मंगलवारी जुलूस के आयोजन की घोषणा :** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि मंगलवारी जुलूस बड़े ही धूम-धाम से निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि 18 मार्च, 25 मार्च और 4 अप्रैल को निकलने वाला मंगलवारी जुलूस भव्य निकाला जायेगा और साथ ही अष्टमी को भी गजे-बाजे के साथ निकाला जायेगा।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद :** इस कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, उदय साहू, राज कुमार गुप्ता, अध्यक्ष शंकर दुबे, महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह), दीपू सिंह, महेश चंद्रा, महेश सोनी, नमन भारतीय, रवि कुमार पिंकू, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, मोहित रजक, आशीष रजक, यश वर्मा शामिल थे।

**पदाधिकारी के नाम : अध्यक्ष :-** जय सिंह यादव

**उपाध्यक्ष :-** पवन गुप्ता, राहुल सिन्हा (चंकी)

**मंत्री :-** सुभाष साहू

**सह मंत्री :-** बलिराम प्रसाद, संतोष गुप्ता, उदय रविदास

**कोषाध्यक्ष :-** प्रमोद सारस्वत

**अंकेक्षक :-** प्रेम सिंह

**प्रचार मंत्री :-** सुनील कुमार वर्मा एवं शंकर साहू, विष्णु देव प्रसाद लिल्लू, राकेश सिंह, नन्कू तिर्की, राजा सेन गुप्ता, रविंदर वर्मा, राज किशोर प्रसाद, प्रकाश सेन सिन्हा, संजय पोद्दार और शंकर प्रसाद।

यह जानकरी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय एवं मीडिया प्रभारी सौरभ राय और रोहित सिंह ने दी।

# कोकर महावीर मंडल के अध्यक्ष बने विशाल कुमार राम





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोकर महावीर मंडल की सोमवार को बैठक हुई। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से अध्यक्ष विशाल कुमार राम को बनाया गया और मनोहर कुमार को वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। नयी कमेटी की विस्तार दो दिन बाद किया जायेगा।

# सीएमपीडीआइ और भारत सेवाश्रम संघ के बीच हुआ समझौता हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआइ (मुख्यालय), रांची द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत रांची जिले के बुंडू और तमाड़ प्रखंड के ग्रामीणों की गंभीर स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस), रांची को एक एंबुलेंस उपलब्ध कराने हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआइ ने इस परियोजना के लिए 15.08 लाख रुपये की निधि स्वीकृत किया है। सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा और भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस) के सचिव स्वामी भूतेशानंद के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इस मोबाइल मेडिकल यूनिट (एंबुलेंस) के जुड़ने से इन दूरदराज के क्षेत्रों में अधिक से अधिक चिकित्सा शिविर आयोजित करने और ग्रामीणों को महत्वपूर्ण आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदान करने में भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस) की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ (मुख्यालय) की एचआरडी/सीएसआर टीम और भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस) की टीम भी मौजूद थी।




# मंगलवारी शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार मंत्री पप्पू वर्मा के नेतृत्व में पहली मंगलवारी शोभा यात्रा बहुत ही धूमधाम के साथ निकाले जाने का निर्णय लिया गया है। संध्या 7:00 बजे से तीन जगह से शोभा यात्रा निकाली जायेगी। पहली शोभायात्रा घाघरा शांति रानी स्कूल होते हुए विद्युत बोर्ड कॉलोनी कुम्हार टोली, 56 सेठ, होते हुए तुलसी चौक पहुंचेगी। दूसरी शोभा यात्रा मनी टोला, पत्थर रोड, होते हुए भवानीपुर काली मंदिर रोड, कन्या पाठशाला, कसाई मोहल्ला, होते हुए यूनुस चौक पहुंचेगी। तीसरा शोभा यात्रा एजी कॉलोनी, एजी मोड, मिस कोर्ट मैदान, कटहल कोचा, झंडा चौक, बाजार मोहल्ला, यूनिस चौक में मिलन होगा। वहां से तुलसी चौक पहुंचकर घाघरा के जुलूस को लेते हुए शिव मंदिर महावीर मंदिर पहुंचेगी। जहां पूजा अर्चना के उपरांत सभी शोभायात्रा अपने परंपरागत मार्ग होते हुए अपने-अपने अखाड़े को लौटेंगे।

# भारतीय रेल की वित्तीय स्थिति अच्छी, यात्रियों को दे रहे पहले से अधिक सब्सिडी: रेल मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

- ट्रेन से प्रति किलोमीटर यात्रा की लागत 1.38 है, लेकिन यात्रियों से केवल 73 पैसे लिये जाते हैं
- इस साल 1,400 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ, जो अमेरिका और यूरोप के संयुक्त उत्पादन से अधिक है।
- 31 मार्च तक भारतीय रेल 1.6 बिलियन टन कार्गो कैरिज के साथ दुनिया के टॉप 3 देशों में शामिल होगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सभी आइसीएफ कोच को एलएचबी में बदला जायेगा
- भविष्य में नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन जैसे हादसे को रोकने के लिए 10 महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं।
- हमारा कमिटमेंट गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए है: रेल मंत्री

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में रेल मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा के दौरान भारतीय रेल की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल यात्रियों को किफायती किराये पर सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थान हासिल कर रही है। जहां हमारे देश में रेलवे का किराया आस-पास के देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के रेल किराये से भी कम है तो वहीं पश्चिमी देशों में रेल किराया तो भारत की अपेक्षा 10-20 गुना अधिक है।




रेल यात्रियों को दी जा रही सब्सिडी पर रेल मंत्री ने कहा कि अभी ट्रेन से प्रति किलोमीटर यात्रा की लागत ?1.38 है, लेकिन यात्रियों से केवल 73 पैसे लिये जाते हैं, यानी 47% सब्सिडी दी जाती है। वित्त वर्ष 2022-23 में यात्रियों को ?57,000 करोड़ की सब्सिडी दी गयी, जो 2023-24 (प्रोविजनल फिगर) में बढ़कर करीब ?60,000 करोड़ हो गयी। हमारा लक्ष्य न्यूनतम किराये पर सुरक्षित और बेहतर सेवाएं देना है।

रेल विद्युतीकरण के फायदों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि यात्रियों और कार्गो की बढ़ती संख्या के बावजूद ऊर्जा खर्च स्थिर है। भारतीय रेल 2025 में स्कोप 1 नेट जीरो और 2030 तक स्कोप 2 नेट जीरो हासिल करेगी। रेल मंत्री ने बताया कि बिहार के मढौरा कारखाने में बने लोकोमोटिव का निर्यात जल्द शुरू होगा। भारतीय रेल के पैसेंजर कोच मोजांबिक, बांग्लादेश और श्रीलंका को निर्यात किये जा रहे हैं, साथ ही लोकोमोटिव भी मोजांबिक, सेनेगल, श्रीलंका, म्यांमार और बांग्लादेश को निर्यात हो रहे हैं। बोगी के अंडर-फ्रेम यूनाइटेड किंगडम, सऊदी अरब, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया को और प्रपल्शन पार्ट्स फ्रांस, मैक्सिको, जर्मनी, स्पेन, रोमानिया और इटली को निर्यात किये जा रहे हैं।

इस साल भारत में 1,400 लोकोमोटिव का उत्पादन हुआ, जो अमेरिका और यूरोप के संयुक्त उत्पादन से अधिक है। साथ ही, 2 लाख नये वैगन बेड़े में जोड़े गये हैं। रेल मंत्री ने बताया कि 31 मार्च को समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में भारतीय रेल 1.6 बिलियन टन कार्गो ढोकर दुनिया के टॉप 3 देशों में शामिल होगा, जिसमें चीन, अमेरिका और भारत होंगे। यह रेलवे की बढ़ती क्षमता और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में एलान किया कि रेल सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए, 41,000 एलएचबी कोच तैयार किये गये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सभी आइसीएफ कोच को एलएचबी में बदला जायेगा। लंबी रेल, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, फॉग सेफ्टी डिवाइस और 'कवच' सिस्टम तेजी से लागू किये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए वैष्णव ने कहा कि पहले रेलवे को ?25,000 करोड़ का समर्थन मिलता था, जो अब बढ़कर ?2.5 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। इससे बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। वहीं 50 नमो भारत ट्रेनों का निर्माण किया जा रहा है, जो कम दूरी की यात्रा के लिए एसी और नॉन-एसी विकल्पों के साथ है।

हाल ही में नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे लेकर रेल मंत्री ने सदन को बताया कि इस दुखद हादसे की जांच हाइ-लेवल कमेटी कर रही है। सीसीटीवी फुटेज समेत सभी डेटा सुरक्षित रखा गया है, करीब 300 लोगों से बातचीत कर फैक्ट्स की जांच हो रही है। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए 10 महत्वपूर्ण कदम उठाये गये हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि हमारा कमिटमेंट गरीब से गरीब व्यक्ति के लिए है। यही वजह है कि जनरल कोचों की संख्या एसी कोचों की तुलना में ढ़ाई गुना अधिक बढ़ायी जा रही है। वर्तमान प्रोडक्शन प्लान के अनुसार 17 हजार नॉन-एसी कोचों के मैन्युफैक्चरिंग का प्रोग्राम है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय रेल की वित्तीय स्थिति अच्छी है और इसमें लगातार सुधार के प्रयास जारी हैं। रेलवे ने कोविड महामारी से जुड़ी चुनौतियों पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया है। यात्रियों की संख्या बढ़ रही है और माल ढुलाई में वृद्धि देखी जा रही है। अब रेलवे का राजस्व करीब 2 लाख 78 हजार करोड़ रुपये है और 2 लाख 75 हजार करोड़ के खर्चे हैं। भारतीय रेल सभी बड़े खर्चे खुद के इनकम से कर रही है, जो कि रेलवे के बेहतर प्रदर्शन से संभव हुआ है।

राज्यसभा में दिये गये अपने बयान में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भरोसा दिलाया कि रेलवे भविष्य में और अधिक आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन प्रणाली के रूप में उभरेगी।

# सरहुल महापर्व पर 3 दिवसीय राजकीय अवकाश की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में सरहुल महापर्व को लेकर 3 दिवसीय राजकीय अवकाश की मांग उठी है। बिरसा विकास जनकल्याण समिति, मिसिर गोंदा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से यह अवकाश घोषित करने की अपील की है। समिति की बैठक धुमकुड़िया घर, मिसिर गोंदा में हुई, जिसमें सरहुल महापर्व की तैयारियों पर चर्चा हुई और पूजा कार्यक्रम का एलान किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे बिरसा पाहन ने बताया कि 31 मार्च 2025 (बुधवार) को उपवास रखा जायेगा और पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार केकड़ा-मछली पकड़ने की परंपरा निभाई जायेगी। शाम 7 बजे कांके डैम पार्क स्थित सरना स्थल में जल रखायी पूजा होगी। 1 अप्रैल 2025 (गुरुवार) को सुबह 7 बजे सरना पूजा स्थल पर पूजा-अर्चना होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे मिसिर गोंदा से सिरमटोली सरना स्थल तक सरहुल शोभायात्रा निकाली जायेगी। 2 अप्रैल 2025 (शुक्रवार) को फूलखोंसी (पुष्प अर्पण) पूजा का आयोजन होगा। समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि इस वर्ष सरहुल को और भव्य तरीके से मनाया जायेगा। भव्य शोभायात्रा के जरिए आदिवासी समाज की संस्कृति और एकता का प्रदर्शन किया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# सिरमटोली फ्लाई ओवर के रैंप को हटाने की मांग तेज

## एसटी विधायकों का पुतला फूंका, सरकार को अल्टीमेटम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची रेलवे स्टेशन के पास सिरमटोली-मेकॉन फ्लाई ओवर के रैंप को हटाने के विरोध में कुछ आदिवासी संगठनों ने मुद्दा बना लिया है। इन संगठनों ने केंद्रीय सरना स्थल सिरोम टोली बचाव मोर्चा के बैनर तले झारखंड के सभी एसटी विधायकों के अलावा रांची के विधायक और सांसदों की शव यात्रा निकाली। इसमें आदिवासी समाज की महिलाएं और युवा शामिल हुए। सिरमटोली से निकल कर यह यात्रा अल्बर्ट एक्का चौक पहुंची, जहां सभी माननीयों के पुतलों को सामूहिक रूप से जलाया गया।




केंद्रीय चडरी सरना समिति के केंद्रीय महासचिव रवि मुंडा ने कहा कि पिछले दो माह से मांग की जा रही है कि सिरमटोली रैंप को हटाया जाये। क्योंकि उसकी वजह से सिरमटोली सरना स्थल की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कुछ दिन बाद सरहुल शोभा यात्रा निकलने वाली है। इसकी वजह से श्रद्धालुओं को दिक्कत होगी। अल्टीमेटम दिया गया कि उनकी मांगें नहीं मानी गयीं तो 22 मार्च को रांची बंद बुलाया जायेगा। शव यात्रा में शामिल खूंटी निवासी बाहा लिंडा ने चेतावनी दी कि सरहुल से पहले रैंप नहीं हटा तो पूरे झारखंड में चक्का जाम किया जायेगा। उलगुलान किया जायेगा। रांची के मुख्य पाहन जगलाल ने कहा कि झारखंड में हमारे सरना स्थल का अस्तित्व खतरे में है। हमारी बातों को डॉ रामेश्वर उरांव ने विधानसभा में भी उठाया, लेकिन सरकार किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पायी है। केंद्रीय सरना समिति अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि सरकार को हमारी बात माननी ही होगी।

# सिरमटोली फ्लाई ओवर को लेकर भाजपा के बहकावे में दिशाविहीन राजनीति कर रहे हैं कुछ नेता : अजय तिर्की

**कहा-सीएम हेमंत सोरेन ने पहले ही यह भरोसा दे रखा है कि समस्या का समाधान कर लिया जायेगा, बावजूद आंदोलन क्यों**

**भोले-भाले लोगों को गलत तरीके से उकसा रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को केंद्रीय सरना समिति की महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नेता अजय तिर्की की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में इस बात पर चिंता व्यक्त की गयी कि कुछ



स्वार्थी लोग सिरमटोली फ्लाइओवर को लेकर दिशाविहीन राजनीति कर रहे हैं। केंद्रीय सरना समिति के तमाम नेताओं का संयुक्त रूप से मानना था कि विकास कार्य में राजनीति नहीं होनी चाहिए। केंद्रीय सरना समिति के नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तो पहले ही समस्या का समाधान करने का भरोसा दे रखा है। केंद्रीय सरना समिति के लोगों का यह भी मानना था कि मुख्यमंत्री शुरू से ही झारखंडियों और आदिवासी समाज के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। बैठक के बाद एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी की गयी, जिसमें कहा गया है कि वर्तमान समय में केंद्रीय सरना स्थल एवं सिरमटोली में अतिक्रमण और रैंप हटाने को लेकर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के द्वारा आंदोलन एवं विरोध किया जा रहा है। यह आंदोलन बिल्कुल दिशाविहिन है। मुख्यमंत्री ने जब कह रखा है कि समस्या का समाधान कर लिया जायेगा तो इसके बावजूद भाजपा और भारतीय आदिवासी पार्टी से संबंध रखने वाले नेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। साथ ही भोलेभाले लोगों को उकसा कर गलत कार्य करवा रहे हैं।

# जनजाति सुरक्षा मंच ने सरहुल पूजा महोत्सव की तैयारी की

**1 अप्रैल को पूजा और शोभायात्रा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जनजाति सुरक्षा मंच ने एक विशेष बैठक की, जिसमें आगामी सरहुल पूजा महोत्सव की तैयारी पर चर्चा की गयी। सोमवार को बोड़ेया के मुखिया सोमा उरांव के आवासीय कार्यालय में जनजाति सुरक्षा मंच के विश्वकर्मा पहान की अध्यक्षता में बैठक हुई। मंच ने सरहुल पूजा के दौरान सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को बनाए रखने के लिए सभी जनजातीय समुदायों से एकजुट रहने का आह्वान किया। बैठक में मंच ने केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली में रैंप के निर्माण के मुद्दे पर भी चर्चा की और सरकार से इसके समाधान की मांग की। इस बैठक में सर्वप्रथम



आगामी 1 अप्रैल 2025 को होने वाले सरहुल पूजा महोत्सव के संबंध में चर्चा की गयी, 31 मार्च को उपवास, 1 अप्रैल को पूजा एवं शोभायात्रा और 2 अप्रैल को फूल खुशी किया जायेगा। जनजाति सुरक्षा मंच के द्वारा सभी मौजा के, पहान पुजार, कोटवार, महतो, रैयत, ग्राम प्रधान जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक एवं धार्मिक अगुवाओं से निवेदन किया है कि अपने पुरखों की रूढ़ि प्रथा कस्टम के अनुसार ही जिस जिस मौजा में जो जो मुर्गा मुर्गी दिया जाता है उसी का अनुसार पूजा पाठ किया जाए और संकल्प ले की अपनी अपनी रूढ़ि प्रथा कस्टम पहचान को बचा कर रखेंगे।इस बैठक में जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव , प्रवक्ता मेघा उरांव, सिकंदर मुंडा, प्रदीप पहान, प्रवीण पहान, जय मंगल उरांव, विक्रम उरांव, तुलसी प्रसाद गुप्ता, रोहित कच्छप, शनिचरवा उरांव, बालेश्वर पहान, विमल पहान सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड तंजीम रांची महानगर का दो दिवसीय दिव्यांग शिविर 18 और 19 मार्च को

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड तंजीम रांची महानगर कार्यालय हिंदपीढ़ी (रांची) में 18 और 19 मार्च 2025 को दो दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में निशुल्क सहायक उपकरण वितरण और स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की जायेगी। शिविर में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और निशुल्क सहायक उपकरण वितरण करेंगे। इस शिविर का आयोजन दिव्यांग जनों के लिए सहायक उपकरण और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उक्त जानकारी अफरोज अंसारी (दिव्यांग समाजसेवी), राशिद जमील, अनवर आलम, अतिकुर रहमान, फिरोज आलम, जाहिद आलम और राजिफ आलम ने दिया।**

# सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर ने सरहुल पूजा में व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर एक में प्रकृति पर्व सरहुल पूजा की तैयारी को लेकर एक बैठक सोमवार को चूड़ी मौज के चूड़ी बस्ती में आयोजित की गयी। बैठक में मौजूद सभा के सचिव सोनू खलखो ने कहा कि चैत मास के शुक्ल पक्ष में मनाया जाने वाला आदिवासियों का महान प्रकृति पर्व सरहुल जिसमें मुख्य तौर पर सूर्य और धरती की पूजा होती है। यह झारखंड का सबसे बड़ा और लोकप्रिय पर्व है। इस पर्व को न केवल आदिवासी मूलवासी भी बड़े धूमधाम और चढ़ बढ़ कर मनाते हैं। आदिवासियों का महान प्रकृति पर्व इस वर्ष एक अप्रैल को मनाया जाना है। इसको लेकर आदिवासी समाज के लोग जोर से तैयारी में जुट गये हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मुख्यमंत्री को एक पत्र भी सौंपा गया है। इसमें सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर ने सरकार से राजधानी रांची में विद्युत सज्जा कराने की मांग मांग की है। यह भी मांग किया कि सरहुल शोभा यात्रा के दिन शहर के सभी चौक चौराहों पर शौचालय की व्यवस्था, पीने के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करें। सरकार से केंद्रीय सरना स्थल के सामने से रैंप को अविलंब हटाने की भी मांग की है। राज्य भर में लगी एलइडी स्क्रीन पर सरहुल शोभायात्रा की लाइव प्रसारण करे। सरकार से सरहुल शोभायात्रा के दिन निर्बाध बिजली देने की मांग की है। सभा ने रांची नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड में दो-दो बसों की व्यवस्था करने की भी मांग सरकार से किया है ताकि शोभायात्रा के दिन ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल हो सकें। बैठक में सोनू खलखो, सुजय टोप्पो, संजय टोप्पो, राजेश गाड़ी, राजेश टोप्पो, महादेव उरांव सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# 'पिता के नाम वारंट, सजा बेटे को मिली'

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** छतरपुर में बढ़ते अपराध और नशाखोरी को रोकने में पुलिस विफल रही है। डंडे अपराधियों के खिलाफ भले ही ना चले पर बेकसूर लोग डंडों के शिकार जरूर हो रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष एवं ताजा उदाहरण कर्माकला गांव में देखने को मिला। यहां रहने वाले अजय कुमार के खिलाफ कोर्ट से वारंट निर्गत हुआ था। पर देर रात जब पुलिस उसे पकड़ने गयी तो वहां अजय नहीं मिला। इस पर पुलिस उसके पढ़ाई करने वाले बेटा बलवंत को पकड़ लिया। परिजनों का आरोप है कि बेकसूर बलवंत को पुलिस यह कह कर अपने साथ जबरन ले गयी कि थाने में उसे उसके पिता कि जगह जेल काटना पड़ेगा। इससे बचने के लिए



10 हजार रुपये देने पड़ेंगे। बात यहीं खत्म नहीं हुई। पैसे नहीं देने पर कथित रूप से बलवंत को थाने ले जाकर उसकी बेरहमी से पिटाई की गयी। फिलहाल बलवंत का इलाज छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया है। इसके बाद बलवंत ने छतरपुर एसडीपीओ को आवेदन देकर दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं एसडीपीओ अवध यादव ने बताया कि आवेदन मिला है, मामले की जांच करायी जा रही है।

# गिद्दी थाना क्षेत्र से हथियार सहित दो लोग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिद्दी।** हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत गिद्दी पुलिस को गुप्त सुचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के गिद्दी सी होसिर गांव के दो अपराधी विक्की रैन और आजाद अंसारी पांडेय गिरोह का काम कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार तत्काल एक टीम गठित कर जांच की गयी। जिसमें सत्यता मिलते ही गिद्दी थाना के सशस्त्र पुलिस बल और गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने जांच के दौरान गिद्दी सी माइंस रोड के समीप हथियार, मोबाइल, टीवीएस अपाची गाड़ी सहित पांडेय गिरोह के अपराधी विक्की रैन और आजाद अंसारी को गिरफ्तार कर थाना ले आया। इस संदर्भ में गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार और पुअनि रथू उरांव ने बताया कि पांडेय गिरोह के रुप मे विक्की रैन और आजाद अंसारी क्षेत्र मे कई माह से सक्रिय होकर कोयला कारोबारी और सीसीएल कर्मी से रंगदारी मांगने की फिराक में थे और क्षेत्र में वसूली करता था। क्षेत्र में हथियार के बल पर दहशत फैलाने का काम करता था। गिददी सी क्षेत्र मे कई बार हथियार के साथ लहराते दहशत फैलाने का काम किया है।

# कांग्रेस पार्टी की राजीव गांधी पंचायती राज विभाग की पदयात्रा 20 मार्च से उलिहातू से शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस पार्टी की राजीव गांधी पंचायती राज विभाग की पदयात्रा 20 मार्च से शुरू होगी। पांच दिनों तक चलने वाली इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य पंचायती राज और स्थानीय शासन के प्रति लोगों जागरूक करना है। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातू से 20 मार्च को यह पदयात्रा शुरू होगी और 25 मार्च को रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के पास समाप्त होगी। पदयात्रा के समापन समारोह में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शामिल होंगे। यह जानकारी राजीव गांधी पंचायती



राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित शर्मा और प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा ने सोमवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि झारखंड में घट रहे वन, नदियों का जलस्तर पंचायती राज अधिनियम को पूर्ण रूप से लागू करने नगर निकाय चुनावों में पूर्व के भाजपा सरकार में तय किये गये उम्र और तीन बच्चों के प्रावधान को बदलने की मांग को लेकर शुरू किया गया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: ई-टेंडर/2025/08, दिनांक 13.03.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए मदों के समक्ष उल्लेखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे से पहले** ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा **अपराह्न 3.30 बजे खोली** जाएंगी: **क्रमांक एवं निविदा सं., कार्य का विवरण, निविदा मूल्य, बयाना राशि** क्रमशः निम्नलिखित हैं: **(1) ई-केजीपी-वेस्ट-06-2025**, कोकपाड़ा एवं गिधनी: मंडल अभियंता/वेस्ट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन कोकपाड़ा एवं गिधनी स्टेशनों में तृतीय लाइन के बगल में हाई लेवल प्लेटफॉर्म का निर्माण; रु. 5,03,61,493.24; रु. 4,01,800/-। **(2) ई-केजीपी-वेस्ट-07-2025**, मंडल अभियंता/वेस्ट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन ठेकेदार के निजी प्रोपेल्ड रेल सह रोड/मोबाइल एफबीडब्ल्यू संयंत्रों, यंत्रों, उपकरण तथा उपभोग्य की सामग्रियों के प्रयोग द्वारा सेस पर 60 किग्रा 90 यूटीएस रेलों की फ्लैश बट वेल्डिंग (दूसरा आमंत्रण); रु. 52,26,336.81; रु. 1,04,500/-। **(3) ई-केजीपी-वेस्ट-08-2025**, खड़गपुर-मिदनापुर: मंडल अभियंता/वेस्ट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन नॉन जीक्यू/जीडी लाइन में मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग सं. केए-2 के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज का निर्माण; रु. 8,86,92,907.29; रु. 5,93,500; **(4) ई-केजीपी-ईस्ट-20-2025**, मंडल अभियंता/ईस्ट/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन हावड़ा-खड़गपुर अनुभाग में 151 सेट के थ्रू टर्नआउट रिन्यूवल (टीटीआर) कार्य का निष्पादन; रु. 4,25,05,717.47; रु. 3,62,500/-; **(5) ई-केजीपी-ईस्ट-21-2025**, मंडल अभियंता (ईस्ट)/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन खड़गपुर मंडल में ट्रैक नवीनीकरण तथा रखरखाव कार्य के संबंध में आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित 60 किग्रा/90 यूटीएस रेलों (700 अदद ज्वाइंटों) तथा 60 किग्रा/60 ईआई-आर260 ग्रेड रेलों (7372 अदद) के अल्युमीनो थर्मिक वेल्डिंग पोर्सनों का निर्माण तथा आपूर्ति तथा आईआर विनिर्देश के अनुसार सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ वेल्डिंग इन-सीटू (कुल 8072 ज्वाइंट); रु. 1,82,49,266.39; रु. 2,41,300; **(6) ई-केजीपी-ईस्ट-22-2025**, (i) सहायक मंडल अभियंता/शालीमार, (ii) सहायक मंडल अभियंता/सांतरागाछी एवं (iii) सहायक अंडल अभियंता/पाँशकुड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन यार्डों में विविध पी. वे कार्यों का निष्पादन; रु. 3,81,39,629.90; रु. 3,40,700; **(7) ई-केजीपी-साऊथ-15-2025**, वरिष्ठ मंडल अभियंता (साऊथ)/खड़गपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन खड़गपुर-भद्रक अनुभाग में कई पुलों में आईएसए सर्पोट के साथ एमएस प्लेट बैलास्ट रिटेनर का प्रावधान; रु. 3,47,55,451.84; रु. 3,23,800; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** प्रत्येक के लिए रु. 0.00; **खुलने की तारीख:** क्रमांक 1 के लिए दिनांक 01.04.2025 तथा क्रमांक 2 से 7 के लिए दिनांक 03.04.2025; **कार्य पूरा करने की अवधि:** क्रमांक 1, 2, 4, 5, 6 एवं 7 के लिए 12 महीने तथा क्रमांक 3 के लिए 18 महीने। **बोली शुरू होने की तारीख:** क्रमांक 1 के लिए 18.03.2025 से 01.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक तथा क्रमांक 2 से 7 के लिए 20.03.2025 से 03.04.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन हेतु इच्छुक निविदातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.** प्रत्याशित बोलीदातागण सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-1240)

# नामकुम : पीड़ितों को न्याय मिले और एकतरफा कार्रवाई को तुरंत रोका जाये: कैलाश यादव

**राजद नेताओं के साथ यादव समाज का एक प्रतिनिधिमंडल नामकुम खटाल के लोगों से मिला**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नामकुम खटाल की हालिया घटना को लेकर यादव समाज में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। समाज के लोगों ने प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है और मांग की है कि दोनों पक्षों की शिकायतों को समान रूप से सुना जाये। सोमवार को राजद नेताओं के साथ यादव समाज का एक प्रतिनिधिमंडल नामकुम खटाल पहुंचा और वहां के लोगों से मुलाकात कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस प्रतिनिधिमंडल में राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, श्रमिक सेल के अध्यक्ष सुधीर गोप, नामकुम दुर्गा मंदिर अध्यक्ष मनीष राय, कोकर दुग्ध व्यवसायी संघ के अध्यक्ष दीपक यादव, शिक्षाविद बिजेंद्र यादव,



समाजसेवी शिवजनम यादव, सुनील यादव, अमरजीत यादव, महेंद्र यादव, बबलू यादव समेत सैकड़ों लोग शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान खटाल के यादव परिवारों ने प्रशासन की भूमिका पर नाराजगी जतायी। उन्होंने बताया कि जोरार बस्ती के रंजीत बड़ाइक के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने अचानक खटाल पर हमला कर दिया और पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस हमले में कई स्थानीय लोग घायल हो गये, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि रंजीत बड़ाइक के नेतृत्व में हमला एक साजिश के तहत किया गया, जिसमें महिलाओं के साथ अभद्रता की गयी और उनकी अस्मिता को ठेस पहुंचाने की कोशिश की गयी। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की भी घटनाएं सामने आयी हैं। लोगों का कहना है कि नामकुम थाना प्रभारी ने मामले को दबाने की कोशिश की और वहां लगे सीसीटीवी कैमरों को हटाकर सबूत मिटाने का प्रयास किया। इसके अलावा, पुलिस प्रशासन द्वारा खटाल में मौजूद लोगों के साथ बेरहमी से मारपीट की गयी और महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। खटाल परिवार की ओर से जब थाना में शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की गयी, तो पुलिस ने धमकी देकर उन्हें भगा दिया और कुछ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। राजद महासचिव कैलाश यादव और यादव समाज के अन्य नेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि दोनों पक्षों की शिकायतों को समान रूप से सुना जाये और निष्पक्ष तरीके से प्राथमिकी दर्ज की जाये। उन्होंने कहा कि प्रशासन का दायित्व है कि वह सामाजिक समरसता बनाये रखे और न्याय सुनिश्चित करे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से अनुरोध किया कि खटाल परिवार की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाये, पीड़ितों को न्याय मिले और एकतरफा कार्रवाई को तुरंत रोका जाये। साथ ही, प्रशासन को शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए निष्पक्ष भूमिका निभानी चाहिए।

### हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

# आधुनिक कृषि तकनीक अपनाकर आय में वृद्धि करें किसान: विधायक

**कहा- किसानों को सिचाई के समुचित व्यवस्था करने के लिए सरकार प्रयासरत है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के पलामू कृषि प्रौधोगिक प्रबंधन अभिकरण की ओर से सोमवार को प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक संजय सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी और आत्मा परियोजना के निदेशक परवीन राज ने किया। इसमें हुसैनाबाद फीड फार्म्स कंपनी लिमिटेड, हुसैनाबाद फार्म्स कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, प्रशांत लेयर फार्म, भीकेएस एग्रिफार्म प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सहित अन्य कृषि



उत्पादों की प्रदर्शनी क्षेत्रीय किसानों द्वारा लगायी गयी। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम चाहते हैं कि क्षेत्र के किसान आधुनिक कृषि तकनीक को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि करें। किसानों की समृद्धि से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने कहा कि किसानों को सिचाई के समुचित व्यवस्था के लिए प्रयासरत है। लिफ्ट एरिगेशन एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जायेगा। वहीं, जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने क्षेत्र के किसानों को सरकार की ओर से उपलब्ध कराये गये फेडरेशन में पंजीकरण कराने और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। प्रखंड प्रमुख ने किसानों के लिए व्यवसायीक खेती को लाभकारी बताया और किसानों को व्यवसायिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा, बीडीओ सुनील कुमार वर्मा, सांसद प्रतिनिधि अखलेश मेहता, रंजीत पासवान, पंसस अजित सिंह, प्रियरंजन सिंह, अशोक मेहता, इबरत अहमद, पूर्व मुखिया विपिन सिंह आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# पूरी तरह गलत है अमेरिका

अमेरिका में कोलंबिया यूनिवर्सिटी की भारतीय मूल की पीएचडी छात्रा रंजनी श्रीनिवासन को एफ-1 वीजा रद्द होने की वजह से निर्वासन पर मजबूर होना पड़ा, जो दुखद है। उनका वीजा कथित तौर पर यूनिवर्सिटी कैंपस में फिलीस्तीन के समर्थन में हुए प्रदर्शन में शामिल होने की वजह से रद्द किया गया था।

**सबूत नहीं दिये:** अमेरिकी होमलैंड सिक्यूरिटी डिपार्टमेंट की ओर से कहा गया कि अमेरिका में रहने और पढ़ने के लिए जिन लोगों को वीजा मिलता है, यह उनके लिए सम्मान की बात होनी चाहिए। उसने यह भी कहा कि इस तरह का वीजा जिन लोगों को मिला है, अगर वे हिंसा और आतंकवाद की तरफदारी करते हैं, तो उनसे यह सम्मान वापस ले लिया जाना चाहिए। लेकिन क्या रंजनी ने हिंसा और आतंकवाद का समर्थन किया था? अगर हां, तो ट्रंप प्रशासन ने इसके सबूत क्यों नहीं दिये।

**गलत आरोप:** फिलीस्तीन के समर्थन में शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने को हिंसा और आतंकवाद का समर्थन करना नहीं माना जा सकता। दुनिया के ज्यादातर मुल्क फिलीस्तीन-इस्राइल संघर्ष में 'टू स्टेट थ्योरी' की वकालत करते हैं। उनमें भारत भी शामिल है। इस थ्योरी के मुताबिक, फिलीस्तीन और इस्राइल दोनों को अपना अस्तित्व बनाये रखने का अधिकार है।

**कोलंबिया यूनिवर्सिटी की भारतीय पीएचडी छात्रा रंजनी श्रीनिवासन को फिलीस्तीन समर्थक प्रदर्शन के चलते अमेरिका में निर्वासन का सामना करना पड़ा। ट्रंप प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए उनका एफ-1 वीजा रद्द कर दिया, बावजूद इसके कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन को हिंसा और आतंकवाद का समर्थन नहीं कहा जा सकता।**

**मानवीय संकट:** इस संघर्ष की सच्चाई यह है कि इस्राइल ने फिलीस्तीन के बड़े इलाके पर कब्जा किया हुआ है और हमास के उसके क्षेत्र में आतंकवादी हमला करने और इस्राइलियों को बंधक बनाये जाने के बाद बेंजामिन नेतन्याहू सरकार गाजा में सैन्य अभियान चला रही है, जिसमें बड़ी संख्या में फिलीस्तीनी मारे गये हैं और वहां एक मानवीय संकट भी खड़ा हो गया है।

**युद्ध अपराध:** नेतन्याहू पर युद्ध अपराधों को लेकर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने वारंट जारी किया हुआ है, जबकि इस्राइल-फिलस्तीन युद्ध पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का गाजा को 'रिविएरा' बनाने का हास्यास्पद प्रस्ताव आ चुका है।

**राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला:** खैर, रंजनी के मामले में ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उनका वीजा राष्ट्रीय सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए रद्द किया गया। ट्रंप के गाजा पर दिये गये प्रस्ताव की तरह ही यह भी हास्यास्पद है। आखिर एक छात्रा से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को क्या खतरा हो सकता है?

**लोकतंत्र की भावना:** ट्रंप सरकार को याद रखना चाहिए कि रंजनी जैसे उच्च शिक्षित विद्यार्थियों ने अमेरिका के विकास में सराहनीय योगदान दिया है। वे कई शीर्ष अमेरिकी कंपनियों का नेतृत्व कर रहे हैं। रंजनी का निर्वासन उस लोकतंत्र की भावना के भी खिलाफ है, जिसके केंद्र में अभिव्यक्ति की आजादी रहा है और अमेरिका को वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षक भी माना जाता रहा है।


अभिमत
आजाद सिपाही

**मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को देश को खोखला करने वाले भ्रष्टाचार के कैंसर की परवाह नहीं, पर देश की एकता, समरसता और अखंडता के लिए जरूरी हिंदी भाषा की केंद्र सरकार द्वारा लागू की गयी राष्ट्रीय नीति का जम कर विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं, उससे लगता है कि तमिलनाडु भारत का हिस्सा नहीं होकर कोई अलग देश है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति को राज्य में लागू नहीं करेगी, चाहे केंद्र सरकार इसके बदले 10 हजार करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता ही क्यों न दे।**

# स्टालिन का हिंदी विरोध और भ्रष्टाचार पर चुप्पी

योगेंद्र प्रताप

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा घोषित कर दिया। इसके बावजूद कि पूरे अमेरिका में ज्यादातर अंग्रेजी बोली जाती है। ट्रंप के अनुसार, यह आदेश राष्ट्रीय एकता, साझा संस्कृति, और सरकारी कार्यों में समरसता लाने में मदद करेगा। अमेरिका जैसे सुपर पावर की एक आधिकारिक भाषा हो सकती है, पर भारत में ऐसा करना आसान नहीं है। तमिलनाडु की स्टालिन सरकार सिर्फ क्षुद्र स्वार्थों और वोट बैंक की खातिर हिंदी का विरोध कर रही है, जबकि देश के ज्यादातर राज्यों में हिंदी न सिर्फ आधिकारिक भाषा है, बल्कि सर्वाधिक बोली जाने वाली भी है।



**यह पहला मौका नहीं है, जब तमिलनाडु में हिंदी विरोध की आड़ में राजनीति की जा रही है। हिंदी का विरोध करना तमिलनाडु में वोट बैंक साधने का साधन बन चुका है। स्टालिन की पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कझगम (डीएमके) ही नहीं, इससे पहले सत्ता में रहे अन्य क्षेत्रीय दल भी वोटों की खातिर हिंदी विरोध के मुद्दे को भुनाते रहे हैं। तमिलनाडु में हिंदी विरोधी आंदोलनों का इतिहास करीब सौ साल पुराना है। केरल और कर्नाटक के विपरीत तमिलनाडु में दो भाषा फॉर्मूले का पालन किया जाता है।**

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को देश को खोखला करने वाले भ्रष्टाचार के कैंसर की परवाह नहीं, पर देश की एकता, समरसता और अखंडता के लिए जरूरी हिंदी भाषा की केंद्र सरकार द्वारा लागू की गयी राष्ट्रीय नीति का जम कर विरोध कर रहे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन जिस तरह की राजनीति कर रहे हैं, उससे लगता है कि तमिलनाडु भारत का हिस्सा नहीं होकर कोई अलग देश है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति को राज्य में लागू नहीं करेगी, चाहे केंद्र सरकार इसके बदले 10 हजार करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता ही क्यों न दे। स्टालिन ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत मिलने वाले दो हजार करोड़ रुपये की राशि रोकने की धमकी दी थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर इसकी शिकायत भी की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्टालिन के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि तमिलनाडु सरकार राजनीतिक लाभ के लिए हिंदी थोपने का फर्जी नैरेटिव बना रही है।

**इसमें कहा गया है कि बच्चों द्वारा सीखी जाने वाली तीन भाषाएं राज्यों, क्षेत्रों और निश्चित रूप से स्वयं छात्रों की पसंद होंगी।**

गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जितना विरोध तमिलनाडु की स्टालिन सरकार कर रही है, उतना देश के किसी अन्य राज्य ने नहीं किया। यहां तक कि बात-बात पर केंद्र की भाजपा सरकार से टकराने को तैयार रहने वाली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी इस मुद्दे पर मुखर नहीं दिखीं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 1948-49 में डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाले आयोग ने हिंदी को केंद्र सरकार के कामकाज की भाषा बनाने की सिफारिश की थी। आयोग की सिफारिश थी कि सरकार के प्रशासनिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक कामकाज अंग्रेजी में किये जायें। इस आयोग ने कहा था कि प्रदेशों का सरकारी कामकाज क्षेत्रीय भाषाओं में हो। राधाकृष्णन आयोग की यह सिफारिश ही आगे चलकर स्कूली शिक्षा के लिए त्रिभाषा फॉर्मूला के नाम से मशहूर हुआ। इस सिफारिश को राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (कोठारी आयोग) ने 1964-66 में स्वीकार किया। इंदिरा गांधी की सरकार की ओर से पारित राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1968 में इसे शामिल किया गया। सरकार ने प्रस्तावित किया कि माध्यमिक स्तर तक हिंदी भाषी राज्यों में छात्र हिंदी और अंग्रेजी के अलावा दक्षिणी भाषाओं में से एक और गैर-हिंदी भाषी राज्यों में क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी के साथ हिंदी सीखें।

राजीव गांधी सरकार में 1986 में बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति और नरेंद्र मोदी सरकार में 2020 में बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी इसी फॉर्मूले को रखा गया। लेकिन इसके क्रियान्वयन में लचीलापन लाया गया। पिछली राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विपरीत 2020 में बनी नीति में हिंदी का कोई उल्लेख नहीं है। इसमें कहा गया है कि बच्चों द्वारा सीखी जाने वाली तीन भाषाएं राज्यों, क्षेत्रों और निश्चित रूप से स्वयं छात्रों की पसंद होंगी, बशर्ते कि तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं हों।

यह पहला मौका नहीं है, जब तमिलनाडु में हिंदी विरोध की आड़ में राजनीति की जा रही है। हिंदी का विरोध करना तमिलनाडु में वोट बैंक साधने का साधन बन चुका है। स्टालिन की पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कझगम (डीएमके) ही नहीं, इससे पहले सत्ता में रहे अन्य क्षेत्रीय दल भी वोटों की खातिर हिंदी विरोध के मुद्दे को भुनाते रहे हैं। तमिलनाडु में हिंदी विरोधी आंदोलनों का इतिहास करीब सौ साल पुराना है। केरल और कर्नाटक के विपरीत तमिलनाडु में दो भाषा फॉर्मूले का पालन किया जाता है। इसके तहत छात्रों को केवल तमिल और अंग्रेजी पढ़ायी जाती है। साल 1937 में मद्रास में सी राजगोपालाचारी की सरकार ने माध्यमिक विद्यालयों में हिंदी को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव रखा था। इसका जस्टिस पार्टी ने विरोध किया था।

हिंदी के विरोध में हुए आंदोलन में थलामुथु और नटराजन नाम के दो युवकों की जान चली गयी थी। बाद में वो हिंदी विरोधी आंदोलन के प्रतीक बन गये। इस विरोध के आगे झुकते हुए राजाजी को इस्तीफा देना पड़ा था। वहीं 1960 के दशक में जब देश में हिंदी को आधिकारिक भाषा बनाने की समय सीमा आयी, तो तमिलनाडु में हिंसक विरोध प्रदर्शन होने लगे। हिंदी विरोधी इस आंदोलन में पुलिस कार्रवाई और आत्मदाह की घटनाओं में करीब 70 लोगों की जान चली गयी थी। मौजूदा स्टालिन सरकार हिंदी का जिस कदर विरोध कर रही है, भ्रष्टाचार के मुद्दों पर कभी उतनी मुखर नहीं रही है। स्टालिन सरकार के कई मंत्री भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं। उच्च शिक्षा मंत्री के पोनमुडी और उनकी पत्नी पी विसलाची को आय से अधिक संपत्ति मामले में दोषी ठहराया गया है। जल संसाधन मंत्री रइमुरुगन का नाम अक्सर तमिलनाडु में अवैध रेत खनन से जुड़ा रहा है। ग्रामीण विकास मंत्री आइ पेरियासामी चेन्नई में एक भूखंड के अवैध आवंटन का आरोप झेल रहे हैं।

आयकर विभाग ने तमिलनाडु के लोक निर्माण और राजमार्ग मंत्री ईवी वेलु से जुड़े कई परिसरों पर छापेमारी की थी। डीएमके नेता से जुड़ी संपत्तियों से 29 करोड़ रुपये नकद जब्त किये। आश्चर्य की बात यह है कि मंत्रियों पर लगे संगीन आरोपों के बावजूद मुख्यमंत्री स्टालिन ने एक बार भी भ्रष्टाचार के खिलाफ बयान नहीं दिया, जबकि हिंदी का विरोध खूब कर रहे हैं। यह निश्चित है कि ऐसे विरोध देश की एकता-अखंडता के लिए नुकसानदायक हैं। राजनीतिक दल जब तक अपने निहित क्षुद्र स्वार्थों से ऊपर उठ कर देश हित के बारे में नहीं सोंचेंगे, तब तक भाषा और दूसरे ऐसे भावनात्मक मुद्दे वोट बटोरने का जरिया बन रहेंगे।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां में हुई बारिश

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले में झमाझम बारिश से मौसम में बदलाव दिखने लगी है। सोमवार शाम लगभग 4 बजे से ही पूरे आसमान में बादल छाने लगी। वही शाम 5 बजे से दोनो जिले में तेज गर्जन और हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हुई। मौसम में बदलाव से तापमान में गिरावट आयी और लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली। वैसे हाल के दिनों में लौहनगरी जमशेदपुर के तापमान में वृद्धि देखी गयी थी। 16 मार्च को बीते तीन वर्षों में सबसे अधिकतम तापमान लगभग 41 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार 19 से 22 मार्च के बीच झारखंड के कई अन्य जिले में भी गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट हो सकती है। जिला प्रशासन स्थानीय लोगो ने खराब मौसम के दौरान सतर्क व सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की अपील करती है।ताकि पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रह सके।किसानों से भी इस परिस्थिति में खेतों के दौरान अपने बचाव के लिए अनुरोध किया गया।

### झामुमो सीतारामडेरा समिति के अध्यक्ष बने कोला मुखी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का एक बैठक सीतारामडेरा स्थित आदिवासी एसोसिएशन हॉल में किया गया।सोमवार को आयोजित बैठक में झामुमो सीतारामडेरा समिति का गठन किया गया। मौके पर सभी के सहमति से चौथी बार कोला मुखी को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। वही कोषाध्यक्ष मनोज तांती,सचिव संतोष लकड़ा को बनाया गया। चुनाव प्रक्रिया के पश्चात चुनाव पदाधिकारियों द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गयी। चौथी बार अध्यक्ष बनने के बाद कोला मुखी ने कहा यह उनकी लगातार चौथी जीत है। उनकी प्राथमिकता पार्टी सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है। उन्होंने आश्वासन दिया वे इस बार भी समिति के सदस्यों के सुख-दुख में सदैव तत्पर रहेंगे।

### आदिवासी समुदाय ने श्मशान भूमि पर सरकारी भवन निर्माण के खिलाफ किया प्रदर्शन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के मानगो क्षेत्र में नगर निगम और अंचल कार्यालय भवन के लिए प्रस्तावित भूमि आवंटन के खिलाफ आदिवासी समुदाय ने विरोध तेज कर दी। सोमवार को बालीगुमा एवं गौड़गोड़ा ग्राम सभाओं के संयुक्त तत्वावधान में हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग हरवे-हथियार के साथ डीसी कार्यालय पहुंचे। जहा उन्होंने भूमि आवंटन के विरोध में विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने बताया जिस जमीन को सरकारी भवन निर्माण के लिए चिह्नित किया गया वह वर्षों से आदिवासी समुदाय का पारंपरिक श्मशान स्थल और धार्मिक स्थल बिदू चांदान जाहेरगढ़ है। उन्होंने आरोप लगाया साजिशन इस भूमि को प्रशासन द्वारा कार्यालय निर्माण के लिए आवंटित किया जा रहा है उससे उनकी धार्मिक भावनाएं पर आहत हो रही हैं। उन्होंने श्मशान भूमि एवं धार्मिक स्थल का संरक्षण के लिए मांग की। ताकि नगर निगम एवं अंचल कार्यालय किसी अन्य स्थान पर निर्माण कराया जाये और आदिवासी समाज की परंपराओं और धार्मिक स्थलों का सम्मान किया जा सके।

### बलिदानियों की याद में 10वीं अखंड तिरंगा यात्रा होगी ऐतिहासिक : काले



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** नमन परिवार के द्वारा 23 मार्च को आयोजित होने वाली अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा की सफलता सुनिश्चित करने के लिए बैठकों का सिलसिला जारी है। सोमवार को बिरसानगर जोन नं. 3डी पहाड़ी के उपर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में यात्रा के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा यह यात्रा केवल शहीदों के सम्मान का प्रतीक नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को भी मजबूत करने का कार्य करेगी। उन्होंने सभी से आह्वान किया वे इस ऐतिहासिक यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे भव्य और ऐतिहासिक बनाये। मौके पर काशीनाथ प्रधान, कलाकांतो महतो, वीरगु मंडल, कार्तिक महतो, आकाश, जगदीश, उमेश, सुमंतो, अर्जुन, विशु, विशभानु, शिबू, बुद्धदेव सहित अन्य लोगो ने यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

### बिष्टुपुर सीएच एरिया में चलती बाइक में लगी आग

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना अंतर्गत सर्किट हाउस एरिया में सोमवार को उस वक्त अफरा- तफरी मच गयी जब एक चलती मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गयी। बाईक सवार को कुछ समझ में आता इससे पहले आग ने पूरे बाइक को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते बाइक धू-धू कर जल उठा। बाइक सवार ने किसी तरह से अपनी जान बचायी। शहर के सबसे पॉश इलाके में घटे इस घटना से सड़क पर सनसनी फैल गयी। गनीमत रही कि आग की वजह से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि बाईक सवार बिष्टुपुर से सोनारी की ओर जा रहा था। आशंका जतायी जा रही है कि बाईक में शार्ट सर्किट के कारण आग लगी है।

### त्रुटिरहित मतदाता सूची चुनाव प्रक्रिया की नींव है : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चुनावी प्रक्रियाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। सोमवार को समाहरणालय सभागार में बैठक के दौरान सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से शामिल हुए। बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। डीसी अनन्य मित्तल ने कहा त्रुटिरहित मतदाता सूची चुनाव प्रक्रिया की नींव है। सभी पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल हो इसके लिए निरंतर अद्यतन आवश्यक है। उन्होंने राजनीतिक दलों से अनुरोध किया



वे अपने बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलए) के माध्यम से बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) के साथ समन्वय स्थापित करें। ताकि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन करने में सहयोग मिल सके। बैठक में डीसी ने राजनीतिक दलों से मतदाता हेल्पलाइन 1950 टोल-फ्री नंबर की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए अपील की गयी। ताकि मतदाता सूची से संबंधित किसी भी जानकारी या सहायता के लिए आम लोगो को सुविधा मिल सकें। वही राजनीतिक दलों ने निर्वाचन व्यय से संबंधित वर्तमान टेंडर दरों की समीक्षा और व्यय अनुश्रवण टीम द्वारा व्यय के आकलन को व्यवहारिक बनाने का सुझाव दिया। डीसी ने भविष्य में दर निर्धारण के समय राजनीतिक दलों के सुझावों पर विचार करने का आश्वासन दिया। वही शहरी औद्योगिक क्षेत्रों के क्वार्टर एरिया में अनुपस्थित मतदाताओं के नामों को मतदाता सूची से विलोपित करने के लिए अभियान चलाने की मांग पर डीसी ने बताया गैर-चुनावी वर्ष में संबंधित क्षेत्र के बीएलओ से सत्यापन प्रतिवेदन प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) अनिकेत सचान, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम शताब्दी मजूमदार, अपर उपायुक्त भागीरथ प्रसाद, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी राहुल आनंद सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### राजनगर पुलिस ने चोरी मामले में दो युवक को पकड़ा



**राजनगर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के राजनगर पुलिस ने बीते दिनों गंगाडीह गांव में हुई चोरी के मामले का खुलासा कर दिया। सोमवार को पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में 26 वर्षीय अंगद प्रधान और 19 वर्षीय जगन्नाथ प्रधान शामिल है। दोनों ही गंगाडीह गांव निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से लाल रंग का छोटा बक्सा, समिति का रजिस्टर, कैनरा बैंक का पासबुक और चेकबुक, स्टांप सहित नगद 34,050 रुपये बरामद कर लिया।

### जुगसलाई थाना में सैनिक के साथ मारपीट की घटना की उच्चस्तरीय जांच शुरू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बीते दिनों जुगसलाई थाना में सेना के हवलदार सूरज राय के साथ मारपीट और उन्हें जेल भेजने की घटना गंभीर रूप लेने लगी है। इस मामले को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संज्ञान में लेकर जांच के आदेश दी हैं।वही रांची से सैन्य अधिकारियों का एक दल जमशेदपुर पहुंचकर जिला प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज करा चुके है। घटना के संबंध में कोल्हान डीआईजी मनोज चोथे स्वयं जांच के लिए जुगसलाई थाना पहुंचे। एसएसपी किशोर कौशल और सिटी एसपी कुमार शिवाशीष की उपस्थिति में थानेदार और अन्य पुलिसकर्मियों के भूमिका की जांच की जा रही है। पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर ने इस घटना के विरोध में थाने पर प्रदर्शन कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने आश्वासन दिया है मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच की जाएगी। ताकि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इस घटना के बाद से पूर्व सैनिकों और स्थानीय समुदाय में आक्रोश व्याप्त है। वे न्याय की मांग कर रहे हैं।

# बंशीधर महोत्सव की तैयारी से ही जिला प्रशासन पर सवाल, गड़बड़ी के आरोप

- कम लोकप्रिय कलाकारों के आगमन के कारण जिले के लोग मायूस और आक्रोशित
- लोगों का कहना है कि कलाकार में बदलाव होना चाहिए
- महोत्सव के लिए 70 लाख रुपये पर्यटन विभाग से हुए हैं स्वीकृत






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** आगामी 19 और 20 मार्च को आयोजित होनेवाले श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन की कार्यशैली पर जिले के लोगों ने ऊंगली उठाना शुरू कर दिया है। इसे लेकर लोगों ने सोशल मीडिया पर भी अपनी-अपनी बातों को व्यक्त कर जिला प्रशासन के प्रति आक्रोश व्यक्त किया है की निम्नस्तर के कलाकारों को आमंत्रित कर महोत्सव की भव्यता को धूमिल किया जा रहा है। जबकि इसके लिए पर्यटन विभाग के द्वारा 70 लाख रुपये उपलब्ध कराये गये हैं। सोशल मीडिया के मध्यम से लोग प्रशासन पर राशि बंदरबांट करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं स्थानीय भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी और पूर्व भाजपा विधायक भानु प्रताप सही ने भी इसके लिए जिला प्रशासन को आड़े हाथों लिया है। बताते चलें कि वर्ष 2017 पहली बार और 2018 में दूसरी बार राज्य सरकार की ओर से महोत्सव के लिए 50-50 लाख रुपये आवंटित किया गया था। जिसे जिलेवासियों ने खूब सराहा था। वहीं वर्ष 2023 में हेमंत सोरेन सरकार ने 73 लाख रुपये आवंटित किया गया था। जिसमें महोत्सव को लेकर लोगों में मायूसी देखी गयी थी। इस बार भी 70 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है, जिसमें से 50 लाख रुपये जिला प्रशासन को प्राप्त हो चुका है। जिसपर बंशीधर नगर के अलावा जिले के विभिन्न हिस्से के लोग दो दिवसीय महोत्सव के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में चयनित कलाकारों को लेकर आक्रोशित हैं। क्योंकि जिन कलाकारों को इस बार चयन किया गया है, उन्हें लोग गुमनाम और महोत्सव के मद्देनजर प्रतिभावन नहीं बता रहे हैं। साथ ही लोग यह भी कह रहे हैं कि जिला प्रशासन राशि का बंदरबांट करने में जुटी हुई है। महोत्सव से अधिकारियों को कोई लेना-देना नहीं है। जबकि महोत्सव से जिले के लोगों की भावना जुड़ी हुई है। जिला प्रशासन की ओर से जिन कलाकारों का चयन किया गया है, उसे सोशल मीडिया पर लोग पोस्ट कर तरह-तरह का आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। लोगों ने यहां तक कहा कि पहली बार आयोजित महोत्सव में बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायक अभिजीत को बुलाया गया था जो काफी बेहतर था। इसके बाद शारदा सिन्हा को भी बुलाया गया था। लेकिन इस बार के कलाकार कहीं से भी महोत्सव के लिए उचित नहीं हैं। जिन कलाकारों की सूची जारी की गयी है लोग मीडिया पर पोस्ट कर आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। उनमें पूजा चटर्जी, सलमान अली, अनुपमा यादव, शशांक शेखर, राजीव निगम, जॉली मुखर्जी आदि शामिल हैं। इससे पहले बंधीधर नगर में अभी तक तीन मर्तबा महोत्सव का आयोजन किया जा चुका है। इसमें पूर्व के रघुवर दास भाजपा सरकार में दो बार महोत्सव संपन्न हुआ है। वहीं एक बार हेमंत सोरेन की सरकार में महोत्सव हो चुका है।

## बंशीधर महोत्सव को पैसा कमाने वाला उत्सव नहीं बनायें डीसी : सत्येंद्रनाथ तिवारी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा के भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि बंशीधर महोत्सव में पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर स्वीकृत करीब 70 लाख आम-आवाम गरीब की पैसा है। उपायुक्त महोत्सव को महोत्सव रहने दें, उसे धूमधाम से मनाएं। महोत्सव के लिए अभी भी समय है, उसमें सुधार करें। उपायुक्त को हर चीज में पैसा कमाने की रोग लग गया है। अच्छे कलाकारों को बुलाना चाहिए। कार्यक्रम में नामचीन कलाकारों को बुलाना चाहिए। अभी तक के सूचना के अनुसार कार्यक्रम में आमंत्रित किये गये कलाकरों में एक दो को छोड़ दिया जाएं, उसके बाद उसमें एक भी नामचीन कलाकार नहीं हैं। जिला प्रशासन के इस तरह के कारनामा से भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ गढ़वा जिला के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों में मायूसी है। उन्होंने कहा कि वे डीसी को मनरेगा जैसी योजना में गड़बड़ी के बारे में मैंने खूद जानकारी दिया था। लेकिन उपायुक्त ने कोई कार्रवाई नहीं किया। विधानसभा सत्र समाप्त होते ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कार्य किया जायेगा। योजनाओं में कमीशनखोरी जारी है। उपायुक्त बंशीधर महोत्सव में पैसों का सद्उपयोग करें। बंशीधर महोत्सव ही रहने दें। अधिकारियों की पैसा कमाने वाला उत्सव नहीं बनाएं।

## श्री बंशीधर महोत्सव में एक भी ख्याति प्राप्त कलाकार नहीं, राशि की हो गयी बंदरबांट: भानु

- भानु प्रताप शाही ने आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव और जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण महोत्सव की भव्यता प्रभावित हुई है



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने आगामी 19 मार्च से आयोजित श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन को लेकर स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव और जिला प्रशासन पर तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव किसी राजनीतिक दल विशेष, जैसे जेएमएम और कांग्रेस का निजी आयोजन नहीं है, बल्कि एक सरकारी कार्यक्रम है, जिसकी शुरूवात पूर्व मुख्य मंत्री रघुवर दास, सांसद बीडी राम और मेरे कार्यकाल में अथक प्रयास से किया गया था। जिसे पारदर्शिता और भव्यता के साथ आयोजित किया जाना चाहिए। भानु प्रताप शाही ने कहा कि पूर्व में इस महोत्सव को उच्च स्तर पर आयोजित किया जाता था, जिसमें देश-विदेश के ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुति देते थे। इससे श्री बंशीधर महोत्सव को एक अलग पहचान मिलती थी और इस क्षेत्र की प्रतिष्ठा भी बढ़ती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव और जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण महोत्सव की भव्यता प्रभावित हुई है। जबकि इस आयोजन के लिए 70 लाख रुपये खर्च करने की योजना बनायी गयी है जिसकी स्वीकृति भी पर्यटन विभाग से मील चुकी है। उन्होंने कहा कि इस बार कार्यक्रम में केवल निम्न स्तर के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है, जिससे आयोजन का स्तर गिर गया है। शाही ने आरोप लगाया कि महोत्सव के नाम पर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है और इसका बंदरबांट हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव जनता के लिए है न कि कुछ लोगों के व्यक्तिगत लाभ के लिए। भानु प्रताप शाही ने विधायक अनंत प्रताप देव और उनके परिवार पर श्री बंशीधर मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस अतिक्रमण के कारण मंदिर के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है, जिससे न केवल श्रद्धालुओं को असुविधा हो रही है, बल्कि मंदिर की ऐतिहासिक गरिमा भी प्रभावित हो रही है।

उन्होंने विधायक देव और प्रशासन से मांग किया कि इस महोत्सव को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ आयोजित किया जाये और मंदिर के विकास में बाधा डालने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई हो।

## शांतिकुंज हरिद्वार से आये ज्योतिकलश रथयात्रा का मझिआंव में किया गया भव्य स्वागत



मझिआंव (आजाद सिपाही)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर पवित्र ज्योति कलश रथ यात्रा गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण करते हुए सोमवार को मझिआंव पहुंचा। इस दौरान मझिआंव शहर में आने के पहले ही गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में खजूरी गांव में अशोक साह, दिलीप सिंह, विष्णु देव प्रजापति, देवधारी महतो, जयशंकर प्रजापति और सुनरदेव राम सहित अन्य कई गायत्री परिजनों द्वारा ज्योति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद ज्योति कलश रथ प्रज्ञापीठ आमर के लकड़ही टोले पर पहुंचा। जहां पर प्रज्ञा पुत्रों द्वारा रथ यात्रा में सवार माता गायत्री की पूजा अर्चना की गयी। इस संबंध में ज्योति कलश के साथ शांतिकुंज हरिद्वार से आये राजकुमार कुशवाहा एवं अशोक महाराज ने बताया कि चमत्कारी शक्तियों से ओतप्रोत इस धरती के सबसे शक्तिशाली मंत्र गायत्री महामंत्र के माध्यम से मनुष्य में देवता का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण हेतु अखिल विश्व शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर यह ज्योति कलश रथ यात्रा पूरे देश में घूम रहा है। इस ऑफर पर गायत्री परिवार के केंद्रीय टोली सदस्य अच्युतानंद तिवारी, युवा मंडल के जिला संयोजक वीरेंद्र सोनी, बेचन राम, अशोक चौरसिया सहित कई गायत्री परिजन उपस्थित थे।

## पांच कुंडीय रुद्र श्री विष्णु महायज्ञ कल से शुरू



महायज्ञ की तैयारी पूर्ण, कल से कलश यात्रा के साथ शुरू।

सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित तेजवा पहाड़ पर आगामी बुधवार से पांच कुंडीय रुद्र विष्णु महायज्ञ को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए महा यज्ञ के अध्यक्ष सह भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि सौभाग्य की बात है की सगमा के रमणीक स्थल तेजवा पहाड़ पर चक्र माधव गदा माधव मंदिर प्रयाग राज के महंत अवधेश दास महराज के नेतृत्व में श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गाया है। आगामी बुधवार से होने जा रहा है। नव दिवसीय उक्त महा यज्ञ में प्रयाग राज हरिद्वार काशी के विद्वानों के द्वारा राम कथा होगा, साथ ही रात्रि में श्री धाम वृंदा वन के नाट्य मंडली द्वारा श्री कृष्ण लीला का मंचन किया जायेगा। 19 मार्च दिन बुधवार को कलश यात्रा पंचांग पूजन मंडप प्रवेश अखंड कीर्तन सुरु किया जायेगा। 27 मार्च गुरुवार को पूणार्हुति के साथ भव्य भंडारा का आयोजन होगा।

# गढ़वा के युवक की रूस में मौत, पूर्व मंत्री के प्रयास से शव लाने की कवायद शुरू



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेराल।** गढ़वा जिला के मेराल थाना अंतर्गत ग्राम औरैया निवासी सच्चिदानंद चौधरी का करीब 30 वर्षीय पुत्र रवि कुमार चौधरी की रूस में मौत हो गयी है। युवक गत 19 फरवरी को लेबर सप्लायर कंपनी डायनेमिक हाउस के माध्यम से ईस्टा कंपनी में मजदूरी करने रूस गया हुआ था। वहां तबीयत खराब होने के कारण उसकी मौत हो गयी। शनिवार को इसकी सूचना रवि के परिजनों को मिली। परिजनों ने झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से शव को वापस लाने की गुहार लगायी। श्री ठाकुर के प्रयास से मृतक का शव घर वापस लाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। पूर्व मंत्री के इस प्रयास के लिए परिजनों और ग्रामीणों ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। परिजनों से इस घटना की जानकारी मिलते ही झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए,

- ग्रामीणों ने मिथिलेश ठाकुर के प्रति जताया आभार

सीएमओ, विदेश मंत्रालय सहित विभिन्न माध्यम से प्रयास कर शव को वापस लाने की प्रक्रिया प्रारंभ करा दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीण ब्रह्मदेव चौधरी ने बताया कि रवि की मौत की खबर मिलने के बाद परिजन और ग्रामीणों ने गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, पलामू सांसद बीडी राम सहित विभिन्न माध्यमों से शव को वापस मनाने की गुहार लगाई। यहां तक कि काफी संख्याओं में ग्रामीण और परिजन गढ़वा विधायक श्री तिवारी के आवास पर उनसे मिलने के लिए एक घंटे तक बैठे रहे। उन्हें पूरे घटना की जानकारी दी गयी। फिर भी विधायक श्री तिवारी न तो घर से निकले और नहीं परिजनों से मिले। परंतु पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने इसकी सूचना मिलते ही भरपूर प्रयास कर शव को वापस लाने की कार्रवाई प्रारंभ करा दी है।

**दो छोटे-छोटे बच्चे तथा पत्नी को बेसहारा छोड़ गया रवि :** मृतक रवि चौधरी अपने पीछे दो अबोध बच्चों तथा पत्नी को बेसहारा कर छोड़ गया। रवि की मौत की खबर से पत्नी तथा दो मासूम बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। लोगों ने कहा कि अब इन तीनों का सहारा कौन बनेगा यह यक्ष प्रश्न है।

## डंडई के युवक की छत्तीसगढ़ में मौत



डंडई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के डंडई गांव निवासी सजीवन राम का 24 वर्षीय पुत्र सुप्रीम कुमार का छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में मौत हो गयी। मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। इधर मृतक का क्षत विक्षत शव सोमवार को गांव लाया गया। शव के गांव पहुंचते ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया। परिजनों ने बताया कि युवक के पिता संजीवन के अलावा चाचा अजय राम और मुकेश राम छतीसगढ़ के रायगढ़ में ट्रेलर गाड़ी चलाते हैं। सजीवन अपनी गाड़ी 20 दिन पहले अपने पुत्र सुप्रीम को दे दिया। और उसके बाद सप्ताह दिन भी नहीं हुआ कि उसकी जान चली गयी। पुलिस ने उसका शव रायगढ़ के स्थानीय जंगल से कोयला से ढका हुआ बरामद किया। शव की पहचान उनके परिजनों ने घटना स्थल पर पहुंचकर की। मृतक के पिता ने बताया कि वह कई वर्षों से रायगढ़ में ट्रेलर चला रहे हैं। **काम के चक्कर में मजदूर व युवा वर्ग कर रहे हैं पलायन :** मृतक के घर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार को लेकर प्रखंड क्षेत्र से प्रत्येक दिन लोगों का पलायन हो रहा है। आये दिन मजदूरों के मौत की खबर मिलती रहती है, लेकिन यहां के जनप्रतिनिधि और प्रशासन कान में तेल डालकर सोये हुए हैं। वे युवाओं और मजदूरों को काम दिलाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। झारखंड राज्य खनिज संपदा से भरा पूरा है। अगर यहां उद्योग धंधा के लिए फैक्ट्री लगा दिया जाता, तो यह दिन देखने को नहीं मिलता। सरकार मजदूर हित में कुछ पहल नहीं कर रही है। मजदूरों का लगातार पलायन हो रहा है। ऐसे में सरकार को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने की जरूरत है।

## धर्म रक्षा वाहिनी के बैठक में कई प्रस्ताव पारित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण गौशाला परिसर गढ़वा में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार धर्म रक्षा वाहिनी जिला-गढ़वा द्वारा धर्म रक्षा वाहिनी के सदस्यों की आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा की अध्यक्षता रमेश कुमार दीपक ने एवं संचालन सचिव कौशल कांत कुमार ने किया। बैठक में एक पांच सदस्यीय समिति गठित की गयी, जिसमें अनील पाण्डेय, अवधेश कुशवाहा, ब्रिज किशोर सिंह (विहीप), शुभम चौबे (संयोजक बजरंग दल) तथा रमेश कुमार दीपक को शामिल किया गया। धर्म रक्षा वाहिनी का संगठनात्मक चुनाव 10 अप्रैल 2025 के बाद कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित लोगों में अनिल पांडेय, कमलेश अग्रवाल, उपेंद्र सिंह, रमेश कुमार दीपक, कौशल कांत, सत्यनारायण सिंह, विकेश सिंह, ब्रिज किशोर सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## अरसली उत्तरी पंचायत में इफ्तार पार्टी का आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के अरसली उत्तरी पंचायत में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत के कई गणमान्य लोग और स्थानीय लोग शामिल हुए। इस मौके पर गढ़वा जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक कमेटी के जिला अध्यक्ष खुर्शीद आलम ने कहा कि समाज सेवा ही सबसे बेहतरीन पूजा है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने हमें जो ताकत दी है, उसका इस्तेमाल अच्छे कर्मों में करना चाहिए, ताकि समाज की भलाई हो सके। उन्होंने इस अवसर पर सभी से आग्रह किया कि वे एक-दूसरे की मदद करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभायें। इस मौके पर शकील अहमद, अफजल अंसारी, इरशाद खान, जमील अहमद, डॉ सफदरअली, नौशाद खान, वारिश खान, सुहैल अंसारी, अरमान खान, महफूज आलम, ऐनुल खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## युवती ने कीटनाशक दवा खाकर दी जान

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। केतार थाना क्षेत्र के पाचाडुमर निवासी नर्सिंग पासवान की 18 वर्षीय पुत्री ज्योति कुमारी पारिवारिक विवाद में कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीरावस्था में परिजनों ने इलाज के लिए भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया, जहां पर तैनात महिला चिकित्सक कुमारी अनुपमा के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति नाजुक होने पर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि ज्योति इंटर की छात्रा है, उसने ऐसा कदम क्यों उठाया उसका किसी को पता नहीं है, स्थिति बिगड़ने के बाद हमलोग अस्पताल लेकर पहुंचे।

# पूर्व मंत्री और बीस सूत्री उपाध्यक्ष के इशारे पर मेरी हत्या की कोशिश की गयी: योगेंद्र प्रसाद

- रांची से इलाज कराकर लौटने पर मीडिया से रूबरू हुआ बीडीसी पति
- गत सात मार्च को अपराधियों ने घर जाने के क्रम में योगेंद्र को मारी थी गोली




योगेंद्र प्रसाद।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** चिनियां थाने के सिगसिगा खुर्द गांव निवासी सह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता योगेंद्र प्रसाद ने कहा है कि झामुमो में शामिल कराने और विभिन्न योजनाओं की जांच कराने से झलाए झामुमो नेता सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष नीतेश सिंह द्वारा वर्ष 2022 से ही जान से मरने की धमकी दिया जा रहा था। प्रेस को जानकारी देते हुए घायल योगेंद्र साव ने बताया कि वर्ष 2022 में उसकी पत्नी पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित हुई थी। इस समय से नीतेश सिंह उसे और भी लक्ष्य कर के रखा था और गोली मरवाने की धमकी देता था। बरवाडीह पंचायत की मुखिया नीतेश सिंह की पत्नी है। कागज पर ही कई योजनाओं का निष्पादन कर लाखों रुपये की निकासी कर ली गयी है। इनमें कूप, मनरेगा और 15वें वित्त योजना शामिल है। वे सोमवार को ईलाज कराकर रांची से लौटने के बाद उन्होंने कहा कि सात मार्च की दोपहर करीब तीन बजे अपने घर से चिनियां के लिए निकला था। इसी बीच रास्ते में तहले पुलिया के समीप एक उजला अपाची पर सवार दो व्यक्ति पहुंचे और मेरी हत्या की नियत से गोली मार दिया। लेकिन गोली मेरी गर्दन में लगी। इसके बाद वे लोग भाग निकले। मैं भी किसी तरह आसपास के रिश्तेदारों को सूचित किया। इसके बाद ईलाज के लिए गढ़वा, मेदिनीनगर होते हुए रांची पहुंचा, जहां से वापस लौटा हूं। योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि झामुमो नेता नीतेश सिंह हमेशा मुझे झामुमो में शामिल होने का दबाव यह कहते हुए बनाते थे कि हमलोगों की सरकार है, मिथिलेश कुमार ठाकुर मंत्री हैं। तुम्हारा जांच कराने से कुछ बिगड़ने वाला नहीं है और लगातार धमकी देते थे। भ्रष्टाचार को उजागार करने में सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सूचना मांग करता था। योजनाओं में काफी गड़बड़ी सामने आयी थी। उन्होंने कहा कि मेरी हत्या में पूर्व मंत्री के दाहिना हाथ नीतेश सिंह, उनका साला नीतू सिंह, मुख्तार अंसारी आदि बार-बार धमकी देते थे। हमलोग मंत्री जी के साथ हैं। तुम सूधर जाओ, तुम्हारा परिवार है। उन्होंने कहा कि मेरे भाई सुनील साव ने प्राथमिकी के लिए आवेदन दिया है। पुलिस प्रशासन और सरकार अविलंब आरोपियों को गिरफ्तार कर मुझे न्याय दिलाएं।

## उपायुक्त शेखर जमुआर पर हत्या करने की कोशिश की प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए: सत्येंद्रनाथ तिवारी



गढ़वा। भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि उपायुक्त शेखर जमुआर पर हत्या करने की कोशिश की प्राथमिकी दर्ज होनी चाहिए। योजनाओं में गड़बड़ी और कमीशनखोरी के मामले में उपायुक्त गंभीरता दिखाते हुए कार्रवाई किये होते तो योगेंद्र प्रसाद के साथ ऐसी घटना नहीं घटती। योजनाओं में अरबों रुपये की घोटाला किया गया है। डीसी रुपये के लिए किसी हद तक जा सकते हैं। कमजोर और भ्रष्ट अधिकारी हैं। इस मामले को विधान सभा के पटल पर अवश्य उठाया जायेगा। उपायुक्त ने आनन-फानन में योग्य किसानों को पीएम किसान योजना से नाम काटने का काम किया। वर्षों से पीएम किसान का पैसा दूसरे जिले के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। ऐसे भ्रष्ट डीसी के खिलाफ सदन में आवाज बुलंद करूंगा। वहीं किसानों को योजनाओं से लाभांवित कराने के लिए तत्पर रहूंगा। योगेंद्र प्रसाद के साथ घटी घटना में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की भी भूमिका संदिग्ध हैं। पुलिस प्रशासन घटना की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करें।

# श्री रामलला मंदिर में होगा श्री रामनवमी महोत्सव



बैठक में पदाधिकारी और अन्य सदस्य।

- नौ दिनों तक श्री रामचरित मानस पाठ और प्रवचन का भी आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** श्री रामलला मंदिर सोनपुरवा में श्री रामनवमी महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जायेगा। नौ दिनों तक श्री रामचरित्र मानस पाठ और विद्वान आचार्य द्वारा प्रवचन का भी आयोजन होगा। महोत्सव के अंतिम दिन यानि नवमी को गढ़वा शहर और आसपास से निकलने वाले अखाड़ा जुलूस का स्वागत किया जायेगा। महोत्सव में गढ़वा के गणमान्य महानुभावों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। यह निर्णय श्री रामलला मंदिर समिति की बैठक में लिया गया।

श्री रामलला मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार श्री रामचरित मानस पाठ और रामकथा प्रवचन के लिए वृंदावन के विद्वान आचार्य संजय कृष्ण शास्त्री को आमंत्रित किया गया है। रामनवमी महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को भव्य तरीके से सजाने पर बल दिया गया। श्री रामनवमी जुलूस का समापन श्री रामलला मंदिर में ही होता है। इस ख्याल से सभी अखाड़ा के अध्यक्ष और सचिव को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही महोत्सव में स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों, समाजसेवियों, अपने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय महानुभावों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में महोत्सव के आयोजन का बजट तैयार किया गया। साथ ही पदाधिकारियों और सदस्यों से आग्रह किया गया कि मंदिर के दूसरे तल के निर्माण कार्य में आर्थिक सहयोग करने और लोगों से सहयोग कराने की अपील की गयी। इसके अलावे बैठक में अन्य कई निर्णय लिये गये।

बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अलख नाथ पांडेय ने की। बैठक में संरक्षक दिलीप कमलापुरी, उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, सुदर्शन सिंह, सचिव धनंजय सिंह, सह सचिव सत्यनारायण दुबे, कोषाध्यक्ष धनंजय गोंड, कार्यक्रम प्रमुख किशोर सिंह, विकास दुबे, आशीष अग्रवाल, अवधेश कुशवाहा सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# मारपीट की घटनाओं में दो की मौत

## आपसी विवाद में हुई थी मारपीट, इलाज के दौरान मौत, आरोपी गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना के रागोनोय गांव में गत गुरुवार की शाम आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल उसी गांव के सीनू एंगा पूर्ति नामक युवक की खूंटी के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गयी। इस संबंध में मृतक की पत्नी द्वारा अड़की थाने में आरोपित लक्ष्मण एंगा पूर्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। मृतक की पत्नी ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि गुरुवार की शाम उसके पति और आरोपित के बीच हुए आपसी विवाद के दौरान आरोपित लक्ष्मण एंगा पूर्ति ने उसके पति सीनू एंगा पूर्ति को हॉकी स्टिक से बुरी तरह मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

## तपकारा थाना क्षेत्र में आपसी झगड़े में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत


**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तपकारा थाना क्षेत्र के लोहाजिमी में मारपीट की घटना में घायल युवक कृष्णा चीक बड़ाइक (41) की सोमवार को सदर अस्पताल खूंटी में इलाज के दौरान मौत हो गयी। वह लोहाजिमी गांव का ही रहने वाला था। जानकारी के अनुसार मारपीट की घटना आठ मार्च को घटित हुई थी। ग्रामीणों के अनुसार कृष्णा का गांव के कुछ लड़कों के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। झगडे के दौरान ही कुछ लड़कों ने मिलकर कृष्णा की पिटाई कर दी। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां सोमवार को उसकी मौत हो गयी। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया गया।

## 123 विद्यालयों में योगात्मक मूल्यांकन परीक्षा शुरू



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी प्रखंड के 123 विद्यालयों में सोमवार से योगात्मक मूल्यांकन परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा का समापन 19 मार्च को होगा। सोमवार को हिंदी तथा विज्ञान विषय की परीक्षा हुई॥ 18 और 19 मार्च को गणित, संस्कृत, अंग्रेजी तथा सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी। परीक्षा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी संकुल साधन सेवी सभी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रधान शिक्षक की निगरानी में कदाचार मुक्त आयोजित किया जा रहा है।

## बिजली के जर्जर तार से ग्रामीण परेशान



**तमाड़/रडगाव (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के रड़गांव में बिजली की तार जर्जर हो गयी है, बिजली विभाग की लापरवाही के कारण कभी भी यहां बड़ा हादसा घटने की संभावना है। बीते दिनों मुख्य तार अचानक टूट गयी और एक बच्ची चपेट में आने से बाल बाल बची, ग्रामीणों द्वारा कई बार बिजली विभाग को तार टूटने की सूचना दिया गया, मगर अभी तक कोई कारवाई नहीं की गयी। रड़गांव घनी आबादी वाली बस्ती है, यहां कभर वाली तार लगना जरूरी है। रड़गाव के चारों ओर तार झुलते नजर आते हैं।

## वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी-रांची रोड में मैनुगढ़ा के समीप रविवार देर शाम किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को आसपास के लोगों द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया, जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान खूंटी के कालामाटी गांव निवासी डेबा उरांव के 24 वर्षीय पुत्र करमा उरांव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार करमा उरांव रविवार शाम डुंगरा बाजार से वापस अपने घर लौट रहा था, उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सोमवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने उसे परिवार को सौंप दिया।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** रनिया थाना क्षेत्र में अम्मा पकना तालाब में डूबने से 32 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान गुमला जिले के कामडारा थाना क्षेत्र के पोकला गेट के निवासी जानकी वल्लभ सिंह-पिता महावीर सिंह के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी सुनीता कुमारी ने बताया कि जानकी होली खेलने के लिए ससुराल उड़ीकेल के खेरखाई गंझू टोली आया हुआ था। रविवार को अचानक ससुराल से अपने बाइक से निकल गया था। सोमवार को अम्मापकना में भूमि सरंक्षण विभाग से बनाये गये तालाब के पास जानकी की बाइक और कपड़े को बरामद किये गये। परिवार और आसपास के लोगों को सूचना मिलते ही तालाब में काफी खोजबीन के बाद शव बरामद हुआ। उसकी पत्नी ने शव की पहचान की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार को सौंप दिया। इस घटना से परिवार सहित पूरे गांव में मातम छा गया।

## वज्रपात से महिला की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तपकारा थाना क्षेत्र के लतौली गांव में सोमवार को अपराह्न लगभग चार बजे हुए वज्रपात से बसंती गुड़िया नामक 35 वर्षीय महिला की मौत हो गयी, जबकि उसकी एक वर्ष की बेटी लीली कंडुलना को खरोंच तक नहीं आयी। बसंती गुड़िया तेलेस्फोर कंडुलना की पत्नी थी। जानकारी के अनुसार बसंती गुड़िया की बेटी घर के आंगन में शौच कर रही थी। अचानक बारिश शुरू हुई, तो बसंती अपनी बेटी को लाने के लिए घर निकलकर अपने आंगन में पहुंची ही थी कि जोरदार आवाज के साथ वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आकर बसंती की मौत हो गयी। तपकारा थाना पभारी नितेश गुप्ता ने बताया कि पुलिस शव को थाना ले आयी है। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनो को सौंप दिया जायेगा।

## पति से झगड़े के बाद पत्नी ने की खुदकुशी

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र की सोनपुरगढ़ मुंडा टोली में रविवार शाम को पति-पत्नी के झगड़े के बाद पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार कुंवारी भेंगरा (40 वर्ष) अपने पति महादेव भेंगरा उर्फ घूरा के साथ रविवार को सोनपुरगढ़ के साप्ताहिक बाजार गयी थी। वहां दोनों हंड़िया पीकर रात में घर पहुंचे। उसके बाद किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। आवेश में आकर कुंवारी घर मे रखी कीटनाशक दवा खाकर सो गयी। आधी रात को जब पति को होश आया, तो तुरंत वह कुंवारी को सदर अस्पताल खूंटी ले गया, लेकिन तब तक कुंवारी की मौत हो चुकी थी। इस मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## आदिवासी विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड न मिलने के खिलाफ जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** हुमटा पंचायत के गितिलडीह गांव के आदिवासी विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड न मिलने के खिलाफ जिला शिक्षा पदाधिकारी रांची को आइसा ने ज्ञापन सौंपा। आइसा के सदस्यों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को बताया कि रांची जिले के बुंडू प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय गितिलडीह के 10 वीं के छात्र और 11वीं के छात्राओं को परीक्षा फॉर्म भरने की अनुमति नहीं दी गयी, जिससे वे परीक्षा से वंचित रह गये हैं। संगठन ने इसे विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय बताया और स्कूल और प्रशासन की लापरवाही उजागर हुई। आइसा ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की कि इन गरीब आदिवासी विद्यार्थियों को विशेष परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाये ताकि उनका एक वर्ष खराब न हो। संगठन ने उचित कार्रवाई की उम्मीद जतायी है।

## पिपरवार में हुई कोल फील्ड मजदूर युनियन की बैठक, कई बातों पर हुई चर्चा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कोल फील्ड मजदुर युनियन के क्षेत्रिय कार्यालय मे एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रिय अध्यक्ष अनिल कुमार कुवंर और संचालन क्षेत्रिय सचिव भीम सिंह यादव ने किया। बैठक मे कोयला मजदुरो के कई ज्वलंत समस्याओ पर विचार विमर्श किया गया। बैठक मे मुख्य रूप से एनके एरिया के डकरा मे 21 और 22 मार्च को होने वाले अधिवेशन को सफल बनाने और पिपरवार क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या मे युनियन के कार्यकर्ता अधिवेशन मे शामिल होने का निर्णय लिया गया। बैठक में क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओ पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक मे मुख्य रूप से भीम सिंह यादव, अनिल कुवंर, बंसत नारायण महतो, रामू गोप, एसडी राम, हरिवंश महतो,रविंद्र कुमार सिंह,बालदेव यादव, गांधीराम साहू, रामबचन यादव, सुधीर कुमार, बासिल टोप्पो सहित युनियन के कई लोग उपस्थित थे।

## अनियंत्रित कार ने दुकानों को किया क्षतिग्रस्त

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा में होली त्योहार के दिन एक अनियंत्रित कार ने दो दुकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। चंदवा के इंदिरा चौक की ओर से काफी तेज गति से आ रही एस क्रॉस जेएच 01 डीएफ 1333 अचानक अनियंत्रित होते हुए दो दुकानों में जा घुसी दुकान एमके स्टील व एक अन्य दुकान को नुकसान पहुंचा है। घटना को लेकर प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि कार इंदिरा गांधी चौक चंदवा की ओर से काफी तेज गति से बाजार की ओर आ रही थी। वह गैरेज लेन के पास से ही अनियंत्रित हो गयी और रगड़ खाते हुए दुकानों में जा टकरायी घटना का सीसीटीवी फुटेज दुकानों में लगे कमरे में कैद हो गया है।

# सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के तीन छात्र करेंगे नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, खूंटी के तीन छात्रों सत्यम महतो, रौनक राज और सुधीर सांगा 21 से 29 मार्च तक आंध्रप्रदेश के गुंटूर में आयोजित मिनी ओपेन नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। सत्यम महतो 0-10 कंपाउंड, रौनक राज रिकर्व 0-10 बालक और सुधीर सांगा कंपाउंड 0-13 बालक वर्ग में हिस्सा लेंगे। इससे पहले इसी साल जनवरी महीने में जयपुर में आयोजित नेशनल पैरा आर्चरी गेम्स में भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के छात्र झोंगो पाहन ने सिल्वर मेडल जीता था। मिनी ओपेन नेशनल आर्चरी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इन छात्रों ने कड़ी मेहनत की है। इनकी मेहनत और स्कूल का सहयोग अब उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपने हुनर को साबित करने का मौका दे रहा है। विद्यालय के स्थानीय व्यवसायी हुटुबदाग निवासी राहुल कुमार राम के पुत्र अद्विक कुमार भी कंपाउंड अंडर 10 बालक वर्ग में भाग लेगा। अद्विक कुमार ने भी आर्चरी में अपनी क्षमता दिखाई है और वह इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय उन बच्चों के लिए एक विशेष स्थान है, जिनकी पृष्ठभूमि मुश्किल भरी रही है। यहां के छात्र अनाथ, एकल अभिभावक, नक्सल प्रभावित परिवार और मानव तस्करी से मुक्त कराये गये बच्चे हैं। यह विद्यालय इन बच्चों को शिक्षा, खेल और जीवन के अन्य क्षेत्रों में अवसर प्रदान करने का प्रयास करता है। स्कूल के 30 बच्चों के अलावा आसपास के गांव की बच्चियों को भी निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## ब्रह्म विद्या विहंगम योग के आश्रम और साधना केंद्र निर्माण के लिए भूमि पूजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** ब्रह्म विद्या विहंगम योग के आश्रम और साधना केंद्र के निर्माण के लिए सोमवार को खूंटी प्रखंड के एरेंडा में भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के साथ प्रयागराज झांसी आश्रम की आध्यात्मिक विद्या के ज्ञता द्वारा प्रशिक्षित विद्यार्थी पर मिंदर गोप सनोज विद्यार्थी द्वारा वैदिक हवन यज्ञ का अनुष्ठान किया गया। विहंगम योग के गुरु भाई और गुरु बहनों ने संकल्प लिया की शीघ्र की उस भूमि पर साधना केंद्र और सत्संग भवन का निर्माण कराया जायेगा। इस संबंध में ब्रह्म विद्या विहंगम योग संत समाज खूंटी के प्रधान संयोजक जितेंद्र कश्यप ने बताया कि सौभाग्य की बात है की खूंटी में ब्रह्म विद्या विहंगम योग के साधना केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा अनाथ बच्चों के लिए अनाथालय एवं गौशाला का निर्माण का प्रस्ताव है। कार्यक्रम में मुख्य यजमान विहंगम योग संत समाज खूंटी के प्रधान संयोजक जितेंद्र कश्यप, उप प्रमुख शांति देवी, उपदेष्टा सद्गुरु के अनन्य शरण शिष्य महिला प्रभारी शांति विश्वकर्मा, परामर्शक बिरसू सिंह, बनर्ज़देत टूटी, नीरा हस्सा, विश्वनाथ प्रमाणिक, आदित्य सेठ, धर्मराज सेवक आदि उपस्थित थे।

# बुंडू पंचायत में हुई ग्रामीणों की बैठक, कोयला खनन कंपनी का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती बुंडू पंचायत के ग्राम बुंडू में ग्रामीणों की एक बैठक राजा गोसाईं के प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता बुंडू पंचायत के मुखिया तुलसी तुरी ने किया। बैठक में बुंडू में प्रस्तावित कोयला खनन कंपनी एसएम स्टील्स एंड पावर लिमिटेड का जमकर विरोध किया गया। ग्रामीणों ने एक स्वर में आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि बुंडू पंचायत और आसपास के गांवों में किसी भी नीजि कोयला खनन कंपनियों का विरोध किया जायेगा और कंपनियों का दलाली करने वाले दलालों को सबक सिखाया जायेगा जो ग्रामीणों और कंपनी के बीच बिचौलिए का काम करेगा उसे कतय नहीं बक्शा जायेगा। ग्रामीणों में आक्रोश है कि इतने दिनों के बाद ग्रामीणों को जानकारी दी गयी। कहीं न कहीं कोयला कंपनी और दलालों के बीच गहरी शॉठ गांठ है, जिसको ग्रामीण सफल नहीं होने देंगे। ग्रामीणों ने आक्रोशित स्वर में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को भी इस पर संज्ञान लेना चाहिए कि विनाशकारी निजी कंपनियों को क्षेत्र में कोयला उत्पादन करने सहित अन्य कार्य के लिए अनुमति प्रदान नहीं दी जाये। जिसके लिए ग्रामीण भी पुरी तरह से एकजुट है।

# विधायक सुरेश कुमार बैठा ने किया योजनाओं का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** खलारी प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। जिनमें प्रमुख रूप से बुकबुका पंचायत में मुख्य पथ से प्रगति नगर तक पीसीसी सड़क, महावीर नगर में शमशान घाट में शेड निर्माण, मायापुर पंचायत अंतर्गत बरेड़ा स्कूल में शौचालय निर्माण, मायापुर में पेबर ब्लॉक सड़क का निर्माण सहित अन्य निर्माण योजनाएं शामिल है। अपने दौरे के क्रम में विधायक सुरेश कुमार बैठा डकरा स्थित उत्तरी करणपुरा श्रमिक महाविद्यालय का औचक निरीक्षण भी किया। जिसके बाद खलारी डीएसपी आवास के समीप बन रहे पार्क एवं खलारी पीएचसी अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। वहीं दौरे के क्रम मुख्य रूप से रांची जिला कांग्रेस महामंत्री राजेश सिंह मिंटू, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी, कांग्रेस प्रदेश सचिव इंदिरा देवी, तनवीर आलम, विक्की सिंह, बाबू खान, जावेद अंसारी, रमेश चौहान, भोला यादव, रोशन लाल सुरेंद्र यादव, मोनू सिंह, बबलू सिंह, संजय राम, राजा केशरी, शशि मुंडा, ओम प्रकाश यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# कल्याण पदाधिकारी ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर सोमवार को जिले के अड़की प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन सिंह ने किया। निरीक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में चल रही योजनाओं की प्रगति, सेवाओं की गुणवत्ता और बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा करना था। साथ हीं इस आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाना है। निरीक्षण के दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिये जा रहे पोषण आहार, टीकाकरण, साफ-सफाई और शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने केंद्रों पर उपलब्ध पोषण आहार की गुणवत्ता और वितरण प्रक्रिया की जांच की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये कि सभी बच्चों को समय पर पोषक तत्व युक्त भोजन मिले। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर दिये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को पोषण के अतिरिक्त उन्हें रोचक तरीके से प्रशिक्षण देने पर आधारित है।

# बचरा बंसत विहार कॉलोनी में मटका फोड़ का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के बसंत विहार कालोनी के इडेन गार्डन में मटका फोड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवयुवक कमेटी बंसत विहार कॉलोनी के द्वारा मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी मौजूद थी। नवयुवक कमेटी के अध्यक्ष विकास कुमार ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि मुखिया रीना देवी का स्वागत किया। इसके बाद मुखियां रीना देवी ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया रीना देवी ने कहा कि होली के अवसर पर बचरा बसंत विहार कॉलोनी में नवयुवक कमेटी के द्वारा प्रत्येक वर्ष मटका फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं। उन्होंने सभी लोगो से सनातन धर्म के धरोहर और परम्परा को बरकरार रखने की अपील की। इस मौके पर नवयुवक कमिटी के अध्यक्ष विक्की चौहान, सचिव राहुल भारद्वाज, कोषाध्यक्ष जयश्री राम, धोनी तिवारी, दीपक सिंह, पंकज यादव, अनु सिंह,अरुण चौहान, रोहित भारद्वाज, बिमला देवी, रीता रजक, कामिनी वर्मा, मंजु तिवारी, गुरनाम कौर सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

# खूंटी से मानव तस्करी की शिकार हुई दो लड़कियों को दिल्ली में किया गया रेस्क्यू

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिले के अड़की थाना क्षेत्र की दो नाबालिग लड़कियों का रविवार को दिल्ली के नेबसराय थाना क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों लड़कियों को अच्छे काम का लालच देकर मानव तस्कर दिल्ली ले गये थे। दिल्ली में प्लेसमेंट एजेंसी वाले उन्हें दाइ का काम करने के लिए भेजने वाले थे। इसकी भनक लगते ही दोनों नाबालिग लड़कियां किसी प्रकार तस्करों के चंगुल से छूटकर भागने में सफल रही और एक लड़की ने अपने मोबाइल से इसकी सूचना झारखंड भवन के टोल फ्री नंबर पर देते हुए मदद की गुहार लगायी। सूचना मिलते ही नोडल ऑफिसर नचिकेता ने परामर्शी निर्मल खलखो, मिशन मुक्ति फाउंडेशन के सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह और रेस्क्यू फाउंडेशन के अक्षय कुमार पांडे के साथ मिलकर पीड़िताओं के रेस्क्यू के प्रयास में जुट गयी। पीड़िताओं के मोबाइल फोन का लाइव लोकेशन दिल्ली के नेबसराय थाना क्षेत्र में मिलने पर नेबसराय थाना पुलिस के सहयोग से पीड़िताओं को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। इस बीच पीड़िताओं को दिल्ली से खूंटी लाने और अग्रतर कार्रवाई के लिए उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर एक रेस्क्यू टीम खूंटी से दिल्ली रवाना हो गयी है। टीम में बाल संरक्षण पदाधिकारी मो अल्ताफ खान, महिला थाना प्रभारी फूलमनी टोप्पो, एएसआइ रमजानुल हक, आरक्षी प्रिया कुमारी आदि शामिल हैं।

## अरविंद सिंह मेवाड़ के निधन पर करनी सेना ने शोक व्यक्त किया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** महाराणा प्रताप के वंशज और मेवाड़ के महाराज अरविंद सिंह जी मेवाड़ का आकस्मिक निधन हो गया है। हजारों करोड़ के मिल्कियत के मालिक होने के बाद भी वे एकदम जमीन से जुड़े व्यक्ति थे और सही मायने में क्षत्रिय धर्म का पालन करनेवाले व्यक्ति थे। उनके जाने से पुरे देश का क्षत्रिय समाज सहित सभी वर्ग के लोग मर्माहत हैं। झारखंड प्रदेश करणी सेना उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती है और शोक व्यक्त करती है। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से करणी सेना के प्रदेश महामंत्री राजन सिंह राजा, विनय सिंह मानकी, राजेश सिंह मिंटू, रंजन सिंह बिट्टू, रमण सिंह बंटी,विकेश सिंह विक्की, सुनील सिंह, अजय सिंह, गोपाल सिंह, संजय सिंह, शैलेन्द्र सिंह, नागेंद्र सिंह, साजन सिंह राठौड़, गुड्डू सिंह, ललन सिंह, अमरेंद्र सिंह, पृथ्वी सिंह, शुभम सिंह, अरविंद सिंह, महेंद्र सिंह, प्रवीण सिंह, हिमांशु शेखर सिंह, राजशेखर सिंह, विनोद सिंह, वीरेन्द्र सिंह, लखन सिंह, छोटू सिंह, भोला सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सहित अन्य लोग शामिल हैं।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# विद्यासागर स्कूल के आदर्श का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विज्ञान और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत विद्यासागर पब्लिक स्कूल के कक्षा 7 के छात्र आदर्श कुमार धान का चयन हुआ है। इस उपलब्धि के लिए आदर्श को 10 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। जिससे वह अपने वैज्ञानिक प्रोजेक्ट को और आगे बढ़ा सकेगा। ज्ञात हो कि इंस्पायर अवार्ड योजना का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान और नवाचार के प्रति रुचि विकसित करना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस योजना के तहत देशभर के कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट निर्माण के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है। चुने गए छात्र अपने नवाचारों को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त करते हैं।

### आदर्श की उपलब्धि

आदर्श ने विज्ञान के क्षेत्र में अपनी रचनात्मक सोच और नवाचार क्षमता का प्रदर्शन किया, जिसके चलते उनका चयन हुआ। उनका यह प्रोजेक्ट विज्ञान और समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत बनेगा और अन्य छात्रों को भी प्रोत्साहित करेगा। आदर्श ने अपने शिक्षक ललन सिंह के मार्गदर्शन से उपलब्धि हासिल किया। विद्यालय के निदेशक ललन सिंह व शिक्षकों ने आदर्श की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ललन सिंह ने बताया कि आदर्श बेड़ो प्रखंड के जरिया गांव का रहने वाला है। जिसने राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित मॉडल बनाया था। कहा कि यह उपलब्धि पूरे बेड़ो और विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। इससे अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

# भाजपा नेता रामचरण पाहन के श्राद्धकर्म में शामिल हुए कार्यकर्ता



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे के हरातु बस्ती निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता सह टाटीसिलवे पूर्व एसटी मोर्चा अध्यक्ष रामचरण पाहन के निधन के बाद उनके आवास पर श्राद्धकर्म सह ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा के कई नेताओं-कार्यकर्ताओं ने शामिल होकर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बतातें चलें कि रामचरण पाहन लंबे समय से ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित थे। विगत दिनों उनका निधन हो गया था। सोमवार को उनके निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम में मृतक की पत्नी एवं सिलवे मुखिया नूतन पाहन, उनके पुत्र राहुल पाहन, पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, पूर्व महामंत्री सरयुग प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, अमित कुमार मिश्रा, राणा दिनकर सिंह, गिरधर मिश्रा, हलधर मिश्रा, राजेश मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने स्व. रामचरण पाहन के समाज एवं राजनीति में दिए गए योगदान को याद किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# बांसुरी वादक मनरखन बड़ाइक झारखंड विभूति से हुए सम्मानित



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डुमरदोन गांव निवासी सह प्रसिद्ध बांसुरी वादक मनरखन बड़ाइक को झारखंड विभूति से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ के तत्वावधान में विगत 12 मार्च को रांची के जेके सेलिब्रेशन डिबडीह में आयोजित वार्षिक समारोह में दिया गया। जिसमें महिला खिलाड़ियों के साथ ही सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान देने वालों को झारखंड विभूति सम्मान प्रदान किया गया। मनरखन बड़ाइक ने बताया कि 1996 से 1999 लगातार तीन वर्षों तक उन्होंने विदेशों में भी अपनी कला का प्रदर्शन किया है। उन्होंने लोकगीतों के अलावे भगवती मां दुर्गा के लोक धुनों का लोगों को रसपान कराया है। इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने बांसुरी वादक मनरखन बड़ाइक की कला की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। मौके पर दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता व संस्कृतिकर्मी आदि मौजूद थे।

# श्री महावीर मंडल समिति गेतलसूद की बैठक 19 को



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** महावीर मंडल समिति गेतलसूद की बैठक 19 मार्च को शिव मंदिर प्रांगण में होगी। जिसमें आगामी छह अप्रैल को आयोजित होने वाले अस्त्र-शस्त्र चालन सह झांकी प्रतियोगिता की तैयारियों एवं अन्य कार्यक्रम को लेकर चर्चा की जाएगी। संचालन समिति के महामंत्री संजय नायक ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं रामभक्तों को इस बैठक में समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# ट्रेन से कटकर युवक ने की आत्महत्या

## मृतक की मां का दावा : युवती से प्रेम के बाद तनाव में था

**मामला दर्ज कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान लाली घुटवा टोली निवासी संजय पाहन (30) के रूप में हुई है। संजय की मां ने बताया कि उनका बेटा मिलन चौक स्थित एक बिस्किट फैक्ट्री में कार्यरत था। वह एक युवती से प्रेम करता था, जिसकी जानकारी उसने अपनी मां को भी दी थी। मां ने बताया कि संजय पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। अक्सर ट्रेन से कटकर जान देने की बात कहता था। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी है। इस घटना से परिजनों में शोक का माहौल है।

# कांके विधायक ने किया पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**ठाकुरगांव।** प्रखंड के ठाकुरगांव गांव के चपाटोली और इटहे में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने सोमवार को पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर बुढ़मू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि बबलू उरांव, झामुमो नेता समीम बाडेहार, मनीष कुमार, अशोक महतो, उमेश महतो, शिव शंकर उरांव और दिलीप उरांव उपस्थित थे।

# अधिसूचना को लेकर जोरदार आंदोलन करने का निर्णय

**अंगीभूत इंटर कॉलेज शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी मोर्चा की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झारखंड अंगीभूत इंटर महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की अहम बैठक सोमवार को रांची जिला स्कूल मैदान में हुई। इसकी अध्यक्षता इंदु मिंज एवं रामानुज पांडे ने किया। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और प्रस्ताव पारित कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कहा कि रांची विश्वविद्यालय के अंगीभूत्त इंटर महाविद्यालयों में सत्र 2025-26 में नामांकन के लिए अभी तक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। विलंब किए जाने पर रोष व्यक्त किया गया और निर्णय लिया गया कि अधिसूचना को लेकर जोरदार आंदोलन किया जाएगा। यह भी निर्णय हुआ कि नामांकन के लिए अधिसूचना जारी करने के लिए सरकार पर दबाव बनाने के लिए सभी विधायकों, सांसदों एवं अन्य जन प्रतिनिधियों का घेराव किया जाएगा। बैठक में सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

# बीबीएमकेयू : होम सेंटर में यूजी सेमेस्टर पांच प्रतियोगी परीक्षा 19 से

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीबीएमकेयू धनबाद और बोकारो के यूजी सेमेस्टर पांच सत्र 2022-25/26 की प्रतियोगी परीक्षा होम सेंटर पर 19 मार्च से शुरू होगी। जो 27 मार्च तक निर्धारित है। इस लेकर कॉलेजों को तैयारी करने का निर्देश जारी कर दिया गया है। बाह्य परीक्षकों की सूची विश्वविद्यालय से उपलब्ध कराई जाएगी। दूसरी ओर, बीबीएमकेयू आयोजित बैचलर इन फार्मेसी सेमेस्टर-2 सत्र 23-27 की परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। परीक्षा 24 मार्च तक पहली पाली में ली जाएगी। इसकी घोषणा पहले ही कर दी गयी है।

# प्रखंड सहायक संघ की बैठक में सरकार का जताया आभार



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड पंचायत सहायक संघ की बैठक सोमवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष हुआ। जिसमें प्रखंड पंचायती राज विभाग के समन्वयक को सरकार के अवर सचिव फुलेंद्र प्रसाद शर्मा द्वारा निकाली गयी पत्र की एक प्रति दी गयी। गौरतलब हो कि पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की ओर से 16 महीने से अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन के बाद झारखंड सरकार ने पंचायत सहायक बनाकर ग्राम पंचायत सहायता केंद्र में प्रत्येक कार्य दिवस में नागरिकों की सहायता के लिए संचालित करने का मार्गदर्शिका तैयार किया है। इसमें गांव में विभिन्न जागरूकता अभियान एवं कार्यक्रम चलाना। पेंशन, राशन, आवास, मनरेगा और किसान सम्मन निधि आदि योजनाओं का प्रत्येक परिवार का डाटा तैयार करना। ग्राम सभा द्वारा तैयार लाभुकों की सूची का रिकॉर्ड तैयार करना। सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों एवं असुरक्षित परिवार को चिन्हित करना एवं उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना। पंचायत अथवा विभाग द्वारा निर्धारित कार्यों में आवश्यक सहयोग प्रदान करना आदि शामिल है। बैठक में प्रखण्ड अध्यक्ष गुलशाद राजा, सचिव संतोष कुमार यादव, प्रदीप साहू, विजय साहू, साकिर हुसैन, राजेंद्र लोहारा, अनील ठाकुर, जगरनाथ महतो, रफीक आलम, सरिता देवी, सिलेंडर महतो, रवि चौरसिया, फूल कुमारी, दिलीप साहू आदि शामिल रहे।

## नागपुरी गायक क्यूम रूमानी और बांकुड़ा की बुल्टी सिंह के गीतों पर झूमे लोग

# प्रहरी मेला फैला रही सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता : सांसद

## मेला के प्रति लोगों का गहरा लगाव है : विधायक निर्मल महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**कसमार/बेरमो।** कसमार प्रखंड के खैराचातर में स्वर्गीय सुरेश जायसवाल की स्मृति में पिछले 25 वर्षों से आयोजित प्रहरी मेला सामाजिक और सांस्कृतिक जागरूकता फैला रहा है। इस मेला के बहाने लोगों को स्वर्गीय जायसवाल को याद करने और उनके नक्शे कदम पर चलते हुए सामाजिक जिम्मेदारियां को निभाने की प्रेरणा मिलती है। उक्त बातें गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कही। वे रविवार की रात प्रहरी मेला के छठे दिन आयोजित आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। वहीं, मांडू विधायक निर्मल महतो ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से सात दिवसीय इस मेला का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन इस बात को साबित करता है कि इस मेला के प्रति लोगों का गहरा लगाव है। कार्यक्रम को गोमिया के पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने भी संबोधित किया। इससे पहले अतिथियों ने फीता काटकर और स्वर्गीय जयसवाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इधर, आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में नागपुरी के लोकप्रिय गायक क्यूम रूमानी, बंगाल की बुल्टी सिंह और रामगढ़ की प्रियंका शर्मा ने साथी कलाकारों के साथ देर रात तक गीत संगीत से दर्शकों को सराबोर कर दिया। लोग घंटो झूमते-थिरकते रहे। संचालन पंकज कुमार जायसवाल ने किया। मौके पर माले नेता शकुर अंसारी, आजसू प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्रनाथ महतो, पूर्व मुखिया विष्णुचरण महतो, डॉ जीतलाल महतो, उमेश कुमार जायसवाल, सूरज जायसवाल, पंसस विनोद महतो रसलीन, रितेश सिन्हा, अधिवक्ता रितेश कुमार जायसवाल, मेला कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम महतो, व्यवस्थापक रामसेवक जायसवाल, संयोजक पंकज कुमार जायसवाल, अशोक कुमार सिंह, राजेश कुमार राय, कपिलेश्वर महतो, सौरभ कुमार रॉय (मोंटी), उपेंद्र कुमार जयसवाल, सौरभ जायसवाल, राजू महतो, रोमेल अंसारी, किशोर कांत, सुफलचंद्र महतो, महेंद्र कुमार नायक, राहुल कुमार महतो, लालू महतो, आनंद महतो, दिलीप महतो, सरोज महतो, चंद्रकिशोर महतो, विद्युत गोस्वामी, विष्णु जायसवाल, रणदेव मुर्मू, सुंदरलाल घांसी, नीरज भट्टाचार्य, शेखर शरदेंदु, रमेश चंचल, हबीब नाज, प्रेमजीत जायसवाल, प्रेमचंद महतो, यूनुस अंसारी, डब्लू शर्मा, अंकुश, अभिषेक, तुषार, अनुज रॉय, संजय जयसवाल, संजय रॉय, वकील प्रजापति, भोला स्वर्णकार, प्रेम रॉय, राहुल रॉय किट्टू, श्रवण रॉय, विजय ठाकुर, अविनाश राय आदि मौजूद थे।

# पहली से सातवीं कक्षा तक की शुरू हुई वार्षिक परीक्षा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सरकारी एवं सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों में पहली से सातवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा (एसए 2 की परीक्षा) सोमवार से शुरू की गई। पहले दिन पहली पाली में पहली से सातवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए हिंदी एवं द्वितीय पाली में छठी एवं सातवीं कक्षा के लिए विज्ञान विषय की परीक्षा ली गई। इसके लिए जे गुरुजी एप से प्रश्नपत्र डाउनलोड कर विद्यालय के प्रधान शिक्षक-शिक्षिकाओं, सहायक शिक्षकों और अध्यापकों ने ब्लैक बोर्ड में लिखकर बच्चों से परीक्षा ली। वहीं, कई विद्यालयों में प्रश्नपत्र का प्रिंटआउट कर बच्चों को उपलब्ध कराया। जिन विद्यालयों में अधिक बच्चे हैं वहां शिक्षक-शिक्षिकाओं को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ा। एक प्रधान शिक्षक ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि जिन विद्यालयों में शिक्षक कम हैं और बच्चे अधिक हैं। वहां काफी परेशानी हो रही है। लापुंग प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की गई। लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय लेटे, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु, राजकीय प्राथमिक विद्यालय अकमरोमा, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुरा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी, राजकीय मध्य विद्यालय दोलैचा, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुगांव खास, निर्मला उच्च विद्यालय महुगांव, आरसी प्राथमिक विद्यालय महुंगाव, आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया, आरसी प्राथमिक विद्यालय सेमला, एसपीजी प्राथमिक विद्यालय डुरु सहित दर्जनों विद्यालयों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की गई।

# मध्यस्थता केंद्र के पहले दिन 16 मामलों में मिली सफलता




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची मध्यस्थता केंद्र में आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन सोमवार को परिवार न्यायालय एवं विभिन्न न्यायालयों से कुल 29 मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केंद्र में आये। जिन्हें अलग- अलग मध्यस्थ को सौंप दिया गया। इसमें कुल 16 मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है। यह मध्यस्थता अभियान 17 से 21 मार्च तक चलेगा। इस दौरान वादकारी अपने वादों का मध्यस्थता के माध्यम से सुलझा सकते हैं।

# धनबाद रेल मंडल के 27 कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला संरक्षा पुरस्कार



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सोमवार को संरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा ने फरवरी 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 27 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कृत कर्मचारियों ने धनबाद मंडल के विभिन्न खंडों में रेल फ्रैक्चर, हॉट एक्सल और अन्य संरक्षा संबंधी खामियों को समय रहते चिन्हित किया, जिससे संभावित दुर्घटनाओं और परिचालन संबंधी बाधाओं को रोका जा सका। इनके सतर्कता भरे कार्यों ने रेल संचालन को सुरक्षित और सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को भविष्य में भी इसी समर्पण और सतर्कता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रेलवे की संरक्षा में योगदान देने वाले कर्मचारियों को उचित सम्मान और प्रोत्साहन मिलता रहेगा।

# सीसीएल, सीआइएफ और बेरमो पुलिस की संयुक्त छापामारी में 80 टन अवैध कोयला जब्त

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढ़ोरी में कोयला तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों ने कमर कस ली है। इसी के तहत सीसीएल ढोरी सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश सिंह के नेतृत्व में बेरमो पुलिस और सीआईएसएफ क्यूआरटी टीम ने संयुक्त रूप से पांच नंबर धौड़ा में सोमवार को छापामारी की। इस दौरान मौके से लगभग 50 टन अवैध कायेला जब्त किया गया। जिसे जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर और हाईवा से उठा कर सीसीएल को सौंप दिया गया। बेरमो थाना प्रभारी रोहित सिंह ने कहा कि थाना क्षेत्र में कोयला तस्करी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने को लेकर पुलिस, सीआईएसएफ और सीसीएल सुरक्षा विभाग द्वारा संयुक्त छापामारी की जा रही है। इसमें जब्त कोयले को सीसीएल को सौंप दिया गया।

# जारी के भीखमपुर जंगल में शरारती तत्वों ने लगायी आग



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** जारी प्रखंड के भीखमपुर जंगल में शरारती तत्वों ने आग लगा दी है। आग भीखमपुर से जलता हुआ गोविंदपुर की ओर बढ़ रहा है। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग को दी है लेकिन वन विभाग की ओर से आग बुझाने की दिशा में किसी प्रकार के पहल नहीं की गयी है। आग लगने से जंगल में विचरण करने वाले कई जीव जंतु जलकर नष्ट हो गये है। वहीं पर्यावरण को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने बताया शनिवार को ग्रामीणों ने आग की लपटे देखी इसके बाद वन विभाग को घटना की सूचना दी गयी लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी वन विभाग की ओर से आग बुझाने की दिशा में पहल नहीं की गयी है। सोमवार की अपराह्न 3 बजे ग्रामीणों ने बताया संभावना व्यक्त की जा रही है कि महुआ चुनने को लेकर लोगों ने आग लगायी है। बता दे की पतझड़ शुरू होते ही पेड़ की पुरानी पत्तियां जमीन पर गिर जाती है। जिसके कारण लोगों को महुआ चुनने में परेशानी होती है। जिसके कारण लोगों ने जंगल में आग लगायी होगी।

# डायन बिसाही के शक में महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के फट्टी बगीचा गांव निवासी 50 वर्षीय मैनो देवी की डायन बिसाही के शक में गांव के ही युवक 22 वर्षीय कर्मपाल लकड़ा पिता भीकू लकड़ा ने निर्मम हत्या कर दी। घटना रविवार की देर शाम की है इसके बाद महिला के शव को सदर अस्पताल लाया गया।

घटना की सूचना पर गुमला थाना के एसआइ हेमा देवी सजीवन और इमानुएल कोंगाड़ी गांव पहुंचे और महिला को ढूंढने लगे। काफी खोजबीन करने के बाद भी महिला का आता-पता नहीं चला इसके बाद घटना की सूचना पर एसडीपीओ सुरेश यादव गांव पहुंचे और मामले की जानकारी ली। वही गांव के कुआं में झगड़ डालकर महिला की खोजबीन की गयी लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। शक के आधार पर गांव के ही युवक कर्मपाल को हिरासत में लिया गया।



आरोपी कर्मपाल को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस और इंसेट में महिला की फाइल फोटो।

पूछताछ में उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया महिला शराब के नशे में थी और घर जा रही थी। घर के समीप से ही उसे पकड़कर सुनसान जगह ले गया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद वापस घर आया और घर से एक चाकु लिया। जिसके बाद महिला के गला को चाकू से रेत दिया। वहीं कंधे में ढोकर उसे नदी किनारे ले गया और बालू में गाड़ दिया। उसके निशान देही पर महिला के शव को पुलिस ने नदी के किनारे से बरामद किया। वहीं सोमवार की अपराह्न 4 बजे आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# महिला ने की घर में घुसकर अश्लील हरकत करने और चोरी की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** होली के दूसरे दिन रविवार को रात्रि तकरीबन 10:45 बजे गुमला कदमटोली वार्ड न.- 1 में किराये के मकान में रह रही 40 वर्षीय सीतामुनी देवी को उसके पति के गैर मौजूदगी में मुहल्ले के ही चार युवकों ने शराब के नशे में धूत होकर उसके घर में घुसकर उसकी साड़ी और ब्लाऊज को फाड़कर पूरे शरीर में अबीर लगा दिया गया। हल्ला करने पर उसके मुंह में रूमाल को ठुसकर उसके कान वाला सोने की झुमका को नोच लिए तथा पर्स में रखे पैंतिस सौ रुपये को छिनकर किसी को बताने पर जान मार कर कुंवा में फेंकने की धमकी देने का मामला गुमला थाना पहुंच गया है तथा थाना द्वारा जांच एवं कारवाई प्रारम्भ कर दिया गया है। पीड़िता ने आवेदन की प्रति पुलिस अधीक्षक को भी दी है। पीड़िता के




आवेदन में उल्लेख कि है कि मैं सीतामुनी देवी पति राकेश कुमार राय ग्राम कदमटोली का रहने वाली हुं। मैं कदमटोली का मुकेश प्रधान का घर में लगभग दो वर्षों से किराये का मकान में रहती हूं। 16 मार्च 2025 दिन रविवार को रात्रि लगभग 10:45 बजे जब मेरे पति घर में नहीं थे उस समय नशे की धूत में संदीप प्रधान, अमरनाथ प्रधान, शकु प्रधान, सोनु प्रधान चारो ग्राम कदमटोली, वो गुमला आये और दरवाजा को पीटने लगे। जैसे ही मैं दरवाजा खोली सभी चारो मेरे ऊपर टूट पड़े तथा साड़ी और ब्लाऊज को फाड़ दिये तथा जमीन में पटककर मेरे पूरे शरीर में गलत नियत से अबीर लगाने लगे। जब मैं हल्ला करने लगी तो मेरे मुंह में रूमाल ठुसकर मेरे कान का सोने का झुमका तथा पर्स में 3500 रूपये छिने तथा कहीं बताने पर जान मारकर कुआं में फेक देने का धमकी देकर भागने लगे। मैं भी भागकर हल्ला करते हुए भलदम चट्टी बगल मुहल्ले में गयी और वहां के शिबू गोप, धरमु गोप तथा भोला दास को घटना की बात बतायी जो मुझे घर तक छोड़ आये तथा मेरे पति खबर कर बुलाये। इस घटना से हम सभी परिवार को भय व्याप्त है। इसीलिए इस पर कानूनी कार्रवाई किया जाये।

# एक ही घर में दूसरी बार हुई चोरी

बढ़ती चोरी की घटनाओं से अक्रोशित हैं गुमला वासी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** फसिया पंचायत में प्रभाकर कुशवाहा के घर दो बार चोरी हो गयी। समाज में चारों तरफ पुलिस ककी विफलता के चर्चे हैं। चोरों की मनोबल गुमला जिला में काफी बढ़ गया है। प्रभाकर कुशवाहा ने इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होने आवेदन में बताया है कि वे सपरिवार अपनी दीदी के यहां 11 बजे घर का ताला बंद करके गये थे। वहां से शाम 7.30 बजे घर वापस आकर जैसे ही मुख्य द्वार का ताला खोलने के बाद पता चला कि घर के पीछे तरफ की खिडकी तोड़कर घर में चोरी कर ली गयी है। जिसकी



सूचना में थाना को दिया। पुलिस ने घर आकर मुयाना भी किया। चोरी किये गये सामान में नगद एक 1.68 लाख रुपये नकद, कान का झुमका सोने का, एक जोड़ा सोने का मांगटीका, चांदी का 2 जोड़ा पायल, आभूषण का मूल्य एक लाख बाईस हजार रुपये के आभूषण शामिल हैं। उन्होने बताया कि चोरी की यह दूसरी घटना उनके घर पूर्व में 29 मई 2024 को भी हुई थी। जिसमें लगभग तीन लाख रुपये की चोरी हुई थी। जिसका आवेदन भी थाना की दिया गया परंतु अभी तक ना चोर पकड़ाया और ना ही सामान की बारामदी हुई।

चोरी की बढ़ती घटना पर कांग्रेस के जिला महासचिव सह संवेदक संघ के अध्यक्ष संतोष गुप्ता गुड्डू ने कड़ी निंदा की है। उन्होने पुलिस पदधिकारियों से अपील की है कि यथाशीघ्र मामले का उद्भेदन करें और चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगायें।

# समाजसेवी मुस्तफा कुरैशी को किया गया सुपुर्द-ए- खाक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रिम्स में इलाज के दौरान अंबेडकरनगर कुरैशी मोहल्ला निवासी 74 वर्षीय गुलाम मुस्तफा कुरैशी का इंतकाल हो गया। उनके शव को रविवार की शाम एंबुलेंस से अंबेडकर नगर बाजार टांड गुमला उनके पैतृक आवास लाया गया। यह खबर सुनते ही उसके आवाज पर भारी संख्या में लोग पहुंचकर लोगों ने उनके परिवार के लोगों को सांत्वना दी। सोमवार को 2:00 बजे सिसई रोड स्थित गुमला कब्रिस्तान में उन्हे सपुर्द ए खाक किया गया। मोती मस्जिद के इमाम हाफिज जाहिद राजा ने जनाजे की नमाज पढ़ाई। इस मौके पर भारी संख्या में उनके रिश्तेदार अंजुमन इस्लामिया गुमला के पदाधिकारी तथा लोहरदगा, चाईबासा डोरंडा रांची, हजारीबाग, गया, छत्तीसगढ़, कोलकाता तथा गुमला के आसपास विभिन्न ग्राम चैनपुर डुमरी रायडी टांगरटोली



गोविंदपुर आदि जगहों से उनके चाहने वाले, मित्र और रिश्तेदार पहुंचे। ज्ञात हो कि मरहूम मुस्तफा कुरैशी अपने कुरैशी समाज के कई बार अध्यक्ष रहे। उन्होने समाज सुधार के लिए कई महत्त्वपूर्ण कार्य किए। समाजसेवियों के साथ उनका अच्छा समन्वय स्थापित था। जनाजे में अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी, सचिव मकसूद आलम, आशिक अंसारी मोहम्मद हसन उर्फ लड्डन, हाजी सुल्तान अंसारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीम अख्तर, सैयद जुन्नु रेन, आलम कुरैशी, कमरुद्दीन कुरैशी, अफसर कुरैशी, लोहरदगा हाजी तौफीक कुरैशी, फिरोज कुरैशी, गुड्डी रांची हाजी कमाल कुरैशी, पूर्व अंजुमन सचिव शाहजहां अनवर, मोहम्मद परवेज, मुस्लिम होटल महफूज कुरैशी, निसार कुरैशी, सरवर आलम उर्फ बबलू, शहजाद कुरैशी, शाहनवाज कुरैशी अशफाक कुरैशी, फैज कुरैशी, साबिर कुरैशी, मुख्तार कुरैशी जीशान कुरैशी, आलीशान कुरैशी वकील कुरेशी कयूम कुरैशी, जब्बार कुरैशी आजाद कुरैशी अख्तर कुरैशी इकबाल कुरैशी नसीम कुरैशी कौसर कुरेशी गया समाजसेवी गुमला कब्रिस्तान कमेटी के मोहम्मद शहाबुद्दीन अनवर हुसैन आदि लोग शामिल थे।

# कुगांव में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के कुगांव पंचायत सचिवालय प्रांगण में पशुपालन विभाग द्वारा पंचायत स्तरीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पशुपालन पदाधिकारी डॉक्टर सीमा एक्का, पंचायत समिति सदस्य सरवन उरांव शामिल हुए। वही किसानों द्वारा लाए गए पशु की स्वास्थ्य जांच कर 43 किसानों के बीच निशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस क्रम में पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा एक्का ने बताया कि 43 किसानों के बीच मवेशियों के लिवर टॉनिक, क्रीमी नाशक दवा, मिनरल मीकचर, अफरा गैस के दवा का वितरण किया गया। ताकि पशु स्वस्थ रह सके। पंचायत समिति सदस्य श्रवण उरांव कहा कि पशुपालन विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को उसका लाभ मिलता है। मवेशी को होने वाली बीमारी और उसका इलाज जरूरी है। मौके पर केसरी नंद कुमार, दीपक मुंडा, लालमोहन उरांव सहित कई किसान उपस्थित थे।

## सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव मनाने को लेकर बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव को लेकर चुंदरी पंचायत सचिवालय में मुखिया विनीता कुमारी का अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में चूंदरी पंचायत में सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव को लेकर चर्चा किया गया। वही बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 17 अप्रैल 2025 को करंज ताड में पंचायत स्तरीय सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव आयोजित करने पर सहमति बना ।वही मुखिया विनीता कुमारी ने कार्यक्रम में सभी राजस्व ग्राम से नृत्य संगीत मंडली को शामिल होने की बात कही। साथ परंपरा और आदिवासी वेशभूषा में सुशोभित होकर कार्यक्रम में आने का अपील भी किया। बैठक में मुनेश्वर उरांव, आदित्य भगत, आनंद महली, कैलाश महतो, संजेश उरांव, इलाही राय, तेरू भगत, दिलीप उरांव, परशुराम यादव, प्रकाश भगत, सानिया उरांव, दुर्गा भगत, जगन्नाथ उरांव, बांधव देवी, राय मुन्नी देवी, राजकुमार सिंह, विकास उरांव सहित अन्य उपस्थित हुए।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय नाबालिक छात्रा को गांव के ही युवक 19 वर्षीय रविंद्र उरांव ने अपहरण कर लिया इसके बाद जंगल ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गांव से ही सोमवार के अपराह्न 4 बजे गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक 12 मार्च की रात को युवक छात्रा के घर में घुस गया। जिसके बाद डरा धमका कर अगवा कर लिया और पास के ही जंगल ले गया। जहां उसने रात भर छात्रा के दुष्कर्म किया। सुबह जब परिजन लड़की को घर में नहीं पाए तो काफी खोजबीन किया। जिसके बाद गुमला थाना में मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी। अनुसंधान के क्रम में युवक का नाम सामने आया इसके बाद पुलिस जंगल से खोज कर दोनों को बरामद किया।

## पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तेंदार ग्राम में अपनी पत्नी की लाठी डंडे से मारकर हत्या करने के आरोपी पति पारा शिक्षक रामविलास उरांव को घाघरा पुलिस ने न्यायिक हिरासत में गुमला भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया कि विगत 14 मार्च को दिन के 1:30 बजे पति-पत्नी में मामलू विवाद हुआ था ।इस क्रम में पति ने नशे की हालत में अपनी पत्नी सूरजमुनि देवी को टांगी में लगे लकड़ी के बेत से सर पर और शरीर के कई जगह पर वार कर घायल कर दिया था। वही हत्या के आरोपी पति पारा शिक्षक रामविलास उरांव को गिरफ्तार कर आज न्यायिक हिरासत में गुमला भेज दिया गया।

## हड्डी रोग विशेषज्ञ 22 को गुमला में

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड एवं रांची के हड्डी, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क रोग व नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार, न्यूरो सर्जन आगामी 22 मार्च को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

# डीसी ने चैनपुर के पकनी गांव का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी सोमवार को चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बामदा पंचायत के पकनी गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां के ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना।



इस गांव में कोरबा और बिरहोर जनजाति के लगभग 20 परिवार निवास करते हैं। यहां के ग्रामीण खेती बाड़ी कर अपना जीवन यापन करते हैं। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से बिजली, पानी एवं सड़क निर्माण की समस्या को उपायुक्त के समक्ष रखा। ग्रामीणों का कहना था कि इस गांव में कुछ वर्ष पूर्व जलमीनार का निर्माण किया गया था, जो कि वर्तमान में खराब पड़ा है। जिससे कि ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभाग को यथाशीघ्र जलमीनार ठीक कराने का निर्देश दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व सोलर एनर्जी से गांव को बिजली से जोड़ा गया था। लेकिन बिजली गरजने से सोलर एनर्जी खराब हो गया। जिसकी वजह से गांव में बिजली नहीं है। इस संबंध में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र ही सोलर प्लांट ठीक कराने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने वन पट्टा की स्थिति की समीक्षा की और आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से भी बातचीत की। उन्होंने गांव में निवासियों द्वारा किए जा रहे कृषि और अन्य जीविकोपार्जन हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं इन्हें और सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। साथ हीं उन्होंने वहां उपस्थित महिलाओं को स्वयं सहायता समूह से जुड़कर रोजगार करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि रोजगार करने हेतु सरकार द्वारा चलायी जा रही ऋण योजनाओं का लाभ लें और सशक्त बनें एवं अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी इससे जोड़ें। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को वन धन विकास केंद्र के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने रोजगार हेतु बाहर गये लोगों को ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कहा।

स्पोर्ट्स



लेंडल सिमंस ने 41 गेंदों में 57 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली और टीम को 150 के करीब पहुंचाया

# भारत ने वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रायपुर में रविवार रात खेले गये इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन संस्करण के फाइनल में भारत ने वेस्टइंडीज को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारत के लिए अंबाती रायुडू ने 50 गेंदों में 74 रनों की शानदार पारी खेली और टीम को 149 रनों के लक्ष्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभायी। उन्हें पहले सचिन तेंदुलकर और फिर गुरकीरत सिंह मान व युवराज सिंह का साथ मिला। रायुडू ने पूरे मैदान में




बेहतरीन शॉट लगाये, जबकि तेंदुलकर ने स्ट्राइक रोटेट करते हुए एक शानदार अपर कट खेलकर छक्का जमाया। हालांकि, उनकी पारी ज्यादा लंबी नहीं चली और टीनो बेस्ट ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। इसके बाद, रायुडू और गुरकीरत ने पारी को आगे बढ़ाया। हालांकि, भारत ने जल्दी-जल्दी तीन विकेट गंवाए, लेकिन युवराज सिंह और स्टुअर्ट बिन्नी ने 18वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले, वेस्टइंडीज के लिए ड्वेन स्मिथ ने 35 गेंदों में 45 रनों की तेजतर्रार पारी खेली।


झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।
अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –44/2024–25
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 24.03.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 25.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 25.03.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान:– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair & Renovation of toilet and bath room, improvement of W/S and sanitary fitting s & sewerage work at Ground floor Short Lobby Boy's Hostel No -3, RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1819343.00 | 37000.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 2. | Seepage repair & Renovation of General toilet and bath room (Right Side), improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work D -2 Block at 3rd floor Neuro Surgeon Department RIMS Bariyatu Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. | 1358327.00 | 28000.00 | 2500.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR 348585 Drinking Water and Sanitation(24-25)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया
अति अल्पकालीन निविदा
आमंत्रण सूचना संख्या–16/JMT/2024-25 Date 17.03.2025

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक – 25.03.2025 अपराह्न 4:00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक – 26.03.2025 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक – 26.03.2025 अपराह्न 4.00 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल झुमरीतिलैया।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District **Koderma** in different Block Dt. 01.04.2025 to 31.0 8.2025 Under Drinking Water and Sanitation Division Jhumritelaiya<br>**RM to DT- Block Chandwara**<br>(a) Major repair – 272 Nos **Rs 930 Each**<br>(b) Minor Repair- 182 Nos **-Rs 465 Each** | 454 Nos | GR- No.-1/Chandwara | 4,02,340/- | 8100/- | 750/- | 5 Month |
| 2 | **RM to DT- Block - Jainagar**<br>(a) Major Repair – 328 – Rs 930 Each<br>(b) Minor Repair – 218 – Rs 465 Each | 546 Nos | GR- No.-2/ Jainagar | 4,84,360/- | 9700/- | 750/- | 5 Month |
| 3 | **RM to DT- Block - Markacho**<br>(c) Major Repair – 311 – Rs 930 Each<br>(d) Minor Repair – 207 – Rs 465 Each | 518 Nos | GR- No.-3/ Markacho | 4,59,421/- | 9200/- | 750/- | 5 Month |
| 4 | **RM to DT- Block - Koderma**<br>(a) Major Repair – 304 – Rs 930 Each<br>(b) Minor Repair – 202 – Rs 465 Each | 506 Nos | GR- No.-4/ Koderma | 4,48,891/- | 9000/- | 750/- | 5 Month |
| 5 | **RM to DT- Block - Domchanch**<br>(a) Major Repair – 325 – Rs 930 Each<br>(b) Minor Repair – 217 – Rs 465 Each | 542 Nos | GR- No.-5/ Domchanch | 4,80,480/- | 9700/- | 750/- | 5 Month |
| 6 | **RM to DT- Block - Satgawan**<br>(a) Major Repair – 275 – Rs 930 Each<br>(b) Minor Repair – 196 – Rs 465 Each | 471 Nos | RM/ DT/ GR- No.-6/ Satgawan | 4,13,424/- | 8300/- | 750/- | 5 Month |

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा,)
कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया।

PR 348595 Drinking Water and Sanitation(24-25)D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 18 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कीमोथेरेपी सह डे केयर यूनिट शुरू

## राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) में सोमवार को कैंसर मरीजों के लिए छह बेड वाले कीमोथेरेपी सह डे केयर यूनिट शुरू किया गया। पीजी ब्लॉक स्थित रेडियोथेरेपी विभाग में स्थापित इस यूनिट का राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। यह राज्य के किसी भी सरकारी अस्पताल में पहली ऐसी सुविधा है, जिससे कैंसर मरीजों को लाभ मिलेगा। इस डे केयर यूनिट में उन मरीजों को भर्ती किया जाएगा, जिन्हें कीमोथेरेपी की आवश्यकता होती है। इसके अलावा हीमोफीलिया और थैलेसीमिया के मरीजों को भी यहां इलाज मिलेगा। मरीज यहां भर्ती होकर दिनभर अपना इलाज करवा सकेंगें और शाम को अपने घर लौट सकेंगें। अस्पताल के अधीक्षक डॉ डीके गिंदोरिया ने पत्रकारों को बताया कि डे केयर यूनिट शुरू कर दिया गया है। इसके लिए कर्मचारियों की भी व्यवस्था की जा गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल यह यूनिट छह बेड का है। पर आने वाले दिनों में इसे 10 बेड तक विस्तार किया जाएगा। कहा कि इस यूनिट की स्थापना डीएमसीएच के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे कैंसर के मरीजों को राहत मिलेगी। कहा कि भविष्य में अस्पताल में चिकित्सवा सुविधाओं का और विस्तार किया जाएगा। बतातें चलें कि 700 बेड वाले मेडिकल अस्पताल में डे केयर की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। जिस कारण यहां हीमोफीलिया के मरीजों को भर्ती कर इलाज करने में परेशानी होती है, क्योंकि इंजेक्शन लगने के बाद उन्हें दो-चार घंटे रखना होता है। इसी तरह थैलेसीमिया के मरीजों को उतनी ही देर भर्ती करना होता है, जितनी देर उन्हें खून चढ़ता है। अब डे केयर यूनिट शुरू हो जाने से मरीजों को इस तरह की परेशानी से छुटकारा मिलेगा। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ एसके चौरसिया, बायोकेमेस्ट्री के विभागाध्यक्ष डॉ एसके वर्मा, शिशु रोग विभागाध्यक्ष अविनाश कुमार आदि मौजूद रहे।


डीएमसीएच में बना छह बेड वाले कीमोथेरेपी सह डे केयर यूनिट।

# झपकी आते ही पानी टैंकर से भिड़ा ट्रेलर, एक की मौत, दो अन्य घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जोड़ापीपल स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर सोमवार को एक ट्रेलर और पानी टैंकर के बीच हुई भीषण टक्कर में एक की मौत हो गयी। उसकी पहचान सुभाष साव के रूप में हुई है। वह एसथ्रीजी इंफ्रा कंपनी में कार्यरत था। जबकि इसी हादसे में टैंकर चालक दीपक कुमार और ट्रेलर चालक बिनोद यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों को धनबाद के एसएनएमएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस बाबत बरवाअड्डा थाना के एसआई विनोद राम ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीनों को धनबाद के एसएनएमएमसीएच लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुभाष को मृत घोषित कर दिया। जबकि दीपक और बिनोद की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, मृतक के परिजन ने बताया कि सुभाष पिछले तीन सालों से एस थ्रीजी इंफ्रा कंपनी में कार्यरत था और एनएच 19 में लगे पौधों में पानी देने का काम करता था। वारदात वाले समय में भी वह दीपक कुमार के साथ जोड़ापीपल के समीप पौधों में पानी दे रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रेलर ने टैंकर में टक्कर मार दिया, जिससे सुभाष की मौके पर ही मौत हो गयी। दूसरी ओर, ट्रेलर चालक बिनोद यादव ने बताया कि वह गुजरात से रेलवे का सामान लेकर चितरंजन जा रहा था। अचानक आंख लग गयी, जिससे यह दुर्घटना घटी।

# संपत्ति विवाद को लेकर व्यक्ति ने की खुदकुशी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सदर थाना अंतर्गत बरटांड के सीपी सिंह इंक्लेव में स्थित अपने फ्लैट में एक व्यक्ति ने खुदखुशी कर ली। सोमवार को घर के कमरे से पुलिस ने उसका शव फंदे से झूलता बरामद किया। मृतक की पहचान राजीव सिंह के रूप में हुई है। धनबाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सीएनएमएमसीएच भेजने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक परिवार में संपत्ति विवाद को लेकर राजीव सिंह तनाव में चल रहे थें। पिछले एक साल से राजीव सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत थे। इससे पहले विगत 25 सालों तक दवा कंपनी में कार्य कर चुके थे। राजीव सिंह अपनी मां के साथ सीपी सिंह इंक्लेव में रहते थे। मृतक की मां सावित्री सिंह ने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण उनका पुत्र तनाव में था। उनका बिनोद नगर में भी आवास है जहां पत्नी और उसके बच्चे रहते हैं। उधर, घटना की सूचना पाकर भाजपा नेता मनोज मालाकार मृतक के आवास पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजीव सिंह उनके मित्र थे।



# हम जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्धः मंत्री योगेंद्र प्रसाद

**मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मिलकर जन समस्याओं से अवगत कराया**

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से मुरुबंदा स्थित आवास पर जाकर साडम पश्चिमी पंचायत के पंसस विष्णु लाल सिंह ने सोमवार को मुलाकात की और उन्हें जनसमस्याओं से अवगत कराया। पंसस ने अपने पंचायत क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। इस पर मंत्री जी ने समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद संबंधित विभागों के अधिकारियों को जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश दिया। कहा कि हम जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। उनकी परेशानियों का त्वरित समाधान किया जाएगा। हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि किसी भी नागरिक को असुविधा ना हो।



# अवैध कोल बाइकर्स गैंग का तांडव, तीन घायल

**महुदा (आजाद सिपाही)।** अवैध कोल बाइकर्स गैंग ने मधुबन थाना क्षेत्र के खरखरी रेलवे पुल पर सोमवार को जमकर उपद्रव मचाया। इससे एक बाइक में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक इस दिन सुबह नवागढ़ निवासी विमल लाला की पुत्री खुशी कुमारी और उसकी एक सहेली बबली कुमार बाइक से अपने एक रिश्तेदार के साथ कतरास ट्यूशन जा रही थी। जैसे ही वे लोग खरखरी रेलवे पुल के पास पहुंचे तभी एक युवक फुलारीटांड की ओर से बाइक पर कोयला लाद कर तेज रफ़्तार में जाने के क्रम में उनकी बाइक को टक्कर मार दिया। इस घटना में खुशी, बबली और संतोष श्रीवास्तव बुरी तरह घायल हो गया। इसमें खुशी को ज्यादा चोट आई है। उसका एक पैर और हाथ टूट गया है। आनन-फानन में तीनों को स्थानीय लोगों ने कतरास के एक निजी अस्पताल भेजा, जहां उनका इलाज चल रहा है। दूसरी ओर, घटना से आक्रोशित लोगों ने बाइक सवार युवक अजय यादव को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस उसे गिरफ्तार कर अपने साथ थाना ले गई। हालांकि इसी बीच आक्रोशित भीड़ में से किसी ने घटनास्थल पर प्रयुक्त बाइक को आग के हवाले कर दिया। साथ ही नवागढ़-महुदा मोड रोड को जाम कर मुआवजे की मांग करने लगे। इसकी सूचना मिलते ही मधुबन थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंच गये और उपस्थित लोगों को समझाने की कोशिश की। लेकिन लोगों को बढ़ते आक्रोश को देखते उन्होंने सोनारडीह, धमार्बांध, खरखरी, महुदा थाना सहित अन्य थानों की पुलिस को बुला लिया। देखते ही देखते पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। इस बिच बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने गायलों के उपचार के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। वहीं, मधुबन थाना प्रभारी ने तत्काल अपनी ओर से 20 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग घायलों के परिजनों को दिया। साथ ही अवैध कोयला कारोबार को बंद करने की दिशा में कदम उठाने का आश्वासन भी दिया। तब जाककर चार घंटे के बाद सड़क जाम हटा और यातायात सुचारू हो पाया। दूसरी ओर, विधायक शत्रुघ्न महतो ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि सरकार और प्रशासन की लापरवाही की वजह से कोयला तस्करों का हौसला बढ़ा हुआ है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जल्द ही अवैध कोयला कारोबार पर लगाम नहीं लगाई गई, तो हालात और भी बेकाबू हो सकते हैं। चेतावनी दी कि अगर अवैध कोयला कारोबार पर रोक नहीं लगा तो रोड से लेकर सदन तक मुद्दे को उठाएंगे।




# दिव्य अखंड ज्योति कलश यात्रा में शामिल हुई झरिया विधायक

**बस्ताकोला/धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया के बस्ताकोला मंडल स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ एवं दिव्य अखंड ज्योति कलश रथ यात्रा में विधायक रागिनी सिंह भी शामिल हुई। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि कलश रथ यात्रा में सहभागी होकर खुद को धन्य महसूस कर रही हूं। यह आयोजन ना केवल आध्यात्मिक का प्रतीक है, बल्कि समाज में नैतिक जागरूकता लाने का भी एक सशक्त माध्यम है। यह यज्ञ सभी को शांति, शक्ति और सद्बुद्धि प्रदान करे। वहीं, कलश यात्रा में सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, उनकी पत्नी जया सिंह सहित सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया।



# फर्नीचर की दुकान में लगी आग



**झरिया (आजाद सिपाही)।** पाथरडीह थाना अंतर्गत केके गेट स्थित परी फर्नीचर नामक लकड़ी की एक दुकान में सोमवार की सुबह 10 बजे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी भयानक थी की दूर-दूर तक लपटें और धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग और नजदीकी थाने को दी। खबर पाते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने करीब 40 मिनट बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पर हजारों रुपये के सामान जल गये। आग से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। दुकानदार सोमनाथ गुप्ता ने आशंका जताई है कि शॉर्ट शर्किट से आग लगी हो सकती है।

# महिलाओं ने कोलियरी कर्मियों को बंधक बनाकर किया प्रदर्शन

**महुदा (आजाद सिपाही)।** बिजली संकट से जूझ रही मुरलीडीह और महुदा बस्ती की महिलाएं सोमवार को सड़क पर उतर गयी। तीन महीने से अंधेरे में डूबे इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण महिलाएं कोलियरी परिसर में प्रदर्शन करने लगीं। आक्रोशित महिलाओं ने कोलियरी के फोरमैन पीएन तिवारी, कर्मी कृष्णा रजक और उदय सिंह को बंधक बना लिया और व्यवस्था सुधारने की मांग की। उनका कहना था कि मुरलीडीह कोलियरी का ट्रांसफार्मर तीन महीने से जला हुआ है। वार्ड सदस्य बेबी देवी ने कहा कि इलाके में केवल चार घंटे बिजली मिल रही है, जिससे गर्मी में लोग परेशान हैं। महिलाओं ने चेताते हुए कहा कि जल्द समाधान नहीं मिला, तो वे उग्र आंदोलन करेंगी। उधर, प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने बिजली की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ।

# 25 साल बाद कलाकारों का समागमः अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स में समन्वय प्रदर्शनी आयोजित



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** समय बदलता है, जिंदगी नई राहों पर चल पड़ती है, लेकिन दोस्ती और कला की जड़ें हमेशा गहरी बनी रहती हैं। इसी भावनात्मक जुड़ाव और कला के प्रति समर्पण को दर्शाने के लिए गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट के 1999 बैच के पूर्व छात्रों ने समन्वय नामक एक विशेष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया। 10 से 17 मार्च तक आयोजित होने वाली इस प्रदर्शनी में 70 पूर्व छात्रों में से 30 कलाकारों की पेंटिंग और मूर्तियां प्रदर्शित की गईं। कलाकारों ने कला की विभिन्न विद्याओं जैसे जल रंग, ऐक्रेलिक, मिश्रित मीडिया, चारकोल, सिरेमिक पेंटिंग, कांस्य और एल्युमिनियम की मूर्तियों में अपना हुनर दिखाया। उक्त जानकारी कलाकार सुब्रत कुंडू ने दी। इसके अलावा इस कला संगम में तीन दिवंगत कलाकारों अरिंदम सरकार, विवेकनाथ पंडित और सोमा बसु को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। कलाकार राजेश चक्रवर्ती द्वारा बनाई गई इन तीनों की डिजिटल पेंटिंग प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रही। इस प्रदर्शनी में कला जगत के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए और इस पहल की सराहना की। इसके अलावा, कॉलेज के पूर्व प्रोफेसरों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने इन कलाकारों को मार्गदर्शन दिया था। प्रदर्शनी में रूपा पाल, साहित्य मंडल, राजेश दत्त, पार्थ दास, पलाश दास, अर्नव चटर्जी, अमित चटर्जी, अंजन साहू, असीम पाल, वासुदेव पाल सहित कुल 30 कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## भाकपा माले का एग्यारकुंड प्रखंड स्तरीय सम्मेलन आयोजित

# जबतक हम सब एकजुट नहीं होंगे, विपक्ष इसका लाभ उठाते रहेंगे : अरुप चटर्जी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुण्डा।** निरसा के मुगमा स्थित डाक बंगला में सोमवार को भाकपा माले की ओर से एग्यारकुंड प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसकी शुरूआत पार्टी का झंडात्तोलन एवं शहीद बेदी पर पुष्प अर्पित कर किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से आये कार्यकर्ता, प्रतिनिधि एवं पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखें। ज्यादातर वक्ताओं ने निरसा विधानसभा क्षेत्र में अस्पताल और उद्योग के मामले को उठाया। सभी ने इसके लिए एक रणनीति तैयार करने की बात कही। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित निरसा विधायक अरुप चटर्जी ने कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य सभी को एकजुट करना है। कहा कि जिस तरह से विपक्षी धीरे-धीरे अपना पैर जमा रही है। उसको विफल करने का एक ही मंत्र है एकजुट रहना। जबतक हमसब एकजुट नहीं होंगे विपक्षी इसका लाभ हमेशा उठाते रहेंगे। हम सभी को बूथ स्तर की कमेटी गठन करनी होगी। इस दौरान विधायक से कई महिलाओं का मंईयां सम्मान योजना की राशि को रोक रखे जाने संबंधी सवार पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जो भी लाभूक सारे मापदंड को पूरा करती है। उसको मंईयां सम्मान योजना का लाभ अवश्य मिलेगा। फिलहाल निरसा में सामुदायिक स्वास्थ केंद्र है। उसे पांडरा स्थित रेफरल अस्पताल में स्थानांतरित किया जाएगा। साथ ही निरसा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को ट्रॉमा सेंटर के रूप में तब्दील किया जाएगा। इसके अलावा चिरकुंडा स्वास्थ्य केंद्र को भी जल्द अपग्रेट किया जाएगा। इस मौके पर उपेंद्र सिंह, बादल बाउरी, अगम राम, हरेंद्र सिंह, मनोरंजन मलिक, रामजी यादव, रोशन मिश्रा, नागेंद्र कुमार, अभय प्रसाद सिंह, मनोज राउत, मुन्ना यादव, विश्वनाथ बाउरी, लालू ओझा, राजेंद्र यादव, सुभाष दास, विजेंद्र सिंह, आशानन्द सिंह, अंजू चटर्जी, इंदु देवी, आशा देवी, शिवानी देवी, जमुना रविदास, जानू बाउरी, संतू चटर्जी, गोपाल दास और जगदीश शर्मा आदि उपस्थित थे।





**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND**
**(DISTRICT DEVELOPMENT SECTION)**

Memo No-VI-DMFT-42/2024/139 Dated-12/03/2025

**CORRIGENDUM NOTICE**

In reference to RFP No. 2/2024-25 Dated 25.02.2025, published vide PR No- 347282 Dated 27.02.2025, the corrigendum notice is hereby released with modified terms and conditions as per following details:

| Section/ Page No. | Content of RFP | Change |
|---|---|---|
| Section -6 (Eligibility Criteria) (Point No. 2) (Page No. 6) | The applicant should have a minimum average annual turnover from Development consultancy/ Development Advisory of Rs. 5 Crores from Indian operations over the last three FYs (FY 21-22, 22-23, 23-24) | The applicant should have a minimum average annual turnover from **consultancy/ Advisory services** of Rs. 5 Crores from Indian operations over the last three FYs (FY 21-22, 22-23, 23-24) |
| Section -6 (Eligibility Criteria) (Point No. 4) (Page No. 7) | The Applicant should be able to demonstrate 3 years of experience working in conceptualising, implementing and monitoring projects in **Agriculture/Irrigation/SkillDevelopment/Health/Infra structure Development/Education/Women and Child Welfare/Environment pr eservation and pollution control measures** | The Applicant should be able to demonstrate 3 years of experience working in **conceptualising/ implementing/ monitoring projects** in Agriculture/Irrigation/Skill Development/**Rural Development**/Health/Infrastructure Development/Education/Women and Child Welfare/Environment preservation and pollution control measures |
| Section -6 (Eligibility Criteria) (Point No. 7) (Page No. 7) | Possessing a valid ISO 9001:2015& ISO 45001:2018 Certificates | Possessing a valid **ISO 9001:2015/ISO 14001:2015/ ISO 27001:2013** Certificates |
| Section- 9 Technical Evaluation Criteria (Point A (a)) (Page No. 23) | The Applicant shall have experience of working on development projects in India in following sectors.<br>• **Health and Nutrition**- Maximum 6 Marks (0.5 marks for Each Work Order/ Completion Certificate)<br>• **Education** - Maximum 6 Marks (0.5 marks for Each Work Order/ Completion Certificate)<br>• **Agriculture & Livelihood**- Maximum 6 Marks (0.5 marks for Each Work Order/ Completion Certificate)<br>• **Energy/ Environment/Pollution Control Measures/ Infrastructure**- Maximum 6 Marks (0.5 marks for Each Work Order/ Completion Certificate)<br>• **Professional Development Course/Training/ Skill Development/ Capacity Building** - Maximum 3 Marks (1 marks for Each Work Order/ Completion Certificate)<br>• **Documentary Making and Web/IT** - Maximum 3 Marks (1 marks for Each Work Order/ Completion Certificate)<br>Note: Only government work orders with completion certificate to be considered for experience. | The Applicant shall have experience in **Health and Nutrition/ Education/ Agriculture& Livelihood/ Energy/Rural Development/ Environment/Pollution Control Measures/ Infrastructure/ Professional Development Course/Training/ Skill Development/ Capacity Building/** -related projects to the Government of India or State Governments/District Administration.<br>• 3 marks for each project undertaken with a maximum of 30 marks. |
| Section- 9 Technical Evaluation Criteria (Point A (b)) (Page No. 23) | The Applicant shall have experience in providing consultancy services for full-time PMU or other government programs engaging human resources.<br>• For every project undertaken 2.5 marks for each project with a maximum of 10 marks. | The Applicant shall have experience in providing consultancy services for full-time PMU or other government programs engaging human resources.<br>• For every project undertaken **5 marks** for each project with a maximum of 10 marks. |
| Section 7. Instruction To The Applicants & General Conditions of Contract Point No. –VII Page no.- 8 | The demand draft of RFP document fees should be submitted along with the Proposal. Proposals received without or with inadequate RFP Document fees shall be rejected. | Deleted |

PR 348568 Rural Development (24-25)_D

DDC-Cum-Member Secretary
DMFT Chatra

## विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिग ने की घोषणा

# ओड़िशा में जल्द नियुक्त होंगे 5822 डॉक्टर

- लोगों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं
- ओपीएससी को दिया गया प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश
- राज्य में डॉक्टरों के 6760 पद हैं खाली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में पांच हजार से अधिक डॉक्टरों की नियुक्ति जल्द की जायेगी। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिक ने सोमवार को यह घोषणा की। एक सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सकों के रिक्त पदों को जल्द भरा जायेगा। राज्य सरकार ने ओपीएससी को डॉक्टरों के 5822 पदों को भरने का निर्देश दिया है। राज्य में डाक्टरों के 19,984 स्वीकृत पद हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में डॉक्टरों के 19,984 स्वीकृत पदों में से 6,760 पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने ओड़िशा लोक सेवा आयोग को डॉक्टरों के 5,822 पदों को भरने का निर्देश दिया है। राज्य में 12 मेडिकल कॉलेज, दो डेंटल कॉलेज, छह निजी मेडिकल कॉलेज, एक एम्स और दो पीजी शिक्षण संस्थान हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिन जिलों में मेडिकल कॉलेज नहीं है, वहां चरणबद्ध तरीके से मेडिकल कॉलेज खोलने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है। स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिग ने ब्रह्मगिरी की विधायक उपासना महापात्र के एक लिखित सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।

## 'पे एंड विन' योजना के तहत 342 बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा पुरस्कार



**बुरला (आजाद सिपाही)।** फरवरी 2025 महीने के लिए 'पे एंड विन' योजना के तहत विजेताओं की घोषणा करने के लिए, पश्चिमी ओड़िशा में बिजली वितरण कंपनी, टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) ने अपने वाणिज्यिक विभाग के प्रधान कार्यालय, संबलपुर में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। टीपीडब्ल्यूओडीएल के सीइओ परवीन वर्मा ने घोषणा की है कि मार्च महीने के लिए विजेताओं की संख्या दोगुनी कर दी जायेगी। फरवरी महीने के लिए, पश्चिमी ओड़िशा भर से 5,50,585 उपभोक्ता इस योजना के तहत पात्र थे। जिनमें से 57 उप-मंडलों से स्वचालित कंप्यूटर जनित लकी-ड्रा के माध्यम से 171 उपभोक्ताओं को विजेता के रूप में चुना गया। उपरोक्त संख्या में से, बलांगीर विद्युत सर्कल से 88,126 उपभोक्ता, बरगढ़ से 34,235, कालाहांडी से 1,09,302, राउरकेला से 1,89,971 और संबलपुर विद्युत सर्कल से 1,28,951 उपभोक्ता इस योजना के तहत पात्र हैं। फिर, उन पात्र उपभोक्ताओं में से, बलांगीर सर्कल से 33 विजेता, बरगढ़ से 27 विजेता, कालाहांडी से 30 विजेता, राउरकेला से 39 विजेता और संबलपुर सर्कल से 42 विजेताओं को मीडिया कर्मियों की उपस्थिति में स्वचालित कंप्यूटर जनित लकी-ड्रा के माध्यम से चुना गया। 'पे एंड विन' योजना के तहत उपभोक्ताओं को पहले पुरस्कार के रूप में एक स्मार्ट फोन, दूसरे पुरस्कार के रूप में सारेगामा कर्मा और तीसरे पुरस्कार के रूप में एक सौर लैंप से सम्मानित किया जाता है।

## अंगुल में मिला लापता बच्ची का खून से लथपथ शव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के अंगुल जिले में एक पांच साल की बच्ची का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बच्ची का शव उसके घर से कुछ ही दूरी पर खून से लथपथ मिला। पुलिस को संदेह है कि उसके साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या की गइयी। बच्ची गुरुवार दोपहर को अपने घर से लापता हो गयी थी और उसके परिवार ने शुक्रवार को पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी। बच्ची का शव औद्योगिक पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में उसके गांव में मिला। एक अधिकारी ने बताया कि राहगीरों ने बच्ची का खून से लथपथ शव उसके घर से करीब एक सौ मीटर दूर एक महुआ के पेड़ के पास पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि बच्ची का यौन उत्पीड़न किया गया और उसकी हत्या कर दी गयी। पुलिस ने घटना के सिलसिले में 40 साल के एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शव को मेडिकल जांच के लिए अंगुल जिला मुख्यालय अस्पताल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि कटक के बाल रोग विशेषज्ञों की एक टीम भी इस बात की गहन जांच कर रही है कि बच्ची के साथ बलात्कार हुआ था या नहीं।














































# पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ देवेंद्र प्रधान का निधन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ देवेंद्र प्रधान का निधन हो गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के पिता डॉ देवेंद्र प्रधान का सोमवार सुबह 10:30 बजे 83 साल की उम्र में दिल्ली के एम्स में उनका निधन हो गया। वह वाजपेयी सरकार में परिवहन मंत्री थे। वह 1988 से 1993 तक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रहे। वह 1993 से 1995 तक राज्य भाजपा के साधारण संपादक रहे। पुरनाबर 1995 से 1997 तक बीजेपी अध्यक्ष रहे।

## प्रधानमंत्री ने शोक व्यक्त किया



**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ देबेंद्र प्रधान के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मोदी ने कहा कि सांसद और मंत्री के रूप में डॉ देबेंद्र प्रधान का योगदान गरीबी उंमूलन और सामाजिक सशक्तिकरण पर जोर देने के लिए उल्लेखनीय है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि डॉ देबेंद्र प्रधान ने एक मेहनती और विनम्र नेता के रूप में अपनी पहचान बनायी। उन्होंने ओड़िशा में भाजपा को मजबूत करने के लिए काफी प्रयास किये। सांसद और मंत्री के रूप में उनका योगदान गरीबी उंमूलन और सामाजिक सशक्तिकरण पर जोर देने के लिए भी उल्लेखनीय है। मैं उनके अंतिम दर्शन करने गया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## मुख्यमंत्री ने रथ को श्रद्धांजलि दी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध कवि रमाकांत रथ का अंतिम संस्कार पूरी राष्ट्रीय मयार्दा के साथ पुरी स्वर्गद्वार में किया गया। रमाकांत को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके निधन से पूरे ओड़िशा में शोक छा गया। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने खारबेल नगर स्थित आवास पर प्रसिद्ध कवि रमाकांत रथ को अंतिम श्रद्धांजलि दी।

## राज्य ने लोकप्रिय राजनेता को खोया : पूर्व मुख्यमंत्री



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र प्रधान के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पटनायक ने कहा कि स्वर्गीय डॉ प्रधान को उनके असाधारण संगठनात्मक कौशल और मिलनसार व्यक्तित्व के लिए याद किया जायेगा।

## जिंदल ने 54वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश्वर मार्डी, सहायक निदेशक, फैक्ट्री और बॉयलर निदेशालय, जाजपुर रोड डिवीजन थे। इसके अतिरिक्त, जिंदल स्टेनलेस के यूनिट हेड दीपक अग्रवाल, एचआर और आइआर हेड राकेश पाठक, फायर एंड सेफ्टी हेड मनोज कुमार बल और अन्य विभाग प्रमुखों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में 3,000 से अधिक कर्मचारी और श्रमिक उपस्थित हुए। समारोह की मुख्य आकर्षण विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित रंगीन सुरक्षा रैलियां थीं। कर्मचारियों ने एक प्रभावशाली नाटक जीरो एक्सीडेंट्स प्रस्तुत किया, जो इस वर्ष के थीम सुरक्षा और स्वास्थ्य एक विकसित भारत के लिए आवश्यक को सुदृढ़ करता है। गणेश्वर मार्डी ने जिंदल स्टेनलेस की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की, इसके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों और पिछले वर्ष के जीरो एक्सीडेंट्स की उपलब्धि को उजागर करते हुए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील की। जिंदल स्टेनलेस के यूनिट हेड दीपक अग्रवाल ने कंपनी की कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि सुरक्षा सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं बल्कि जिंदल स्टेनलेस में एक मौलिक मूल्य है। कार्यक्रम का समापन कर्मचारियों और विभागों को सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित करके हुआ, जिससे जिंदल स्टेनलेस की कार्यस्थल सुरक्षा मानकों को बनाये रखने और बढ़ाने की ठानी गयी।

## छात्रों को हर अवसर पर ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए: डॉ जस्टिस सारंगी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** सीखना एक सतत प्रक्रिया है और छात्रों को हर अवसर पर ज्ञान प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के सदस्य डॉ जस्टिस बिद्युत रंजन सारंगी ने सोमवार को कहां। कानून की पढ़ाई करने वाले छात्रों को यह जानने की जरूरत है कि यह एक जटिल पेशा है और उन्हें इस कठिन यात्रा के लिए पर्याप्त धैर्य रखना चाहिए, डॉ जस्टिस सारंगी ने शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय (एसओए) के विधि संकाय, एसओए राष्ट्रीय विधि संस्थान (एसएनआइएल) के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा। झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और उड़िशा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश डॉ जस्टिस सारंगी, एसएनआइएल के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। डॉ जस्टिस सारंगी ने संस्थान को बधाई भी दी क्योंकि इसके पांच छात्र 2023 ओड़िशा न्यायिक सेवा परीक्षा में सफल हुए थे, जिसके परिणाम हाल ही में प्रकाशित हुए थे। एसओए के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंदा, जिन्होंने समारोह की अध्यक्षता की, ने कहा कि यदि छात्रों में अपने पेशे के प्रति प्रतिबद्धता है तो वे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम को एसएनआइएल के डीन प्रो एसएके आजाद और डीन (छात्र कल्याण) प्रो ज्योति रंजन दास ने भी संबोधित किया। सहायक प्रोफेसर आकाश त्रिखा ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। एसओए के प्रो-वाइस चांसलर और रजिस्ट्रार प्रो बिभूति भूषण प्रधान, कृषि विज्ञान संस्थान के डीन प्रो संतोष कुमार राउत, पशु चिकित्सा विज्ञान संस्थान के डीन प्रो सुशांत कुमार दास, होटल प्रबंधन स्कूल के डीन प्रो सुशांत रंजन चैनी, एसओए के निदेशक, अंतरराष्ट्रीय संबंध, महेंद्र प्रसाद, संकाय सदस्य, एसओए के वरिष्ठ अधिकारी और छात्र उपस्थित थे।

## राज्य के 2603 गांवों में मोबाइल सेवा नहीं, मंत्री ने विस में दी जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्य के 2603 गांवों में मोबाइल सेवा नहीं है। प्रदेश के ढाई हजार से अधिक गांवों के ग्रामीण मोबाइल सेवाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और आइटी मंत्री मुकेश महालिंग ने विधानसभा में लिखित जवाब दिया है।

विधानसभा में बीजू जनता दल के विधायक रमेश चंद्र बेहेरा ने पूछा कि राज्य के किन ब्लॉकों की पंचायतें अभी भी मोबाइल और टेलीफोन सेवाओं से वंचित हैं। इसके अलावा, उस क्षेत्र में मोबाइल टेलीफोन सेवा प्रदान करने की सरकार की क्या योजना है। इसका जवाब देते हुए मंत्री मुकेश महालिंग ने कहा कि राज्य के 51 हजार 176 गांवों में से 2603 गांवों में मोबाइल सेवा उपलब्ध नहीं है। हालांकि, इन सभी गांवों में मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए लगभग 4210 मोबाइल टावर स्थापित करने का प्रस्ताव है। इनमें से 2572 टावर चालू हो चुके हैं। मंत्री मुकेश महालिंग ने बताया कि अन्य सभी टावरों को जून 2025 तक चालू करने का लक्ष्य रखा गया ह।

## बौध माधपुर रेंज में बाघ का आतंक




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बौध माधापुर रेंज में बाघ का खतरा। बाघ कैमरे में कैद हो गया। तालाब खोदते समय बाघ बाहर आया। बाघ को माधपुर रेंज बारिंग बिट जग्गा तैला के पास घूमते हुए देखा गया। कुछ महीने पहले एक व्यक्ति ने बाघ को देखा और उसकी तस्वीर ले ली। ये फोटो कल वायरल हो गयी। बारिंग गांव के लोग दहशत में हैं, क्योंकि बाघ गांव के पास घूम रहा है। बारिंग के ग्रामीण बाघ की तस्वीर देखकर डरे हुए है। उन्होंने वन विभाग से बाघों को पकड़ने और उनकी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने का अनुरोध किया। कुछ महीने पहले गंजाम जिले में बाघ का आतंक देखा गया था।


## श्रीमंदिर में कैमरे से वीडियो लेता युवक गिरफ्तार



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** श्रीमंदिर में एक युवक श्रीमंदिर का सुरक्षा घेरा तोड़कर श्रीमंदिर के अंदर खुफिया कैमेरा से वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था। श्रीमंदिर पर तैनात पुलिस ने युवक को पकड़ कर सिंह द्वार पुलिस को सौंप दिया। युवक की पहचान हुगली निवासी भास्कर सामंत (26) के रूप में हुई है। उस पर जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले कृत्य करने के लिए बीएनएस धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। भास्कर के मेमोरी कार्ड की जांच करने पर पुलिस को पता चला कि उस पर श्रीमंदिर के अंदरूनी हिस्से के वीडियो स्टोर थे। 19 जनवरी को सोशल मीडिया पर श्रीमंदिर की गर्भ गृह के भीतर का वीडियो वायरल हुआ था। इन घटनाओं में पुलिस ने मामला का जांच शुरू की। अब एक ओर वीडियो ने श्रीमंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े कर दिये हैं। इस घटना को लेकर जिला सुरक्षा अधीक्षक बिनीत अग्रवाल ने कहा कि वीडियो लेने वाले वास्कर के खिलाफ सिंह द्वार पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।









आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**